# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 26 सितंबर 2023 । वर्ष –67 । अंक –319 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ मोदी की चुप्पी, मोदी... ■ रोजगार घटने के... 04
■ रूस की नई पीढ़ी को भी युद्ध की आग में... ■ पाक ने बलोच महिला को मरवा डाला और... 09
■ 50 लाख से कम के होम लोन पर 9 लाख... ■ चीनी कीमतों में उछाल से बड़ी शुगर्स कंपनियों... 11
■ तीसरे वनडे में नहीं खेलेंगे... ■ व्यक्तिगत स्पर्धा में नहीं... 10

# मप्र विधानसभा चुनाव : भाजपा ने जारी की दूसरी सूची.. चौंकाने वाले नाम भी आये

## जबलपुर पश्चिम से सांसद राकेश सिंह, नरसिंहपुर केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल और निवास से मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को मिली टिकट

**नई दिल्ली/ भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने जबलपुर सहित मंडला और दूसरे जिलों के लिए अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है, 39 प्रत्याशियों की इस सूची में चौंकाने वाले नाम भी सामने आए हैं।

जिसमें जबलपुर की पश्चिम सीट सांसद राकेश सिंह निवास से केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के नाम शामिल है, गौरतलब है कि **देशबन्धु** ने 25 सितंम्बर को इस बात की संभावना व्यक्त की थी कि जबलपुर पश्चिम में भाजपा अपने बड़े नेता को अपना प्रत्याशी बना सकती है। इसमें सांसद स्तर के नेता भी शामिल हो सकते है।

### तीन केन्द्रीय मंत्री मैदान में

जारी सूची के अनुसार श्योरपुर से दुर्गालाल विजय, मुरैना रघुराज कंशाना, दिमनी से केंदीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, लहार से अम्बरीष शर्मा गुड्डू, भितरवार मोहनसिंह राठौर, डबरा इमरती देवी, सेवढ़ा प्रदीप अग्रवाल, करैरा रमेश खटीक, राघोवगढ़ हिरेंद्र सिंह बंटी, देवरी बृजबिहारी पटेरिया, राजनगर अरविंद पटेरिया, सतना गणेश सिंह, मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, सीधी रीति पाठक, सिंहावल विश्वमित्र पाठक कोतमा ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर





# एशियन गेम्स में भारत को दो स्वर्ण पदक, शूटिंग में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत ने 19वें एशियाई खेलों का पहला गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया है। भारत ने 10 मीटर मेंस राइफल (टीम) में वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

दिव्यांश सिंह पंवार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और रुद्राक्ष पाटिल ने शूटिंग टीम इवेंट में भारत के लिए गोल्ड जीता है, 19वें एशियन गेम्स के दूसरे दिन सोमवार को भारतीय एथलीट्स ने दो स्वर्ण पदक समेत 6 पदक जीते। चीन के हांगझोउ में शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्द्धा में ऐश्वर्य प्रताप सिंह, दिव्यांश सिंह और रुद्रांक्ष पाटिल ने देश को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। तीनों ने 1893.7 स्कोर कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड 1893.3 स्कोर के साथ चीन के नाम था। वहीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका को हराकर दूसरा गोल्ड दिलाया। भारत ने श्रीलंका को 19 रन से हराया।

*( विस्तृत खबर खेल पृष्ठ पर )*

## शिवराज ने स्वर्ण-पदक जीतने पर भारतीय शूटर्स को दी बधाई



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एशियन गेम्स-2022 के 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण-पदक जीतने पर भारतीय शूटर्स ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, रुद्राक्ष पाटिल और दिव्यांश पवार को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा शूटर्स का यह प्रदर्शन प्रदेश के लिए भी गौरवशाली क्षण है।

### भोपाल से मोदी का कांग्रेस पर हमला

# अर्बन नक्सली चला रहे कांग्रेस

## कांग्रेस जंग लगा लोहा है, जो बारिश में रखे-रखे खत्म हो जाता है



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यकर्ता महाकुंभ में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जहां जीत का मंत्र दिया वहीं कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

श्री मोदी ने कहा- हमें विधानसभा ही नहीं, हर बूथ जीतना है। हर मतदाता का दिल जीतना है। हर कार्यकर्ता हमारा उम्मीदवार है। उसकी पहचान, शान और निशान कमल है। हर कार्यकर्ता को जी-जान से जुटना है। दो अक्टूबर को बापू की जन्म जयंती है। एक अक्टूबर को सफाई को लेकर बहुत बड़ा कार्यक्रम होने वाला है। प्रत्येक परिजन से आग्रह रहेगा कि आप सभी लोग उत्साह, उमंग से जुड़ जाइए। वोकल फॉर लोकल याद रखना है। खादी के वस्त्र खरीदना है। गिफ्ट खरीदें, वह लोकल हो। भारत में बना हो।

श्री मोदी ने कहा कि घमंडिया गठबंधन सनातन को खत्म करना चाहता है। कांग्रेस के जमीन से जुड़े नेता मुंह पर ताला लगाकर बैठ गए हैं। कांग्रेस पहले बर्बाद हुई, बैंक करप्ट हुई और अपना ठेका दूसरों को दे दिया है। कांग्रेस को अब कांग्रेस के नेता नहीं चला रहे। कांग्रेस अब कंपनी बन गई है। कांग्रेस का ठेका अर्बन नक्सलियों के पास है। कांग्रेस अब अर्बन नक्सलियों से चल रही है। इसलिए कांग्रेस जमीन पर भी खोखली हो रही है।

मोदी ने कहा-मैं पूरे देश की बहनों को सावधान भी करना चाहता हूं। कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन ने बहुत खट्टे मन से इस बिल का समर्थन किया है। ये खट्टापन उनके समर्थन में दिखता है। ये वही लोग हैं जिन्होंने 30 वर्षों तक इस बिल को पास नहीं होने दिया। और अब जब मजबूरी में उंगली उठानी पड़ी है तो क्या शुरू किया कि ये क्यों नहीं है, वो क्यों नहीं है। उनको नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन इसलिए करना पड़ा क्योंकि मेरी माताएं-बहनें जाग गई हैं।

उन्होंने कहा कांग्रेस जंग लगा हुआ लोहा है, जो बारिश में रखा-रखा खत्म हो जाता है। भारत कोई भी उपलब्धि हासिल करे कांग्रेस को पसंद नहीं आता। कांग्रेस न खुद बदलना चाहती है, न देश को बदलने देना चाहती है। कांग्रेस देश को 20वीं शताब्दी में ले जाना चाहती है।

### छत्तीसगढ़ से राहुल का भाजपा पर पलटवार

# अडानी-मोदी रिमोट से चल रही सरकार

## भाजपा ओबीसी महिलाओं को महिला आरक्षण विधेयक में हिस्सा नहीं देना चाहती



**बिलासपुर, देशबन्धु।** राहुल गांधी ने सोमवार 25 सितंबर को रिमोट कंट्रोल के जरिए चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास न्याय योजना की शुरुआत की। भोपाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कांग्रेस पर तीखा हमला करने के जवाब में राहुल ने पलटवार करते हुए कहा कि- अडानी-मोदी के गठजोड़ का रिमोट सरकार चला रहा है।

इस मौके पर रिमोट कंट्रोल दिखाते हुए राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास भी रिमोट कंट्रोल है, लेकिन वह इसे गुप्त रूप से दबाते हैं। हम रिमोट कंट्रोल का बटन खुले में दबाते हैं। लेकिन भाजपा इसे गुप्त रूप से दबाती है और अडानी जी को मुंबई हवाई अड्डा मिल जाता है। सार्वजनिक क्षेत्र निजी हो जाता है। राहुल गांधी ने कहा, और जब मैंने लोकसभा में अडानी पर पीएम मोदी से सवाल किया तो मुझे जवाब मिला, मेरी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई।

राहुल गांधी ने कहा कि जाति जनगणना हिंदुस्तान का एक्स-रे है। इससे तय होगा कि वहां कितने दलित, ओबीसी, एससी/एसटी हैं। लेकिन सरकार जाति जनगणना से भाग रही है। कांग्रेस सरकार जाति जनगणना कराएगी। यह मेरा वादा है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी भारत सरकार में सिर्फ तीन ओबीसी अफसर हैं। जबकि भाजपा ओबीसी पर बड़ी बड़ी बातें करती है। भाजपा ओबीसी महिलाओं को महिला आरक्षण विधेयक में हिस्सा नहीं देना चाहती है। राहुल गांधी ने कहा, सभी कांग्रेस शासित राज्यों में, जनता पहली प्राथमिकता है। हमारी सरकारें अडानी जी द्वारा नहीं चलाई जाती हैं। और हमारे सभी रिमोट कंट्रोल जनता को देखने के लिए हैं।

### राहुल ने ट्रेन से किया सफर

छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को ट्रेन में सफर किया। उन्होंने बिलासपुर से रायपुर तक 117 किलोमीटर तक का सफर किया। बिलासपुर में हुए कांग्रेस के आवास सम्मेलन में शामिल होने के बाद राहुल बिलासपुर से इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में सवार हुए। वे शाम करीब पौने छह बजे रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान ट्रेन में उनके साथ सीएम भूपेश बघेल और प्रभारी कुमारी सैलजा भी थीं। राहुल ने ट्रेन में सामान्य यात्रियों की तरह सफर किया और घूम-घूमकर लोगों से भी मिले और उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

### लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को झटका

# दक्षिण में एआईएडीएमके ने छोड़ा साथ तोड़ा गठबंधन

**चेन्नई।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है। दक्षिण में एनडीए को उसके एक बड़े साथी ने साथ छोड़ दिया है। एआईएडीएमके ने भाजपा के साथ गठबंधन खत्म करने का ऐलान कर दिया है।

अन्नाद्रमुक ने घोषणा की कि भाजपा के साथ गठबंधन हमेशा-हमेशा के लिए खत्म। अन्नाद्रमुक के उप समन्वयक केपी मुनुसामी ने कहा कि- बैठक में एआईएडीएमके ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। एआईएडीएमके आज से भाजपा और एनडीए गठबंधन से सारे रिश्ते तोड़ रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का राज्य नेतृत्व पिछले एक साल से लगातार हमारे पूर्व नेताओं, हमारे महासचिव ईपीएस और हमारे कार्यकर्ताओं के बारे में अनावश्यक टिप्पणी कर रहा है। वहीं, एआईएडीएमके पार्टी द्वारा भाजपा और एनडीए से अलग होने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने चेन्नई में पटाखे फोड़े। इसके साथ ही ऑल इण्डिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने सोमवार को घोषणा की कि वह भारतीय जनता पार्टी नीत गठबंधन से अलग हो रही है। पार्टी ने कहा कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए एक अलग मोर्चे का नेतृत्व करेगी। एनडीए से बाहर निकलने का फैसला यहां अन्नाद्रमुक मुख्यालय में

### कहा- हमेशा के लिए रिश्ता खत्म

पार्टी प्रमुख ई के पलानीस्वामी की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक में किया गया।

बैठक में हुए विचार-विमर्श के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए, पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता के पी मुनुसामी ने कहा कि पार्टी ने एनडीए से अलग होने और अगले साल होने वाले चुनाव में समान विचारधारा वाले दलों के गठबंधन का नेतृत्व करने का सर्वसम्मति से संकल्प लिया है।

## पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत बादल पर केस दर्ज

**चंडीगढ़।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने बठिंडा में एक संपत्ति की खरीद में अनियमितता के आरोप में राज्य के पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा नेता मनप्रीत सिंह बादल और पांच अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस से आए मनप्रीत के अलावा, बठिंडा नगर निगम के पूर्व आयुक्त बिक्रमजीत शेरगिल, राजीव कुमार, अमनदीप सिंह, विकास अरोड़ा और पंकज पर रविवार रात केस दर्ज किया गया।

**चूहा-सुनती हो**-भाजपा ने सांसदों, मंत्रियों को विस चुनाव में उतारा है।
**चुहिया- हां प्रिये**- जीत के जतन हैं, लेकिन उनसे भी पूछो जिन्हें बड़े चुनाव के बाद अब छोटा चुनाव लड़ना है।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## कमलनाथ ने पाप किया था:शिवराज



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कमलनाथ पर सीधा हमला करते हुए कहा-कमलनाथ ने जल जीवन मिशन शुरू नहीं किया और बहनों को एक-एक बूंद पानी के लिए तरसा दिया। किसान सम्मान निधि की सूचि नहीं भेजी। प्रदेश को तबाह और बर्बाद करने का प्रयास किया। लेकिन अब मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। तीन करोड़ 61 लाख आयुष्मान कार्ड हमने बनाएं हैं। कमलनाथ ने आदिवासी बहनों के एक हजार रुपये बंद कर दिए थे। हमने लाडली बहना योजना से बहनों की जिंदगी बदलने का काम किया है। आने वाले 5 साल में एमपी भारत का नंबर एक राज्य पीएम मोदी के आशीर्वाद से भाजपा बनाएंगी।

## कमलनाथ बोले- शिवराज सीएम का चेहरा नहीं



**भोपाल, देशबन्धु।** उधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री ने शिवराज सिंह पर हमला करते हुए एक्स किया कि-प्रधानमंत्री आ रहे हैं ऐसे में वे जरा धीरज से कम लें। प्रधानमंत्री जब भी मध्य प्रदेश आते हैं तो आप उन्हें अपने किसी न किसी झूठ में शामिल करा लेते हैं।

आपकी झूठ मशीन की डबल स्पीड से मध्य प्रदेश की जनता के साथ प्रधानमंत्री भी त्रस्त हैं, इसीलिए उन्होंने पूरे चुनाव अभियान से आपको बाहर कर दिया है। आप देश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री बन गए हैं जो मुख्यमंत्री तो हैं, लेकिन मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं है।

# भाजपा ने नए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किये

**नई दिल्ली।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नागालैंड, मेघालय और पुडुचेरी में पार्टी संगठन में बदलाव करते हुए नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी ने बेंजामिन येपथोमी को नागालैंड, रिकमैन मोमिन को मेघालय और एस. सेल्वगनबथी को पुडुचेरी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा नागालैंड,मेघालय और पुडुचेरी के नए प्रदेश अध्यक्षों की नई संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर अलग-अलग पत्र जारी करते हुए बताया कि यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
मोतियाबिंद ऑपरेशन नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School

ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

### अदालत


## पर्यावरण के लिए शीर्ष अदालत का बड़ा कदम

# 100 साल पुराने पेड़ों की रक्षा के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल किया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शिरडी में भूमि के एक भूखंड पर 100 साल पुराने पेड़ों की रक्षा के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी पूर्ण शक्तियों का इस्तेमाल किया, जो कुछ भूमि मालिकों, भूखंड धारकों और एक नगर परिषद के बीच कानूनी विवाद में फंस गया था।

अदालत ने भूस्वामियों और भूखंड-धारकों की एक वैकल्पिक प्रार्थना को स्वीकार कर लिया है, जो मामले में हार गए थे, जिसमें नगरपालिका परिषद से एक स्विमिंग पूल और एक गेम हॉल के प्रस्तावित विकास के लिए एक वैकल्पिक भूखंड का उपयोग करने का अनुरोध किया गया था।

कोर्ट ने कहा- जो भूमि सुविधा स्थान के लिए आरक्षित है, उसमें ऐसे पेड़ हैं जो लगभग 100 वर्ष या उससे अधिक पुराने हैं। इसलिए, उन्होंने (भूखंड धारकों और भूस्वामियों) ने एक प्रस्ताव रखा कि यदि भूस्वामियों को उक्त भूमि को अपने पास रखने की अनुमति दी जाती है, तो वे उसी क्षेत्र की या उसी क्षेत्र



के निकट भूमि का एक और टुकड़ा हस्तांतरित करने के इच्छुक हैं। हमें उक्त अनुरोध उचित लगता है। इसलिए, हम भूमि मालिकों/भूखंड धारकों को नगर परिषद में अभ्यावेदन देने की अनुमति देते हैं... हम 100 वर्ष या उससे अधिक पुराने पेड़ों की सुरक्षा के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत उपरोक्त निर्देश पारित करते हैं।

जस्टिस बीआर गवई और एसवीएन भट्टी की पीठ ने मामले में जुलाई 2019 के बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए यह निर्देश जारी किया। उच्च न्यायालय ने क्षेत्र को नो-डेवलपमेंट क्षेत्र से आवासीय क्षेत्र में परिवर्तित करने वाली सरकारी अधिसूचना को आंशिक रूप से चुनौती देने की अनुमति दी थी।

शिरडी नगर पंचायत (नगर परिषद) ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी, जिसके द्वारा प्राधिकरण को केवल भूखंड मालिकों के आवासीय आनंद के सीमित उद्देश्य के लिए क्षेत्र विकसित करने की अनुमति दी गई थी। दूसरी ओर, नगरपालिका परिषद ने एक स्विमिंग पूल और एक इनडोर गेम हॉल विकसित करने के लिए भूमि के एक हिस्से को अपने कब्जे में लेने की मांग की। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-प्रदेश

उवाच

## हमने सारे वादे पूरे किए : राहुल

**बिलासपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ प्रवास पर राहुल गांधी ने कहा कि- हमने सारे वादे पूरे किए। किसान न्याय योजना में 21,000 करोड़ रुपए इनपुट सब्सिडी के माध्यम से दिए। जिन किसानों के पास जमीन नहीं थी, उन्हें भी हम नहीं भूले, उन्हें सात हजार रुपए दिए। आदिवासियों को लघु वनोपजों के लिए समर्थन मूल्य दिया। वन अधिकार दिए गए। 5 लाख रुपए के इलाज की सुविधा दी है, 70 लाख परिवारों को लाभ मिला। 42 हजार वैकेंसी भरी। 1 लाख 30 हजार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया गया।



### हितग्राहियों को शीघ्र ही होगी राशि अंतरित

# अधिक से अधिक पात्र बहनों को दिलवाएं रियायती दर पर रसोई गैस सुविधा : शिवराज



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सस्ते दाम पर रसोई गैस उपलब्ध करवाने का कार्य पूरी तन्मयता से परिश्रम पूर्वक किया जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र बहनों को यह सुविधा उपलब्ध हो सके। हितग्राहियों को शीघ्र ही राशि अंतरित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जाएं। जिस तरह जिला स्तर पर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन पर ध्यान दिया गया उसी टीम भावना से रियायती रसोई गैस सिलेंडर री-फिलिंग योजना की सुविधा का लाभ दिलवाने का कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा जिला कलेक्टर से प्रदेश में रियायती दर पर रसोई गैस सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए बहनों के पंजीयन कार्य की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस कार्य की जिलावार जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। खाद्य मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की हितग्राही बहनों को 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के परिपालन के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विकास द्वारा संबंधित एजेंसियों, आयल कंपनियों और स्थानीय प्रशासन से समन्वय कर निर्धारित कार्यवाही की जा रही है। बहनों को गैस कंपनी से विक्रय दर पर सिलेंडर लेने के पश्चात अंतर की राशि का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जाएगा। यह राशि राज्य सरकार वहन करेगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 15 सितम्बर को टीकमगढ़ से योजना का शुभारंभ कर प्रतीक स्वरूप कुछ हितग्राहियों के आवेदन प्रपत्र भरवाए थे। उन्होंने गत 17 सितम्बर को भी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकुर सभागार में बहनों के आवेदन प्रपत्र भरवाने का कार्य किया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि कम दाम पर रसाई गैस की सुविधा मिलने से लाखों परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी। इसका लाभ दिलवाने के लिए प्रदेश में बहनों के पंजीयन की कार्यवाही चल रही है। बैठक में बताया गया कि उज्ज्वला योजना का लाभ ले रही बहनों और ऐसी बहनों जिन्हें उज्ज्वला योजना का लाभ नहीं मिला है, उनकी समग्र जानकारी एकत्र कर बैंक खातों के विवरण के साथ आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। बड़ी संख्या में पुरुषों के नाम खाते होने से परिवार किस तरह लाभान्वित हो, इसके लिए जरूरी तकनीकी उपायों पर भी कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वीसी द्वारा जिलों से चर्चा के दौरान पन्ना, सीहोर और कुछ अन्य जिलों में हुए श्रेष्ठ कार्य संपादन के लिए कलेक्टर्स को बधाई दी और अन्य जिलों को कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए, जिससे राशि का अंतरण कार्य जल्द संपन्न हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वीडियो कान्फ्रेन्स में जिला स्तर पर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के क्रियान्वयन के संबंध में भी निर्देश देते हुए कहा कि यह कार्य हितग्राहियों को कठिनाई आये बिना पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिलों में किसानों को रबी फसलों के लिए खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिक वर्षा से कुछ स्थानों पर फसलों की क्षति का आकलन कर प्रभावित किसानों को फसल बीमा योजना और आर बी सी 6-4 के प्रावधानों का लाभ दिलवाने को भी कहा।

### कांग्रेस महासचिव सुरजेवाला ने साधा प्रधानमंत्री पर निशाना, कहा-

# मोदी ने शिवराज सरकार की योजनाओं की नहीं की चर्चा



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस महासचिव और प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भोपाल के जम्बूरी मैदान आयोजित भाजपा के कार्यकर्ता महाकुंभ को असफल बताया है। उन्होंने कहा कि ये प्रोग्राम फ्लॉप शो साबित हुआ। 10 लाख कार्यकर्ता जुटाने का दावा था, इसके लिए हजारों वाहन और सरकारी बसें लगा दीं। बावजूद इसके 50 हजार लोग भी जमा नहीं कर पाए। सुरजेवाला ने प्रधानमंत्री के युवा मतदाताओं के संबोधन पर कहा कि प्रधानमंत्री ने युवा मतदाताओं की चर्चा की। युवा मतदाता ने 18 साल की भाजपा सरकार में क्या देखा? प्रधानमंत्री ने कहा कि पहली बार वोट दे रहे लोगों ने मध्य प्रदेश में तरक्की देखी, लेकिन सच क्या है? युवाओं ने पिछले 18-20 साल में व्यापमं घोटाले में 23 प्रकार की भर्ती परीक्षा में एक करोड़ नौजवानों का भविष्य बर्बाद होते देखा।

सुरजेवाला ने दिल्ली में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि लाखों युवाओं ने पटवारी भर्ती परीक्षा में 15 -15 लाख का पेपर बिकते देखा है, डीमेट और नर्सिंग कॉलेज घोटाले में भविष्य बर्बाद होते देखा। सुरजेवाला ने कहा कि हालत यह है कि भाजपा शासन के 18 साल बाद भी 26 हजार सरकारी स्कूलों में बिजली कनेक्शन नहीं है, 29 हजार स्कूलों पर ताले लगा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता महाकुंभ में कई चौंकाने वाली बातें देखने को मिली। जिनमें प्रधानमंत्री ने 18 साल में भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई एक योजना की भी चर्चा करना उचित नहीं समझा, क्योंकि प्रधानमंत्री जानते हैं कि शिवराज सरकार की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी का भोपाल पहुंचने पर आत्मीय स्वागत



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज भोपाल आगमन पर विमानतल पर जन-प्रतिनिधियों ने अगवानी कर आत्मीय स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी राजकीय विमानतल पर सुबह 10.55 बजे वायु सेना के विशेष विमान द्वारा आये। प्रधानमंत्री जी यहां से सेना के हेलीकाप्टर द्वारा भोपाल स्थित जंबूरी मैदान के लिये रवाना हुए। प्रधानमंत्री श्री मोदी के विमानतल आगमन पर स्वागत के अवसर पर सांसद श्रीमती संध्या राय, सांसद श्रीमती रीति पाठक, सांसद गणेश सिंह, सांसद ढाल सिंह बिसेन, सांसद उदय प्रताप सिंह, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, सांसद सुधीर गुप्ता, सांसद जीएस डामोर, सांसद छत्तर सिंह, सांसद शंकर लालवानी, सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, सांसद कैलाश सोनी, सांसद सुमेर सिंह सोलंकी सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पश्चिम बंगाल में डेंगू के मामले 38 हजार के पार

**कोलकाता,** (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि राज्य में डेंगू के मामलों की संख्या रिकॉर्ड 38,000 के आंकड़े को पार कर गई है। सोमवार तक, कुल आंकड़ा 38,181 था। लगभग हर दिन अलग-अलग जिलों से डेंगू से होने वाली मौतों की खबरें सामने आ रही हैं, लेकिन विभाग ने वास्तविक संख्या नहीं बताई है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, चिंताजनक बात यह है कि अब उत्तर बंगाल, खासकर मालदा के कई इलाके तेजी से डेंगू की चपेट में आ रहे हैं। उत्तर और दक्षिण बंगाल में कई डेंगू हॉटस्पॉट क्षेत्र नामित किए गए हैं, जहां नियमित आधार पर विशेष निगरानी की जा रही है। राज्य की राजधानी में मामलों में अचानक वृद्धि के बीच, कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने स्थिति नियंत्रण में आने तक अपने स्वास्थ्य केंद्रों को सप्ताह में सात दिन के आधार पर संचालित करने का निर्णय लिया है। केएमसी ने अगले दो महीनों के लिए अपने पूरे स्टाफ की छुट्टियां भी रद्द कर दी हैं। अक्टूबर में दुर्गा पूजा और नवंबर में दिवाली के दौरान कर्मचारी छुट्टियां नहीं ले सकेंगे। इस बीच, विपक्षी भाजपा ने पश्चिम बंगाल में डेंगू की चिंताजनक स्थिति को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। पश्चिम बंगाल में भाजपा प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा कि जिस तरह पश्चिम बंगाल में घोटालेबाज राज्य सरकार से प्राप्त संरक्षण के कारण निडर हो गए हैं, उसी तरह मच्छर भी यह समझकर निडर हो गए हैं कि स्वास्थ्य अधिकारी उन्हें नियंत्रित करने के लिए निवारक उपाय करने में इतने लापरवाह हैं।

### कोरोना से 7 गुना खतरनाक महामारी आने का अनुमान

# 5 करोड़ लोगों की जान ले सकती है नई महामारी

### विश्व स्वास्थ्य संगठन ने डिसीज एक्स दिया नाम

**लंदन, एजेंसियां।** ब्रिटेन की वैक्सीन टास्कफोर्स के चीफ डेम केट बिंघम का कहना है कि अगली महामारी 5 करोड़ लोगों की जान ले सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस एंटीसिपेटेड महामारी को डिसीज एक्स नाम दिया है।

वहीं, डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, विशेषज्ञों का कहना है कि यह महामारी कोविड-19 से 7 गुना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है और जल्द ही फैल सकती है। यानी इसके मामले जल्द सामने आ सकते हैं। यह महामारी मौजूदा वायरस की वजह से ही फैलेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि वायरस तेजी से म्यूटेट हो रहे हैं। म्यूटेशन का मतलब होता है कि किसी जीव के जेनेटिक मटेरियल में बदलाव। जब कोई वायरस खुद की लाखों कॉपी बनाता है और एक इंसान से दूसरे इंसान तक या जानवर से इंसान में जाता है तो हर कॉपी अलग होती है। कॉपी में यह अंतर बढ़ता जाता है।

कुछ समय बाद एक नया स्ट्रेन सामने आता है। यह बहुत ही सामान्य प्रक्रिया है। वायरस अपना रूप बदलते रहते हैं। सीजनल इन्फ्लूएंजा तो हर साल नए रूप में सामने आता है।

## वैक्सीन बनाने पर काम शुरू

ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने डिसीज एक्स के आने से पहले ही इससे लड़ने के लिए वैक्सीन बनाना शुरू कर दिया है। इसके लिए 25 तरह के वायरस पर स्टडी की। साइंटिस्ट्स का फोकस जानवरों में पाए जाने वाले वायरस पर है। यानी वो वायरस जो जानवरों से इंसानों में फैल सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि क्लाइमेट चेंज की वजह से कई जानवर और जीव-जंतु रिहायशी इलाकों में रहने के लिए आ रहे हैं।

## जलवायु परिवर्तन बन रहा कारण

इंसानों ने विकास के नाम पर जंगलों को काटकर यहां घर और इंडस्ट्रीज बना लीं। इस कारण हमारा जानवरों, मच्छरों, बैक्टीरिया, फंगस से संपर्क बढ़ गया है। दूसरी तरफ ये सभी जीव-जंतु खुद को बदलती जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बना रहे हैं और हमारे वातावरण में ही रह रहे हैं। इनसे कई बीमारियां फैल रही हैं, जो हमारे जीवन के लिए खतरनाक हैं।

### चुनाव से पहले भाजपा को एक और झटका

# सिंधिया समर्थक एक और नेता की कांग्रेस में वापसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के वफादार और प्रभावशाली नेता प्रमोद टंडन कांग्रेस में फिर से शामिल हो गए. इससे चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में ऐसे नेताओं की संख्या छह हो गई है. इंदौर निवासी प्रमोद टंडन भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य थे और उन्होंने हाल में भाजपा छोड़ दी थी।


टंडन और भाजपा से नाता तोड़ चुके दो अन्य स्थानीय नेताओं- रामकिशोर शुक्ला और दिनेश मल्हार को इंदौर में शनिवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी में विधिवत शामिल किया गया। भाजपा से मोहभंग होने पर कांग्रेस में लौटने वाले प्रमोद टंडन, ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके दिवंगत पिता माधवराव सिंधिया के वफादार समर्थकों में गिने जाते रहे हैं. वह उन नेताओं में शामिल थे जो वर्ष 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया की सरपरस्ती में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे।

भाजपा कार्यसमिति के सदस्य समंदर पटेल (52) के 18 अगस्त को भोपाल में सैकड़ों समर्थकों के साथ फिर से कांग्रेस में शामिल होने के बाद, प्रमोद टंडन कांग्रेस में लौटने वाले सिंधिया के छठे वफादार हैं.

**6 नेता छोड़ चुके हैं सिंधिया खेमा**-समंदर पटेल ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि प्रमोद टंडन सिंधिया खेमे से कांग्रेस में दोबारा शामिल होने वाले छठे नेता हैं. पटेल से पहले, मध्य प्रदेश बीजेपी कार्यसमिति के सदस्य बैजनाथ सिंह यादव अपने समर्थकों के साथ जुलाई में कांग्रेस पार्टी में फिर से शामिल हो गए थे. बैजनाथ सिंह यादव 2020 से पहले कांग्रेस के शिवपुरी जिला अध्यक्ष रह चुके हैं।

### शिवराज ने किया दावा

# प्रदेश में 2 तिहाई बहुमत से बनेगी सरकार



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। आने वाले पांच वर्षों में मध्यप्रदेश भारत का नंबर वन राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि आपके बढ़ते हुए उत्साह को देखकर आज कह सकता हूँ कि भारतीय जनता पार्टी फिर दो तिहाई बहुमत से मध्यप्रदेश में सरकार बनायेगी। श्री चौहान ने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि चुनाव में सिर्फ दो माह शेष हैं, यह दो महीने भारतीय जनता पार्टी को चुनाव प्रचार के लिए दीजिए। अपने बूथ पर हम भारी बहुमत से भाजपा को जिताएंगे, यह संकल्प लेकर यहां से जायें। उन्हांने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमारी मॉ है और प्रत्येक कार्यकर्ता को दूध की लाज रखनी है और अपने बूथ को जिताकर फिर से सरकार बनानी है। हमें आने वाले विधानसभ चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करनी है ।

## महिलाओं को आरक्षण देकर इतिहास रचा



पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 देशों की सफलतापूर्वक अध्यक्षता की एवं देश में महिलाओं की 50 प्रतिशत आबादी के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर 33 प्रतिशत आरक्षण देकर इतिहास बनाने का काम किया है। प्रधानमंत्री आज पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर भोपाल आए हैं, सभी कार्यकर्ताओं की ओर से उनका हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। उन्होने कहा कि देश में प्रधानमंत्री श्री मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचार को प्रतिपादित कर गरीब कल्याण की योजनाओं से गरीबों का जीवन बदलने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने 25 जून को मेरा बूथ-सबसे मजबूत अभियान दिया था, उस बूथ सशक्तिकरण के अभियान को कार्यकर्ताओं की महाशक्ति ने जमीन पर उतारने का संकल्प पूरा किया है। आज मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 44 लाख परिवारों को पक्का मकान और आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 3 करोड़ 60 लाख परिवारों को मुफ्त इलाज मिला है।

# मोदी का मप्र प्रवास और उमा भारती ने उठाई महिला आरक्षण में ओबीसी कोटा बढ़ाने की मांग

**भोपाल।** विधानसभा चुनाव से पूर्व इस समय मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे हो रहे हैं। इसी बीच मप्र की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने महिला आरक्षण विधेयक पेश करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मांग की कि विधायी निकायों में महिलाओं के लिए सुनिश्चित 33 प्रतिशत आरक्षण में से 50 प्रतिशत को अलग रखा जाना चाहिए। एसटी, एससी और ओबीसी समुदायों के लिए। उमा भारती ने महिला आरक्षण बिल में ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने की मांग की है। उमा भारती ने इसे हिंदुत्व और आगामी चुनाव से जोड़कर पेश किया है। इस मांग के पीछे उन्होंने तर्क दिया है कि ऐसा करने से ओबीसी वर्ग हिंदुत्व से खुद को अलग-थलग महसूस नहीं करेगा और आगामी चुनाव में भाजपा के साथ जुड़ा रहेगा।

गौरतलब है उमा भारती ने बीते दिनों महिला आरक्षण के विधेयक के मुद्दे पर बोलते हुए कहा था कि बिल में कैटेगरी के अनुसार भी उप-कोटा रिजर्व होना चाहिए। शनिवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उमा भारती ने कहा कि मध्य प्रदेश में चुनाव आ रहे हैं, इसलिए इसे अभी लागू किया जा सकता है। राजनीतिक दल पिछड़ी जाति की महिलाओं को बिना आरक्षण के टिकट देते हैं। आरक्षण की कोई आवश्यकता नहीं है, केवल आपकी इच्छा शक्ति की आवश्यकता है।

पार्टी लाइन हटकर और कई बार पार्टी के खिलाफ बयानबाजी के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि 'लोग कहते हैं कि मैं कांग्रेस के सुर में बोल रही हूं, लेकिंन ऐसा नहीं है। कांग्रेस मेरे सुर में बोल रही है। एक समय था जब कांग्रेस और भाजपा एक ही भाषा बोलते थे कि ओबीसी को आरक्षण नहीं मिलना चाहिए। आज कांग्रेस ने मजबूरी में अपना रुख बदला है क्योंकि बिहार और यूपी में उनका सफाया हो गया है।

## मोदी विदेश जाते हैं, लेकिन मणिपुर से बचते हैं : कांग्रेस

**इंफाल।** मणिपुर कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता निंगोम्बम बुपेंडा मैतेई ने कहा कि- कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले ही मणिपुर का दौरा कर चुके हैं और राहत शिविरों में लोगों से बात कर चुके हैं, लेकिन विदेश प्रवासों पर खूब समय निकालन वाले प्रधानमंत्री को राज्य का दौरा करने का समय नहीं मिला।


**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/168 दिनांक 25.09.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चंद सुभाष नामदेव पिता स्व. श्री हुकुमचंद नामदेव ने मकान नं. 325/2 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल .... व.फु. भूतल 500 व.फु. प्रथम तल 500 व.फु. शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/173 दिनांक 25.09.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती किरण सबलोक पति श्री राजेन्द्र कुमार सबलोक ने मकान नं. 303/ए-701 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल .... व.फु. सातवीं मंजिल 1285 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

संदर्भ क्यू/......./23 दिनांक 25/09/22

**आम सभा की सूचना**

समिति के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय डिस्ट्रिक क्लर्क को-आपरेटिव सोसायटी जबलपुर की वार्षिक आम सभा का आयोजन स्थान तहसील कार्यालय जबलपुर में दिनांक 30/09/2023 को समय प्रात: 10.30 बजे से आयोजित है जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। यदि निर्धारित दिनांक व समय पर गणपूर्ति का अभाव रहता है तो आयोजित होने वाली बैठक आधे घंटे से लिए स्थगित की जाकर उत्ती दिनांक व स्थान पर आयोजित की जायेगी जिसमें गणपूर्ति आवश्यक एवं बंधनकारी नहीं होगी।

विषय सूची निम्नांकित :-

1. वित्तीय वर्ष की अंकेक्षण टीप में अंकित आक्षेपों के निराकरण पर विचार 2. वर्ष 2023-24 के वार्षिक लेखा-जोखा, आगामी कार्ययोजना एवं अनुमानित बजट पर विचार उपरांत अनुमोदन
3. संस्था के नवीन निर्वाचन हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित करने बावत।
4. अन्य आवश्यक विषय संस्था प्रशासन की अनुमति से।

**प्रशासक / प्रबंधन डिस्ट्रिक ऑफिस क्लर्क को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड जबलपुर**

र.नं. 1272

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/148 दिनांक 25.09.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मोनिका अग्रवाल पति श्री पुनीत कुमार अग्रवाल ने मकान नं. 176/216 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल .... व.फु. भूतल 574.90 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/147 दिनांक 25.09.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पुनीत कुमार अग्रवाल पिता श्री पीताम्बर लाल अग्रवाल ने मकान नं. 176/216 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल .... व.फु. भूतल 526.25 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/174 दिनांक 25.09.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती इंद्रजीत कौर तलूजा पति श्री तनप्रीत सिंह तलूजा ने मकान नं. 227 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 729 व.फु. भूतल 650 व.फु. प्रथम तल 200 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**


# मोदी का मेडिकल स्टूडेंट्स ने किया विरोध, आसमान में छोड़े काले गुब्बारे



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को एकदिवसीय दौरे पर भोपाल पहुंचे। चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच नर्सिंग स्टूडेंट्स ने भोपाल में पीएम मोदी का विरोध करने का अनोखा तरीका निकाला। नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने विरोध स्वरूप आसमान में सैंकड़ों काले गुब्बारे छोड़े। गुब्बारों के माध्यम से नर्सिंग स्टूडेंट्स ने पीएम मोदी से पूछा कि हमारी परिक्षाएं कब होगी।

एनएसयूआई मेडिकल विंग के संयोजक रवि परमार के नेतृत्व में सोमवार सुबह नर्सिंग स्टूडेंट्स सैंकड़ों गुब्बारे लेकर चेतक ब्रिज के पास पहुंच कर एक ऊंची इमारत के ऊपर से उन्होंने स्लोगन लिखे गुब्बारों को खुले आसमान में छोड़े। इन गुब्बारों पर लिखा था, %मोदी जी नर्सिंग परिक्षाएं कब होंगी% अन्य गुब्बारों पर लिखा था कि मोदी जी नर्सिंग महाघोटाले के आरोपी मंत्री के विरुद्ध कार्रवाई कब होगी। भोपाल के जंबूरी मैदान में कार्यक्रम स्थल से कुछ किलोमीटर की दूरी पर अधानक काले गुब्बारे उड़ने से सुरक्षा अधिकारियों में हड़कंप मच गया। एसपीजी अधिकारियों से लेकर स्थानीय पुलिस बल तत्काल हरकत में आ गई।

दरअसल, पीएम मोदी के दौरे के कारण जंबूरी मैदान के आसपास नो फ्लाइंग जोन घोषित किया था। जंबूरी मैदान के तीन किमी के दायरे में पैराग्लाइडर, ड्रोन, हॉट बलून और अन्य फ्लाइंग ऑब्जेट पर प्रतिबंध लगाया गया था।

देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 26 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## रोजगार घटने के चिंताजनक आंकड़े

2018-19 से 2022-23 के दौरान देश में सभी तरह के रोजगार में बड़ी कमी होने के आंकड़े सामने आए हैं। नौकरियां हों या दैनिक वेतनभोगी मजदूर, बड़ी संख्या में उन्होंने आजीविका खोई है। अधिक चिंताजनक यह है कि इनमें महिलाएं अधिक हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी की इस अवधि की रिपोर्ट के अनुसार 31 लाख लोगों ने नौकरियां खोई हैं जिनमें पुरुष 5 लाख तो महिलाएं 26 लाख हैं। ऐसे ही, छोटे कारोबार एवं दैनिक वेतन पर काम करने वालों में 1.35 करोड़ रोजगार घटे हैं। 52 लाख महिलाएं तथा 83 लाख पुरुष थे। ये आंकड़े ऐसे वक्त में सामने आ रहे हैं जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को खुशहाल देश बतला कर दावा कर रहे हैं कि जल्दी ही वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा जिसकी अर्थव्यवस्था का आकार 5 ट्रिलियन होगा। यह तथ्य ऐसे भी वक्त सबके समक्ष आया है जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पारित होकर एक सप्ताह भी नहीं हुआ है। विकसित व आर्थिक रूप से सशक्त समाज बनाने में कामकाजी महिलाओं की बड़ी भूमिका होती है, लेकिन जिस प्रकार से इन आंकड़ों के मुताबिक औरतों के जीविकोपार्जन के साधन छीने गये हैं, वे भारतीय अर्थव्यवस्था का क्रूर चेहरा भी उजागर करते हैं। समाज के तौर पर देश महिलाओं को लेकर पूर्वाग्रह से ग्रस्त तो पहले से ही है।


जिन लोगों ने नौकरियां खोई हैं, वे संगठित क्षेत्रों के थे और उनके वेतन बढ़िया थे। नौकरियां जाने से उनके जीवन पर क्या असर हुआ होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। असंगठित क्षेत्रों में रोजाना वेतन पर काम करने वाले मजदूरों, जिन्हें दिहाड़ी मजदूर भी कहा जाता है, उनकी संख्या 2018-19 में 14.05 करोड़ थी, जो 2022-23 में घटकर 12.7 करोड़ रह गई। सीएमआईई के अनुसार देश में कामकाजी लोगों की संख्या 40.58 करोड़ है जिनमें से पुरुष 36.77 करोड़ तथा महिलाएं 3.82 करोड़ हैं- केवल 10 प्रतिशत के आसपास। व्यवसाय हो या कृषि, वेतनभोगी हों या दिहाड़ी मजदूर, सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी काफी कम है। वैसे छोटे व्यवसाय एवं खेती-किसानी में महिलाओं के रोजगार कुछ बढ़े हैं परन्तु अभी भी सभी सेक्टरों में व्यापक बेरोजगारी का आलम है। खासकर, महिलाओं की स्थिति दयनीय है।

यह तस्वीर मोदी सरकार के बेहद खराब प्रबन्धन का नतीजा है। 2016 में लाई गई नोटबन्दी और बाद में जीएसटी कानून ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। इसके दुष्परिणाम अब तक देश भुगत रहा है। नोटबन्दी ने रातों-रात लाखों कारोबार और छोटे-मोटे कामों को बन्द कर दिया। रही-सही कसर जीएसटी ने पूरी कर दी। कई छोटे व लघु आकार की इकाइयों ने भी दम तोड़ दिया था। अनेक कारोबार व उद्योग उस वक्त जो बन्द हुए, आज तक या तो खुल नहीं पाये अथवा उनमें से बड़ी संख्या में लोगों को काम से हटाया गया। इसके बाद कोविड-19 भी कहर बनकर लोगों पर टूटा है। बड़ी तादाद में व्यवसाय और निर्माण इकाइयों को भी लॉकडाउन में बन्द करना पड़ा था। उनमें से कई उद्योगों व कारोबार के ताले आज तक नहीं खुले। सीएमआईई की ही पूर्ववर्ती रिपोर्ट में बताया गया था कि इसी साल (2023) जनवरी (7.14 प्रश) से अप्रैल (8.11) के दौरान ये आंकड़े भी सामने आये थे कि भारत में बेरोजगारी की दर हर माह बढ़ती जा रही है। अभी मई में इसका प्रतिशत 7.68 था जो जून में बढ़कर 8.45 हो गया है। हालांकि भारत सरकार इन आंकड़ों को गलत बताती है क्योंकि उसके राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार देश में रोजगार की स्थिति सुधर रही है। वैसे लगभग सारे अर्थशास्त्री सीएमआईई के आंकड़ों को ही सही मानते हैं। आंकड़ों को एक ओर रख दिया जाये तो भी देश में बढ़ती बेरोजगारी नंगी आंखों से भी दिखती है।

वैसे भी केन्द्र सरकार रोजगार बढ़ाने के मामले में कभी भी गम्भीर नहीं रही है। उसके सारे आश्वासन कहीं दूर भविष्य में फलीभूत होने की बात करते हैं। तत्काल प्रभाव से मिलने वाले रोजगार कम ही हैं। 2014 में जब यह सरकार केन्द्र की सत्ता में आई थी, उसने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने की बात कही थी। उलटे, बेरोजगारी इतनी बढ़ी है कि अब केन्द्र सरकार ने उससे सम्बन्धित आंकड़े रखने ही बन्द कर दिये हैं। इसका ऐलान भी वह कर चुकी है। अब सरकार या आर्थिक नीति पर काम करने वालों के पास ऐसी कोई व्यवस्था ही नहीं रह गई है जिसके आधार पर वे रोजगार बढ़ाने सम्बन्धी योजना बना सकें। सरकार की रोजगार बढ़ाने में कोई रुचि ही नहीं रह गई है। जो थोड़ी बहुत शासकीय नौकरियां निकलती हैं उनके नियुक्ति पत्र मोदी समारोहों के जरिये बांटते हैं और उसका उपयोग अपनी छवि सुधारने या फिर चुनावी लाभ लेने में करते हैं। गम्भीर प्रयासों का अभाव स्पष्ट दिखलाई देता है। ऐसे में बेरोजगारी और बढ़े तो आश्चर्य नहीं।

बेरोजगारों की बढ़ती संख्या का समाज पर क्या असर होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। जब देश के युवाओं के हाथों में रोजगार नहीं होंगे व जिनके पास काम हैं भी तो उन्हें जिस प्रकार से खत्म किया जा रहा है उससे एक निष्क्रिय समाज ही बनेगा जो गैर रचनात्मक होगा। वैसे भी जिस प्रकार से निजीकरण को बढ़ावा देकर लोगों की जीविका के सभी तरह के साधन छिने जा रहे हैं उसके दो कारण हैं। पहला तो यही कि कारोबार व उद्योग बंद होने से वे मोदी के मित्र उद्योगपतियों व व्यवसायियों के हाथों में चले जाएंगे। दूसरे, उन्हें सस्ता मानव संसाधन मिलेगा। महिलाओं की आय के साधन छीनना तो गरीबी को और तेजी से बढ़ायेगा।

# मोदी की चुप्पी, मोदी के बोल!



**राजेंद्र शर्मा**

है रानी की बात नहीं है कि संसद के पांच दिन के लिए प्रस्तावित किंतु चार दिन ही चले विशेष सत्र के आखिरी दिन, सत्ताधारी पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी ने मुस्लिमविरोधी सांप्रदायिक गाली-गलौच का जो इतिहास कायम किया, उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से, अपने ट्विटर एकाउंट तक से दो शब्द तक नहीं कहलवाए गए हैं। मणिपुर को जलता देखते रहने के बाद भी पूरे अस्सी दिन तक, उस पर दु:ख या पछतावे या चिंता का एक शब्द तक नहीं बोलने वाले प्रधानमंत्री की, अपनी पार्टी के एक सांसद के लोकसभा में खुलेआम नफरती सांप्रदायिक बोल बोलने पर चुप्पी, शायद ही किसी को हैरान करेगी। उल्टे सचाई यह है कि प्रधानमंत्री की यह चुप्पी, इस पूरे प्रसंग को सांप्रदायिक कंसोलिडेशन का ही हथियार बनाने की कोशिश में, उक्त संसदीय कदाचार के बाद से ही सत्ता पक्ष के अन्य मुंहों से निकले बोलों को ही, आगे बढ़ाती है। बेशक, सत्ताधारी पार्टी के भी विशेष रूप से बदजुबान सांसदों में गिने जाने वाले, इस दक्षिण दिल्ली के सांसद ने जिस तरह भरी संसद में अपनी सांप्रदायिक नफरत की उल्टी ही कर दी और उसे संसद टीवी के जरिए तथा उससे बढ़कर सोशल मीडिया में वाइरल हुई वीडियो क्लिपों के जरिए दुनिया भर ने देख लिया, उसके बाद मोदी-शाह की भाजपा ने प्रकटत: नुकसान कम करने की भी कुछ कोशिशें की हैं। इन कोशिशों में अपनी पार्टी के दोषी सांसद को कारण बताओ नोटिस दिया जाना भी शामिल है। यह दूसरी बात है कि सभी जानते हैं कि वर्तमान सत्ताधारी पार्टी में ऐसे कारण बताओ नोटिस, तब तो झूठ-मूठ की रस्मअदायगी से रत्तीभर ज्यादा नहीं होते हैं, जब शिकायत सांप्रदायिकता की अति की हो। वास्तव में यह स्वांग भी इसलिए जरूरी हो गया था कि भाजपा सांसद ने घोर और आक्रामक सांप्रदायिक नफरत की उस सचाई को सारी दुनिया के सामने दिखा दिया, जो बार-बार तथा विभिन्न तरीकों से संघ के ईको-सिस्टम में अपना काम तो लगातार करती आ रही थी, लेकिन तिनके को ओट बनाकर। संसद के मंच पर पहली बार उसका खुलकर प्रदर्शन किया गया है। इसलिए, सत्ताधारी पार्टी के लिए, कारण बताओ नोटिस की तिनके की ओट फिर खड़ी करना जरूरी हो गया।

भारतीय जनतंत्र के दुर्भाग्य से कुछ ऐसी ही तिनके की ओट स्पीकर के पद की ओर से जुटाने की भी कोशिश की गयी। वाइरल वीडियो में सब कुछ साफ-साफ सारी दुनिया के देख लेने के बाद, लोकसभा के स्पीकर की ओर से, आपत्तिजनक शब्दों को कार्रवाई के रिकार्ड से हटा देने भर की कार्रवाई को, तिनके की ओट लेकर खुद को अलग करने की कोशिश ही कहा जाएगा। इसके अलावा, भाजपा के गालीबाज सांसद को स्पीकर ने इसकी चेतावनी भर देकर जाने दिया कि 'दोबारा ऐसा नहीं हो'! इस मामले में स्पीकर के निष्पक्षता का दिखावा तक छोड़ देने का अंदाजा सिर्फ इस एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि इससे पहले के मानसून सत्र के आखिर में, लोकसभा में कांग्रेस ग्रुप के नेता, अधीर रंजन चौधुरी को, जो वास्तव में व्यावहारिक मानों में सदन में नेता विपक्ष हैं, सत्ताधारी पार्टी के मंत्री/मंत्रियों के लिए ''धृतराष्ट्र'' की पौराणिक संज्ञा का प्रयोग करने के लिए ही, सदन से निलंबित कर दिया गया था। जाहिर है कि सत्ता पक्ष के सदस्यों के लिए लोकसभा अध्यक्ष का एक पैमाना है और विपक्षी सदस्यों के लिए एक अलग ही पैमाना है।

बहरहाल, तिनके की ओट में छुपने की इस मजबूरी का दायरा भी बस इतना ही था। इस पूरे प्रसंग में, संबंधित भाजपा सांसद के अलावा उस समय सदन में उसके ठीक पीछे बैठे दो पूर्व-मंत्रियों, हर्षवर्द्धन और रविशंकर प्रसाद की भी भूमिका तीखी आलोचना के दायरे में आ गयी। दोनों माननीय पूर्व-मंत्री, पूरे प्रकरण के दौरान हंस-हंसकर, अपने अनुमोदन से, अपने सांप्रदायिक गालीबाज संगी को बढ़ावा ही दे रहे थे, जो वीडिया में दर्ज भी हुआ था। इस मामले में काफी आलोचनाएं आने के बाद, रविशंकर प्रसाद ने तो एक संक्षिप्त आम खंडनात्मक बयान जारी कर, यह दावा कर के अपना दामन साफ हो गया मान लिया कि वह तो हमेशा मर्यादाओं का पालन करने में विश्वास रखते हैं, आदि। लेकिन, दिल्ली के सांसद हर्षवर्द्धन ने सोशल मीडिया में एक लंबी सफाई लिखकर अपना बचाव किया, जिसमें अपने मुस्लिम विरोधी नहीं होने का दावा किया गया था। इससे भी बेढ़ब यह कि उन्होंने यह बहाना बनाने की भी कोशिश की कि कहा-सुनी के बीच वह ठीक-ठीक सुन ही नहीं पाए थे कि उनके बगल में खड़ा उनका संगी सांसद क्या-क्या कह रहा था? लेकिन, इससे भी भयानक यह कि गंभीरता के इस सारे पाखंड के बीच, पूर्व-मंत्री ने अपने बयान में इसे बसपा सदस्य दानिश अली और भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी के बीच बहस और उत्तर-प्रत्युत्तर का मामला बनाकर, मामूली बना देने की बेशर्म कोशिश की थी।

**याद रहे कि यहां पहुंचकर यह सब, रमेश बिधूड़ी की शर्मनाक करतूत और सांप्रदायिक नफरती बोली से, संघ-भाजपा के बचाव से आगे बढ़कर, इस प्रकरण को ही सांप्रदायिक नफरत फैलाने का औजार बनाने तक पहुंच जाता है। यह वह जगह है जहां रमेश बिधूड़ी की सांप्रदायिक गालियां, ''गोली मारो सालों को...'' के मोदी सरकार के मंत्रियों के नारों और ''वोटिंग मशीन का बटन दबाकर...शाहीन बाग में झटका लगाने'' के देश के गृहमंत्री के नुस्खों की बगल की खड़ी नजर आती हैं।**

यही सूत्र है जिसे बाद में आगे बढ़ाते हुए, भाजपा के एक और बदजुबानी के लिए कुख्यात सांसद, निशिकांत दुबे ने, यह कहने की रस्म अदायगी करने के बाद कि जो बिधूड़ी द्वारा कहा गया उचित नहीं था, स्पीकर को लिखी चिट्ठी में उल्टे बसपा सदस्य दानिश अली पर ही इसका इल्जाम लगा दिया कि वही, रमेश बिधूड़ी के भाषण के बीच में बार-बार टोक कर और प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कहकर, उन्हें भड़का रहे थे। और जैसा कि संघ-भाजपा के झूठ के प्रचार का एक जाना-पहचाना हथियार ही हो गया है, उन्होंने पीड़ित सांसद पर बाकायदा षडयंत्र का आरोप लगा दिया कि उन्होंने षडयंत्रपूर्वक भाजपा सांसद को गुस्सा दिलाया और वह ''बेचारे'' इस षडयंत्र के जाल में फंसकर, आपत्तिजनक बोल बोल बैठे! दुबे ने अपने इस पत्र के माध्यम से स्पीकर से सदन की अनुशासन समिति से पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। कहने की जरूरत नहीं है कि पीड़ित पर ही आरोप लगाने का यह पूरा खेल, संघ-भाजपा के अनुमोदन से ही खेला जा रहा है। इसमें अगर किसी को संदेह हो तो सोशल मीडिया में संघ की ट्रोल सेना द्वारा इस संबंध में जो कुछ कहा गया है और जिस तरह इस हास्यास्पद ''षडयंत्र सिद्धांत'' को प्रचारित किया गया है, उससे यह साफ हो जाता है कि हर्षवर्द्धन तथा निशिकांत दुबे के रास्ते, पूरा संघ परिवार सांप्रदायिक गालीबाज भाजपा सांसद के पीछे खड़ा है। हैरानी की बात नहीं है कि यह सिलसिला जल्द ही, पीड़ित सांसद को तरह-तरह की धमकियां दिए जाने तक पहुंच चुका है।

याद रहे कि यहां पहुंचकर यह सब, रमेश बिधूड़ी की शर्मनाक करतूत और सांप्रदायिक नफरती बोली से, संघ-भाजपा के बचाव से आगे बढ़कर, इस प्रकरण को ही सांप्रदायिक नफरत फैलाने का औजार बनाने तक पहुंच जाता है। यह वह जगह है जहां रमेश बिधूड़ी की सांप्रदायिक गालियां, ''गोली मारो सालों को...'' के मोदी सरकार के मंत्रियों के नारों और ''वोटिंग मशीन का बटन दबाकर...शाहीन बाग में झटका लगाने'' के देश के गृहमंत्री के नुस्खों की बगल की खड़ी नजर आती हैं। और ठीक यहीं उनकी ही बगल में प्रधानमंत्री की चुप्पी को खड़े देखा जा सकता है, इस सब का अनुमोदन करते हुए और अपने अभयदान से सब को बढ़ावा देते हुए! दिलचस्प बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी और उनके बोल, दोनों एक ही काम करते हैं, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की धार को सान पर चढ़ाने का काम। यह संयोग ही नहीं है कि जो प्रधानमंत्री, रमेश बिधूड़ी के कारनामे पर एकदम चुप्पी साधे रहे हैं, वही प्रधानमंत्री पिछले दिनों में अपनी आत्मप्रशंसा के अलावा, एक ही मुद्दे पर विशेष रूप से मुखर रहे हैं—कथित सनातन धर्म पर उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी। यहां इस विषय पर विस्तार से चर्चा करने की गुंजाइश तो नहीं है, पर इतना तो याद दिलाया ही जा सकता है कि जिस समय जी-20 के सिलसिले में विदेशी मेहमानों का भारत आना शुरू हो रहा था, उस समय भी प्रधानमंत्री मोदी को इसी सिलसिले में बुलायी गयी मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में भी, अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को इसके लिए तिकतिकाना बखूबी याद रहा था कि सनातन के मुद्दे पर ''उपयुक्त जवाब'' देना चाहिए!

उसके बाद, चुनाव की ओर बढ़ रहे राज्यों, मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में और राजस्थान में भी, पहली ही फुर्सत में मोदी ने खुद ''उपयुक्त जवाब'' देने की कमान संभाल ली और इस प्रकरण के रास्ते विपक्षी इंडिया गठबंधन को हिंदू-विरोधी, धर्मविरोधी, भारतीय संस्कृति विरोधी और अंतत: भारत विरोधी भी घोषित कर दिया। यह इसके बावजूद था कि यह मानना संभव ही नहीं है कि मोदी इससे कतई बेखबर हो सकते हैं कि उन्नीसवीं सदी के आखिर में गुजरात से ही, हिंदी-गुजराती प्रदेश के, तथाकथित सनातन धर्म के सबसे उग्र खंडनकर्ता, स्वामी दयानंद निकले थे, जिन्होंने खुद को सनातनी कहने वाले धार्मिक-सामाजिक सुधार-विरोधी मनुवादियों के खिलाफ ही, हिंदी-पंजाबभाषी क्षेत्र में अपनी पाखंड-खंडिनी पताका गाढ़ी थी और एक के बाद एक शास्त्रार्थों के जरिए खुद को सनातनी कहने वालों को चुनौती दी थी। हैरानी की बात नहीं है मोदी की इस मुखरता में, कथित सनातनियों के मनुवाद के खिलाफ, खुद हिंदू धार्मिक तथा सामाजिक सुधारकों के उन्नीसवीं व बीसवीं सदी के वास्तविक और विराट संघर्षों पर चुप्पी भी शामिल है। याद रहे कि इससे कुछ ही पहले, कर्नाटक चुनाव की हार के फौरन बाद, मोदी की ऐसी ही मुखरता समान नागरिक संहिता पर भी सुनाई दी थी। उससे पहले कश्मीर के विनाश से लेकर, नागरिकता कानून, विदेशी घुसपैठिए आदि, यहां तक कि कब्रिस्तान-श्मशान तक, ऐसे हरेक मुद्दे पर, जिसका सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए इस्तेमाल किया जा सकता था, मोदी की बोली सुनाई दी थी और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खिलाफ जाने वाले हर मुद्दे पर, मोदी की वैसी ही मुखर चुप्पी।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# प्रस्तावित भारत मध्य-पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की चुनौतियां

**■ गिरीश लिंगन्ना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वास्तव में भारत मध्य-पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को लेकर आशान्वित हैं, जिसे उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में जी 20 शिखर सम्मेलन में पेश किया था। हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि इस परियोजना में शामिल सभी देश इसे चीन की बेल्ट एंड रोड पहल के खिलाफ़ नहीं मानते हैं।

संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जॉर्डन और इज़राइल के माध्यम से भारत को दक्षिणी यूरोप से जोड़ने वाले एक सुगम परिवहन मार्ग का निर्माण भारत के प्रभाव को बढ़ायेगा और चुनौतीपूर्ण 'अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे' के लिए एक और विकल्प प्रदान करेगा जो ईरान और रूस से होकर गुजरता है लेकिन इसके विकास में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

पिछले प्रयास के विपरीत, आईएमईसी एक नया रास्ता बनाना चाहता है जो इज़राइल और पूर्वी भूमध्य सागर को भारत के करीब जोड़ता है। चीन का अध्ययन करने वाले इजरायली थिंक टैंक सिंग्नल ग्रुप का नेतृत्व करने वाले कैरिस विट्टे ने बताया कि सिर्फ दो दशक पहले, इस क्षेत्र को अदन की खाड़ी में समाप्त माना जाता था, जहां हिंद महासागर लाल सागर से मिलता है। सऊदी अरब और यूएईआईएमईसी को बढ़ते और लाभदायक भारतीय बाजार तक पहुंचने के एक रास्ते के रूप में देखते हैं। वे तेल पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और पैसा कमाने के नये तरीके ढूंढना चाहते हैं।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों का अध्ययन करने वाले और चीन तथा मध्य पूर्व में संघर्षों के बारे में लिखने वाले प्रोफेसर गाइबर्टन इसी बारे में बात कर रहे हैं- मैं नहीं मानता कि यह धारणा कि यह चीन के खिलाफ़ होगी, खाड़ी में व्यापक रूप से स्वीकार की जाती है। भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हाल ही में जी 20 शिखर सम्मेलन में आईएमईसी के लिए मजबूत समर्थन व्यक्त किया, लेकिन वास्तव में यह भारत, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात थे जो समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए सबसे अधिक दृढ़ थे, वाशिंगटन नहीं।

**आईएमईसी केवल व्यापारिक वस्तुओं के बारे में नहीं है। यह आपूर्ति श्रृंखलाओं को एक साथ बेहतर ढंग से काम करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। लक्ष्य एक साथ चीज़ें बनाने के लिए रास्ते में आने वाले देशों में सरकारी और व्यावसायिक सहयोग दोनों को प्रोत्साहित करना है। उनकी प्रस्तावित बंदरगाहों, रेलवे और सड़कों के बगल में बिजली केबल और पाइप लगाने की भी योजना है।**

रियाद, विशेष रूप से, इस नये गलियारे को वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका को बदलने के साधन के रूप में देखता है। मुख्य रूप से तेल निर्यात करने के बजाय, सऊदी अरब का लक्ष्य पर्यटन, निवेश और रसद का एक प्रमुख केंद्र बनना है। यह परिप्रेक्ष्य अज़ीज़ अल-ग़शियान से आया है, जो एक सऊदी राजनीतिक विश्लेषक और विदेश नीति विशेषज्ञ हैं। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात, जो देश मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन बेचते हैं, नये गलियारे को लेकर विशेष रूप से उत्साहित हैं क्योंकि यह उनकी अर्थव्यवस्थाओं को और अधिक विविध बनाने की उनकी योजनाओं के अनुरूप है।

आईएमईसी केवल व्यापारिक वस्तुओं के बारे में नहीं है। यह आपूर्ति श्रृंखलाओं को एक साथ बेहतर ढंग से काम करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। लक्ष्य एक साथ चीज़ें बनाने के लिए रास्ते में आने वाले देशों में सरकारी और व्यावसायिक सहयोग दोनों को प्रोत्साहित करना है। उनकी प्रस्तावित बंदरगाहों, रेलवे और सड़कों के बगल में बिजली केबल और पाइप लगाने की भी योजना है। ये सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से भारत और यूरोपीय संघ तक नवीकरणीय बिजली और हरित हाइड्रोजन ले जायेंगे। हरित हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस का अधिक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प माना जाता है, और यह इन धूप वाले देशों में बड़ी सौर परियोजनाओं द्वारा उत्पन्न होता है।

उन्होंने वास्तव में एक लंबा फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क बनाने का भी सुझाव दिया है जो इस परियोजना के क्षेत्रों के बीच इंटरनेट कनेक्शन को बेहतर बनायेगा। इस महीने जी 20 शिखर सम्मेलन में एक कार्यक्रम के दौरान, भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने नये समझौते की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए और भी बड़े सपने देखने की नींव रखता है। उसके तुरंत बाद, उन्होंने सऊदी अरब के वास्तविक नेता, क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ दिल्ली में एक निजी बैठक की। अपनी चर्चा के दौरान, उन्होंने भारत में सऊदी निवेश में 100 अरब डॉलर लाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का फैसला किया। यह निवेश योजना पहली बार 2019 में बनाई गई थी लेकिन महामारी के कारण इसमें देरी हुई।

इस धनराशि में से लगभग 55अरब का उपयोग भारत के पश्चिमी तट पर एक विशाल यीरिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए किये जाने की योजना है। वे सऊदी अरब और यूएई के साथ साझेदारी में भारत में एक रणनीतिक तेल रिजर्व बनाने का भी इरादा रखते हैं। यूएई की कंपनियों का एक समूह, जिसमें बंदरगाहों और मुक्त क्षेत्रों का प्रबंधन करने वाली कंपनी डीपी वर्ल्ड शामिल है, ने पहले ही लॉजिस्टिक्स और भारत और मध्य पूर्व के बीच एक नियोजित खाद्य गलियारे के लिए 7अरब के वितरण नेटवर्क के निर्माण पर काम करना शुरू कर दिया है।

भारत और खाड़ी सहयोग परिषद, जिसमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन जैसे देश शामिल हैं, के बीच व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में यह 154.7अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 77प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि के दौरान, चीन ने इस क्षेत्र के साथ दोनों दिशाओं में लगभग 180अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार किया।

आईएमईसी के कार्यान्वयन में एक स्पष्ट भू राजनीतिक बाधा सऊदी अरब और इज़राइल के बीच औपचारिक राजनयिक संबंधों की अनुपस्थिति है। हालांकि दोनों देशों के बीच कोई ज़मीनी सीमा नहीं है, लेकिन उन्हें सऊदी अरब द्वारा वित्तपोषित एक प्रस्तावित रेलवे के माध्यम से जोड़ा जाना तय है, जो जॉर्डन तक फैली हुई है। जॉर्डन, जिसने 1994 में इज़राइल के साथ संधि कर शांति स्थापित की और रियाद के साथ एक मजबूत गठबंधन बनाये रखा, इस संबंध में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आईएमईसी के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया, और इसे एक महत्वपूर्ण सहयोग पहल बताया जो क्षेत्रीय और वैश्विक एकीकरण और सहयोग के आकार और महत्व के संदर्भ में पहले देखी गई किसी भी चीज़ के विपरीत एक नये युग का प्रतीक है।

आधिकारिक संबंध नहीं होने के बावजूद, योजना अभी भी आगे बढ़ सकती है क्योंकि, जैसा कि इजरायली विश्लेषक विट्टे ने बताया, इजरायल और सऊदी अरब औपचारिक सामान्यीकरण के बिना वर्षों से चुपचाप व्यापार कर रहे हैं। आईएमईसी को वर्तमान स्थिति में भी पूरा किया जा सकता है, और यह सामान्यीकरण पर जोर नहीं देता है या इसकी मांग नहीं करता है।

सऊदी विश्लेषक अल-गशियान के अनुसार, आर्थिक गलियारे का मतलब यरूशलेम और रियाद के बीच संबंधों का तत्काल सामान्यीकरण नहीं है, जिस पर वर्तमान में अमेरिका के साथ तीन-तरफा वार्ता में चर्चा चल रही है। इसके बजाय, यह भविष्य में अंतत: घटित होने पर सामान्यीकरण की प्रक्रिया को आसान बना सकता है।

आईएमईसी के संबंध में, वर्तमान में अनिश्चितता है कि कौन सी निजी कंपनियां भाग लेंगी, और जिन परियोजनाओं का काम उन्हें सौंपा जायेगा उनकी प्रकृति क्या होगी।

परियोजना के विशाल पैमाने, व्यापक दायरे और जटिल प्रकृति को देखते हुए, एक सतत और मजबूत राजनीतिक दृढ़ संकल्प आवश्यक है।

## पावन प्रसंग

### मन की शुद्धि के लिए अन्न की शुद्धि

जैसा खाए अन्न वैसा बने मन- वाली उक्ति अक्षरशः सत्य है। तामसिक और राजसिक भोजन करने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य की जड़ें खोखली होती हैं वरन उनका प्रभाव मानसिक स्तर पर भी पड़ता है। आहार के अनुरूप ही मानसिक स्थिति में तमोगुण रहता है, कुविचार आते हैं। उत्तेजनाएं छाई रहती हैं। चिंता, उद्विग्नता और आवेश का दौर चढ़ा रहता है। ऐसी स्थिति में न तो एकाग्रता सधती है और न ध्यान धारणा बन पड़ती है। मन की चंचलता ही इंद्रियों को चंचल बनाए रखती है। शरीर भी उसी के इशारे पर चलता है। इस विघ्न को जड़ से काटने के लिए अध्यात्म पथ के पथिक सर्वप्रथम आहार की सात्विकता पर ध्यान देते हैं।

मन की 11वीं इंद्रिय कहा गया है। यह भी शरीर का ही एक भाग है। अन्न से रस, रस से रक्त, रक्त से मांस, मांस से अस्थि और मज्जा, मेद, वीर्य आदि बनते-बनते अंत में मन बनता है। इसमें चेतना का समावेश तो है, मस्तिष्क संस्थान, वस्तुत: अन्न शरीर का ही एक भाग है। इसलिए स्वाभाविक है कि मन बनेगा। शरीरशास्त्री और मनोवैज्ञानिक भी इस संबंध में प्राय: एक मत है कि आहार से मन का स्तर बनता है। प्रकृति की कैसी विचित्रता है कि जहां मन की प्रेरणा से शरीर को चित्र-विचित्र काम करने पड़ते हैं, वहां यह भी एक रहस्य है कि मन स्तर शरीर द्वारा बनता है। यह शरीर जो आहार का, अन्न का उपादान है, जिसके आधार पर वह बनता, बढ़ता, परिपुष्ट होता है और उसी का पाचन समाप्त हो जाने पर अथवा उससे विषाक्तता रहने पर वह मर भी जाता है। शरीर जहां मन का अनुचर है, वहां उसकी स्थिति को बनाने में प्रमुख भूमिका भी निर्माता है। उस उलझन को देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता कि शरीर प्रधान है या मन। गुत्थी इस तरह सुलझती है कि दोनों का सृजेता अन्न है। इसलिए शरीर और मन, दोनों का सूत्र संचालन मन को कहा जाए तो अतियुक्ति नहीं होगी।

प्रत्यक्ष जीवन का आधार आहार को ही माना गया है। इसके आधार पर ही शरीर बनता और बढ़ता है। इसकी शुद्धता क्यों आवश्यक है; इस संबंध में शास्त्रकार कहते है- 'अनन्मयं हि सौम्य मन:' अर्थात हे सौम्य, यह मन अन्नमय है। इसे अधिक स्पष्ट करते हुए छांदोग्योपनिषद् के छठे अध्याय के पांचवें खंड में उद्दालक ऋषि ने कहा है- जो अन्न खाया जाता है वह तीन भागों में विभक्त हो जाता है। स्थूल अंश मल, मध्यम अंश रस, रक्त, मांस का सूक्ष्म अंश मन बन जाता है। अगले खंड में कहा है- हे सौम्य, मंथन करने से जिस प्रकार निश्चित रूप से ग्रहण किए अन्न का जो सूक्ष्म भाग है, वह ऊपर जाकर मन बनता है इसी तरह पिए हुए जल का सूक्ष्म भाग ऊपर जाकर प्राण और घी, तेल आदि का सूक्ष्मभाग ऊपर जाकर वाणी बनता है। इससे सिद्ध है अन्न का कार्य ही मन है।'

अत: जीवन का व्यक्तित्व का स्तर निर्धारित करने के लिए सर्वप्रथम अन्न के स्वरूप को संबालन करना पड़ता है। क्योंकि वही शरीर को विनिर्मित करता है और उसी के अनुरूप मन की प्रवृत्ति बनती है। इस प्रधान आधार की शुद्धता पर ध्यान न दिया जाए तो न शरीर की स्थिति ठीक रहेगी और न मन की दिशाधारा में औचित्य बना रह सकेगा। अध्यात्म विद्या के वैज्ञानिक ऋषियों ने आहार के सूक्ष्म गुणों का, उसके समस्त आयामों का अध्यन्त गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया था और यह पाया था कि प्रत्येक खाद्य पदार्थ अपने में सात्विक, राजसिक और तामसिक गुण धारण किए हुए है और उनके खाने से मनोभूमि का निर्माण भी वैसा ही होता है। साथ ही यह भी शोध किया गया था कि आहार में निकटवर्ती स्थिति का प्रभाव ग्रहण करने का एक विशेष गुण है। दुष्ट, दुराचारी, दुर्भावनायुक्त या हीन मनोवृत्ति के लोग यदि भोजन पकाएं या परोसें तो उनके वे दुर्गुण आहार के साथ सम्मिश्रित होकर खाने वाले पर अपना प्रभाव अवश्य डालेंगे।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### कोचिंग सेंटरों को प्रतिबन्धित करने की जरुरत

देश भर में नियम विरुद्ध कोचिंग सेंटरों का धड़ल्ले से संचालन हो रहा है। सरकार ने कोचिंग संस्थान चलाने के लिए कोई ठोस बिल या नियम तक नहीं बना रखे हैं, बिना कानून के संचालित अधिकतर कोचिंग क्लासेस मामूली नियमों को ताक में रखकर मनमर्जी से मोटी फीस वसूल कर सेंटरों का संचालन कर रहे हैं। इतना ही नहीं इन कोचिंग सेंटरों का जाल अब ग्रामीण क्षेत्रों तक फैल चुका है। ये छात्रों को बिना पूरी सुविधा दिए मोटी फीस वसूल रहे हैं। छात्रों के जीवन से खिलवाड़ को देखते हुए भी देश भर में शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौन बैठे हैं। यह उनकी कार्यप्रणाली को संदेह के घेरे में डाल देता है। लाभकारी शिक्षा उद्योग के उदय के साथ, कुछ संस्थानों ने अपनी कोचिंग सेवाओं के लिए अत्यधिक दरों की मांग करना शुरू कर दिया है। इससे शिक्षा का व्यावसायीकरण हो गया है, जहां छात्रों के कल्याण से ऊपर मुनाफे को प्राथमिकता दी जाती है। जैसे-जैसे शिक्षा अधिक विपणन योग्य हो गई है, वैसे-वैसे कोचिंग सेंटर भी बढ़ गए हैं, जिनमें से ज्यादातर अपने शिक्षार्थियों को फायदे की बजाय नुकसान अधिक पहुंचा रहे हैं।

आजकल हम आये दिन परीक्षाओं के लिए कोचिंग करने वाले छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामलों को सुनते हैं। हमारी सरकारें कोचिंग माफिया को शिक्षा ऋण के बोझ के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। माता-पिता पर शैक्षिक ऋण का बोझ छात्रों के बीच तनाव के कारणों में से एक है और इसके लिए केंद्र को एक नीति बनानी चाहिए ताकि माता-पिता को शिक्षा के लिए पैसे उधार न लेना पड़े। कोचिंग संस्थान सस्ते नहीं हैं, और इनकी फीस माता-पिता, विशेषकर कम आय वाले परिवारों पर काफी वित्तीय बोझ हो सकती है। फीस के अलावा, अध्ययन सामग्री, परिवहन और आवास के लिए भारी अतिरिक्त शुल्क हो सकता है। माता-पिता को कोचिंग के खर्चों को कवर करने के लिए ऋण लेने के लिए भी मजबूर होना पड़ता है। यह वित्तीय भार तनाव और चिंता उत्पन्न करने वाला हो सकता है और कई परिवारों के लिए यथार्थवादी नहीं हो सकता है। कोचिंग संस्थान केवल पैसा इकट्ठा करने में रुचि रखते हैं। इसलिए कोचिंग सेंटरों को माफिया करार करके सरकार को उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी।

आजकल प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। हर माता-पिता अपने बच्चों को ऊंची शिक्षा देना चाहते हैं। पहले भी तो कोई कोचिंग कक्षाएं नहीं होती थी। तब क्या छात्र आईएएस, आईपीएस नहीं बन रहे थे? कोचिंग के नाम पर आज के दौर में माफिया उपज गए हैं और सरकार को इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी। गहराई से और विश्लेषणात्मक रूप से देखा जाए तो यह राष्ट्रीय संसाधनों का शुद्ध दुरुपयोग बन गया है। जो छात्र शैक्षणिक उपलब्धि के लिए पूरी तरह से कोचिंग सेंटरों पर निर्भर हैं, वे लंबी अवधि में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान का निर्माण करने में विफल हो सकते हैं। वे नियंत्रित सीखने के माहौल और कोचिंग सेंटर द्वारा दिए जाने वाले व्यक्तिगत ध्यान पर बहुत अधिक निर्भर हो सकते हैं, जिससे आत्मविश्वास और पहल की कमी हो सकती है।

क्योंकि प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं के लिए कोचिंग के घोषित बुनियादी उद्देश्य सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों के चयन की पूर्ति नहीं करते। कोचिंग सेंटर न होने पर भी सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन किया जाएगा। वास्तव में कोचिंग सेंटरों की अनुपस्थिति में सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन अधिक वास्तविक होगा। क्योंकि यह स्व-अध्ययन और कच्ची प्रतिभा पर आधारित होगा। कोचिंग सेंटर आंशिक रूप से देश में शिक्षा के गैर समाज पैटर्न का उत्पादन है। दूसरी और इनका बाहरी खर्च अक्सर उन गरीब परिवारों की कमर तोड़ देता है जिन्हें इस डर की दौड़ में भाग लेना पड़ता है। संस्थानों में सीटों की सीमित संख्या और बढ़ती आबादी हर साल प्रतिस्पर्धा को और अधिक कठिन बना देती है। इससे छात्र शारीरिक और मानसिक रूप से तनावग्रस्त हो जाते हैं। उनमे से कई दुर्भाग्य से इस भारी तनाव से निपटने में असफल होकर अपने बहुमूल्य जीवन को समाप्त कर देते हैं।

**-डॉ प्रियंका सौरभ**

## राकेश सिंह के चुनावी समर में उतरने से पश्चिम में होगा बेहद रोचक मुकाबला





### कांग्रेस की तरफ से पूर्व वित्त मंत्री तरूण भानोत पहले से ही मजबूती से उटे हैं मैदान में

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर ही नहीं बल्कि प्रदेश की हाईप्रोफाईल सीट में आने वाले पश्चिम विधानसभा में मुकाबला बेहद रोचक होने वाला है। भाजपा की जारी सूची में जबलपुर के सांसद राकेश सिंह को यहां से पार्टी ने विधायक उम्मीदवार बनाया है। इस तरह की संभावना देशबन्धु ने पहले ही अपने अंक में प्रकाशित खबर में कर दी थी।

उल्लेखनीय है कि इस बार सांसद राकेश सिंह को भी चुनावी समर मे उतारने का निर्णय पार्टी ने लिया है। इसके बाद जहां पार्टी के नगराध्यक्ष प्रभात साहू ने कहा कि पार्टी के निर्णय के बाद पूरे कार्यकर्ता और संगठन राकेश सिंह को विजयी बनाने में जुट जाएंगे, पार्टी का निर्णय हर कार्यकर्ता के लिये सिरोधार्य है। वहीं कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि जिस तरह भाजपा ने राकेश सिंह को विधानसभा चुनाव में उतारने का ऐलान किया है उसके बाद यह साफ है कि चुनाव में पहले से ही भाजपा ने हार मान ली है। अब कांग्रेस आसानी से यहां से चुनाव जीत लेगी। भाजपा का आत्मविश्ववास कमजोर हो गया है।

कुल मिलाकर भाजपा ने राकेश सिंह को अपना उम्मीदवार बनाकर पश्चिम में चुनाव को बेहद रोचक बनाने की कदम चल दिया है। वैसे भी पहले पश्चिम को भाजपा का गढ़ माना जाता था, लेकिन बीते चुनावों के बाद तरूण भानोत ने इस सीट को मजबूत प्रदान की है। जिसके बाद प्रदेश स्तर पर भाजपा का शीर्ष नेतृत्व ने पश्चिम की सीट को उन महत्वपूर्ण सीट में शामिल कर लिया था, जहां पर पार्टी बीते चुनाव हारती रही है और यहां पर कांग्रेस से मुकाबले करने के लिये गहन मंत्रणा के बाद सांसद को चुनावी समर में उतारने के निर्णय को अंतिम रूप दिया है। जैसे कि देशबन्धु ने पहले ही संभावना जताई थी कि इस बार के चुनाव में भाजपा अपने बडे नेताओं जिसमें सांसद भी शामिल हैं उतार सकती है।


कड़ी चुनौती वाली सीटों पर भाजपा मजबूत और बड़े नेताओं को उतार सकती हैं चुनाव में...

जबलपुर की पश्चिम भी पार्टी के लिये हाई प्रोफाईल सीट में शुमार

मैं कुछ भी कहने के लिये अधिकृत नहीं: राकेश सिंह

## नर्मदा में उमाघाट के गणपति





**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में इन दिनों गणेशत्सव की धूम है। सुबह और शाम होते ही गणेश पंडालों में भक्त गण दर्शन और पूजन अर्चन के लिये पहुंच रहे हैं। शहर में अनेक स्थानों पर एक से बढ़कर गणेश मूर्तियों को विराजित किया गया। इसमें आकर्षक साज सज्जा ने आकर्षण बढ़ा दिया है। इसी कड़ी में उमाघाट जय बजरंग गणेश समिति ने उमाघाट के राजा की प्रतिमा विराजित की है। जिसे देखने भक्त नाव पर दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

इसी तरह गढ़ा कोष्टा मोहल्ला के सेन परिवार में गणपति और भोले नाथ की प्रतिमा विराजित की गई है। इसके अलावा सदर, दमोहनाका, रांझी, आधारताल आदि में इसी तरह गणेश पंडालों को सजाया गया है। आकर्षक गीत गायन के साथ गणपति की आराधना की जा रही थी। इधर घरों में भी गणपति की पूजन अर्चन की जा रही है। हर साल गणपति उत्सव के प्रति भक्तों का आकर्षण बढ़ता जा रहा है। आने वाले दों दिनों तक गणेश पंडालों में इसी तरह की धूम रहेगी, जहां भक्त गण गणपति के दर्शन के लिये पहुंच रहे हैं।

## राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह संग्रहालय के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव नवलजीत कपूर की अध्यक्षता में आज राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह संग्रहालय के कार्यों की समीक्षा की गई।

इस दौरान जनजाति कार्य विभाग मध्य प्रदेश शासन के आयुक्त संजीव सिंह, उप सचिव मीनाक्षी सिंह, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन जयति सिंह, नगर निगम कमिश्नर स्वप्निल वानखड़े, स्मार्ट सिटी सीईओ सीपी गोहल, डिप्टी कमिश्नर ट्राइबल श्री सरवटे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कहा गया कि संग्रहालय किए जा रहे कार्यों में तेजी लाएं और समय अवधि में पूरा करें। इस दौरान संग्रहालय को भव्य बनाने से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई ।

## शा.मो.ह.गृहविज्ञान में कार्यशाला सम्पन्न




**जबलपुर, देशबन्धु।** सोमवार को पर्यावरण अनुकूल बीत गणेश पर एक कार्यशाला का आयोजन वनस्पति शास्त्र एवं माईक्रोबायोलॉजी विभाग में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.नंदिता सरकार के निर्देशन एवं डॉ.अनुराधा दवे के मार्गदर्शन से संपन्न हुआ। इसमें विशेषज्ञ डॉ.प्रज्ञा अग्रवाल सहायक प्राध्यापक, शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी उपस्थित रही। उन्होंने अपने उद्बोधन से छात्राओं को बताया कि पर्यावरण सभी के लिए आवश्यक है और इसे प्रदूषित होने से बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। पीओपी से बनी मूर्तियां विसर्जन के उपरांत पूरे जलतंत्र को प्रदूषित कर देती है जिससे उसमें रहने वाले पौधे एवं जलीय जीवों की प्रजाति को नुकसान पहुंचाता है वह अपना अस्तित्व खो रही है। इसी उद्देश्य से वह एक दिवसीय कार्यशाला इकोफ्रेंडली बीज गणेश का आयोजन किया गया। इसका एक महत्वपूर्ण उदेदश्य यह भी है कि इसे बनाने में विभिन्न प्रकार के बीजों का उपयोग किया गया, ताकि जब यह प्रतिमा विसर्जित हो तब इसमें प्रमुक्त बीज जहां भी गिरे वही पर अंकुरित होकर नए पौधे के रूप में उगे और हमारे पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में मदद करेंगे। यह कार्यक्रम वनस्पति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.अनुराधा दवे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया जिसमें डॉ.रजनी निगम, डॉ.विजया श्रीवास्तव,कौशल,डॉ.रचना पांडे,डॉ.प्रणिता भटेले डॉ.रिचा गुमास्ता डॉ. पायल श्रीवास्तव, विनोद कुमार लोधी, डॉ.मनीषा राठी,सुधीर सिंह चंदेल उपस्थित रहे।

## श्री शंकराचार्य सेवा सम्मान से सम्मानित डॉ अभिजात त्रिपाठी



**जबलपुर, देशबन्धु।** ब्रह्मलीन द्विपीठाधीशवर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की शताब्दी महोत्सव के अवसर पर गत दिवस पूज्यपाद ज्योतिष पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज एवं पूज्यपाद ब्रम्हचारी सुबुद्धानदं जी महाराज के करकमलों से परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर श्रीधाम में गरिमामय समारोह में श्री शंकराचार्य सेवा सम्मान से डा अभिजात त्रिपाठी प्राचार्य श्रीजानकी रमण महाविद्यालय जबलपुर को सम्मानित किया गया। उक्त उपलब्धि पर शरद भाई पालन सुरेश मिश्र विचित्र, राजसागरी, यूएस दुबे, अभिमन्यु जैन डॉ शक्ति सिंह मंडलोई डॉ गंगाधर त्रिपाठी डॉ आनंद सिंह राणा मुकेश श्रीवास्तव, दविंदर सिंह ग्रोवर आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## 29 को शहर में प्रवेश करेगी कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा



**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र बाल कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक की अध्यक्षता जबलपुर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व महापौर जगत बहादुर सिंह अनु और बाल कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शिशांत सिंह ठाकुर ने की।

जबलपुर विधानसभा क्षेत्र बाल कांग्रेस की बैठक में जबलपुर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व महापौर जगत बहादुर सिंह अनु जानकारी देते हुए बताया जन आक्रोश यात्रा का रूट क्या रहेगा एवं तैयारी को लेकर विमर्श हुआ।

बताया गया कि भाजपा सरकार के विरोध में कमलनाथ जी के निर्देश पर संपूर्ण मध्य प्रदेश में जन आक्रोश यात्रा निकाली जा रही है। 29 सितंबर को जबलपुर शहर में प्रवेश करेगी सभी पदाधिकारी को उनके कार्य प्रणाली बताई गई बैठक में पूर्व विधानसभा के तीनों ब्लॉक अध्यक्ष संपूर्ण विधानसभा कार्यकारिणी व जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी 21 वार्डों के वार्ड अध्यक्ष उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य रूप से संगठन मंत्री मनोज सेठ, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि आरिफ बेग,युवक कांग्रेस के यात्रा प्रभारी रघु तिवारी, आशुतोष सौदा,मोहित सुफेले, मोहम्मद तौकीर,तुषार बक्सरिया, सुमित गुप्ता,मोहम्मद अयन, प्रियंश साहू,राहुल राज, मोहम्मद अयन,विवेक मेवारी, आर्यन राजपूत,मोहम्मद कामिल और सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना जगन्नाथपुरी की यात्रा के लिये चयनित वरिष्ठ नागरिकों को टिकिट का वितरण आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जगन्नाथपुरी की यात्रा के लिये चयनित वरिष्ठ नागरिकों को टिकिट का वितरण मंगलवार 26 सितम्बर को सुबह 11 बजे से किया जायेगा। चयनित वरिष्ठ नागरिकों को लेकर जगन्नाथपुरी जाने वाली ट्रेन बुधवार 27 सितम्बर की रात 11.30 बजे मुख्य रेलवे स्टेशन जबलपुर से रवाना होगी।

कलेक्टर कार्यालय की धर्मस्व शाखा के अनुसार जगन्नाथपुरी की तीर्थ यात्रा के लिये चयनित ऐसे वरिष्ठ नागरिकों को टिकिट का वितरण कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 27 से किया जायेगा जिन्होंने तहसील कार्यालय अधारताल, रांझी एवं गोरखपुर में आवेदन दिया था।

शेष चयनित यात्रियों को टिकिट प्राप्त करने के लिये उन्हीं कार्यालय में संपर्क करना होगा जहां उन्होंने आवेदन दिया था। तीर्थ यात्रियों को यात्रा के दौरान मूल आधार कार्ड आपने साथ रखने कहा गया है।

## खालसा इंग्लिश मीडियम स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**जबलपुर,देशबन्धु।** क्राइस्टचर्च स्कूल एलूमीनाइज एसोसिएशन एवं फ्रीमेशन लॉज के सदस्यों के द्वारा कन्टोलमेंट खालसा इंग्लिश मीडियम स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर जिसमें 350 छात्रा/ छात्राऐं लाभान्वित हुए और उन्हें फ्री डेन्टल किट एवं दवाईयां निःशुल्क वितरित की गई। इस मेडिकल केम्प में डॉ.अरूण सक्सेना,डॉ.शब्बीर हुसैन,डॉ.परवेज सिद्धिकी ,डॉ.प्रार्थना पटेल, डॉ. चिराग सुहाने एवं नितिन निगॉधी का विशेष सहयोग रहा। स्कूल के चेयरमेन अमृत उपराह, सचिव एनएस रूपराह,एवं प्रिंसपल हरविंदर कौर ने इस निःशुल्क स्वास्थ्य केम्प के लिए क्राइस्ट चर्च स्कूल एवं सलूमीनाइज एसोसिएशन का आभार व्यक्त किया ।

क्राइस्ट चर्च एलुमीनाइज एसोसिएशन से अध्यक्ष यतिन पटेल प्रदीप नायडू अतुल झा, मोहन तामस्कर, प्रदीप जैन,रामजी अग्रवाल एवं रोहित खन्ना उपस्थित थे। फ्री मेशन लॉज की तरफ से सदस्य विनोद वाधवा आईएस रूपराह, नवतेज सिंह रूपराह, अनिल केशवान, जितेन्दर सिंह सैनी, सरबजीत सिंह रील, हिम्मत सिंह सैनी, एवं संजीव डे का सहयोग सराहनीय था।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जबलपुर रेल मंडल ने मनाया स्वच्छ यार्ड दिवस

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय रेलवे में स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत जबलपुर रेल मंडल में मण्डल रेल प्रबंधक विवेक शील के मार्गदर्शन में जबलपुर मंडल पर 16 सितंबर से 02 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 23 सितंबर को स्वच्छ यार्ड दिवस पर नामित अधिकारियों के नेतृत्व में मण्डल के सभी रेलवे स्टेशन के यार्डों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई सुनिश्चित की गई। इसके साथ ही मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर रिटायरिंग रूम, वेटिंग रूम, रेस्ट हाउस, अधीनस्थ रेस्ट हाउस, डोरमेट्री, रनिंग रूम तथा कोचिंग डिपो, रेलवे स्कूलों मण्डल कार्यालय सहित सभी स्टेशन परिसरों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई सुनिश्चित की गई।

इसी कड़ी में सीनियर डीसीएम श्री विश्व रंजन के नेतृत्व में जबलपुर मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा 23 सितंबर को स्वच्छता पखवाडा के दसवें दिन स्वच्छ यार्ड के अंतर्गत वाणिज्य विभाग के सभी कार्यालय एवं परिसर पर साफ सफाई की गई एवं स्वच्छता को लेकर इंजीनियरिंग एवं यांत्रिक विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा मंडल के सभी स्टेशन के यार्डों पर सघन साफ सफाई की गई एवं लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक रहने के लिए सलाह दी गई एवं कार्यालय परिसर को साफ और स्वच्छ रखने के लिए अभियान चलाया गया।

इसी तरह रेलवे के सभी विभागों के द्वारा रेलवे परिसर, रेलवे कॉलोनी एवं कार्यालय आदि स्थानों की गहन साफ सफाई की गई।मंडल के जबलपुर स्टेशन सहित कटनी, दमोह, सागर, रीवा, मदन महल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, पिपरिया आदि रेलवे कॉलोनियों में गहन सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही सभी रेलवे यार्डों में स्वच्छ जागरूकता अभियान चलाकर कूड़े को उचित स्थान पर डिस्पोज करना, प्लास्टिक की वस्तु से पर्यावरण को होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए प्लास्टिक के थैले का उपयोग बन्द करने एवं कपड़े के थैले का उपयोग करने का अनुरोध किया गया।

रेल प्रशासन द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली द्वारा भी स्वच्छता जागरूकता संबंधी संदेशों का प्रसारण कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## विद्युत फेडरेशन व इंटक को मजबूत करने होंगे हरसंभव प्रयास




**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के नवनियुक्त उपाध्यक्ष राकेश डी पी पाठक व वरिष्ठ जनों का स्वागत एवं मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के जबलपुर स्थित सभी साथियों का मिलन तथा संगठन को और अधिक मजबूत करने का कार्यक्रम का आयोजन इंडियन काफी हाउस किया गया ।

मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के पदाधिकारियों , सदस्यों की भव्य बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सवश्री इंटक के नवनियुक्त उपाध्यक्ष राकेश डी पी पाठक सीताराम कुरचानिया, यू.के.पाठक, योगाचार्य अवनीश तिवारी, श्याम मोहन वर्मा, आर. एस. परिहार, केदारनाथ अग्निहोत्री, उमाशंकर दुबे, रंजीत जी,एस.के.पचौरी ने अपने, अपने उध्दवोधन में विधुत फेडरेशन एवं इंटक को और अधिक सक्रिय व मजबूत करने एकजुट होकर हरसंभव प्रयास करने का निर्णय लिया। सभी ने कहा कि विधुत फेडरेशन और इंटक संगठन मजबूत और सक्रिय होगा तो कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान भी प्राथमिकता पर होने लगेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन दिनेश दुबे ने किया अतिथियों का स्वागत विजय नगर संभाग की ओर से आयोजक दिलीप पाठक, मनोज पाठक, अनूप वर्मा, बसंत मिश्रा, मोहन श्रीवास, साहित्यकार विजय तिवारी, विमल महापात्रा, सुरेंद्र तिवारी, विनय पाठक, बृज विश्वकर्मा , दयाशंकर शुक्ल, दिलीप विश्वकर्मा, दयाशंकर द्विवेदी, निजामुद्दीन खान, दीपक मैंने सहित सभी ने फेडरेशन के साथियों ने किया। स्वागत कार्यक्रम के बाद फेडरेशन के प्रांतीय सचिव स्वगीर्य एस.पी.मिश्रा एवं प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य स्वगीर्य एन.पी.पाठक के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दोनों नेताओं के निधन को सभी ने अपूर्णीय क्षति बताया। इसके बाद सभी ने दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की।

## देव आनंद की जन्म शताब्दी के बहाने जबलपुर की शून्यता




बीते दिनों फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन, नेशनल फिल्म आर्काइव और पीवीआर ने देश के कई शहरों में देव आनंद की कुछ फिल्मों का प्रदर्शन सिनेमा घरों में किया। ये फिल्में देव आनंद की जन्म शताब्दी वर्ष पर दिखाई जा रहीं हैं। देश के 30 शहरों के 55 सिनेमाघरों में ये फिल्में दिखाई गईं। इन शहरों में जबलपुर को शामिल नहीं किया गया। जबलपुर इन शहरों में शामिल क्यों शामिल नहीं हो पाया? यह सवाल उठना लाजिमी है।

जबलपुर क्या अब भी कस्बा है? दरअसल जबलपुर में जो भी मल्टीप्लेक्स हैं वे पीवीआर से संबद्ध नहीं हैं। जबलपुर सिनेमा व फिल्म आंदोलन का पुराना गढ़ रहा है। देव आनंद की फिल्मों ने यहां बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़े हैं। गाइड, सीआईडी, ज्वेल थीफ़ और जॉनी मेरा नाम जबलपुर के सिनेमाघरों में सर्वाधिक कमाई करने वाली फिल्मों में से रही हैं।

जबलपुर का यूथ फिल्म फोरम देश की सबसे पुरानी फिल्म सोसायटी रही है। यूथ फिल्म सोसायटी के माध्यम से जबलपुर में छठे से आठवें दशक तक विश्व का सर्वश्रेष्ठ सिनेमा यहां के सिने प्रेमियों ने देखा। उस समय भोपाल व इंदौर के लोग जबलपुर से रश्क करते थे।

जबलपुर में जब स्मार्ट सिटी में शामिल हुआ तब उसके मूल उद्देश्य में पर्यटन के साथ कला व संस्कृति को प्राथमिकता के साथ रखा गया। स्मार्ट सिटी में हम इतने दायरे में सीमित रह गए कि बाहरी दुनिया तो क्या दिल्ली, मुंबई, पुणे से कट गए। एनएफडीसी, एनएफएआई, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन से जबलपुर का कोई नाता नहीं रह गया और न ही ऐसे नाता जोड़ने वाले लोग या शख्सियत रह गए। जबलपुर में जब यूथ फिल्म फोरम के फेस्टिवल हुआ करते थे, तब शहर की टॉकीजों के दरवाजे सहर्षता के साथ खोल दिए जाते थे। नाममात्र के व्यय पर फिल्मों का प्रदर्शन होता था।

जबलपुर से धीरे धीरे राष्ट्रीय स्तर के आइकॉन (विभूतियां) गायब होते जा रहे हैं। हमारे पास कुछ शेष नहीं है। पांचवे से नौंवे दशक तक जबलपुर में शिक्षा, साहित्य, कला, सांस्कृतिक, खेल, फिल्म, राजनैतिक, प्रशासनिक, पुलिस, चिकित्सा, न्यायिक, सामाजिक, पत्रकारिता क्षेत्र में ऐसे आइकॉन थे, जिनकी राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा होती थी। जबलपुर के उदाहरण दिए जाते थे। वर्तमान में एक या दो आइकन ही बचे हैं। इनके बाद जबलपुर में एक बड़ा शून्य ही रहेगा।

हम खुश होते रहते हैं कि जबलपुर देश का बढ़ता शहर बनते जा रहा है। क्रांकीट के विशाल निर्माण को विकास के समकक्ष मान लिया गया है।

बहरहाल जब रुपहले परदे पर लेके पहला पहला प्यार गूंजा..जब तेरे मेरे सपने अब एक रंग हैं और पिया तोसे नैना लागे रे जैसे गाने गूंजे...अजीब सी सनसनी थी देश के 55 सिनेमा घरों में। पुरानी फिल्मों को नए जमाने में दोबारा देखने से शरीर में सुरसुरी दौड़ जाती है। देव आनंद को नए प्रिंट में देखना, शानदार साउंड में उनके गीत को देखते हुए सुनने से लुफ्त का मज़ा मिलता है।

क्या इसमें हमारा कोई दोष है कि हम जबलपुर में रहते हैं। हम इन फिल्मों को देखने से वंचित रह गए।

**- पंकज स्वामी**

## स्वच्छता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का किया गया आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत् स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा चला रहा है। इसी क्रम में 24 सितम्बर को नगर निगम द्वारा आयुर्वेदिक कॉलेज ग्वारीघाट से सब्जी मंडी तिराहे तक स्वच्छता रैली निकाली गई और सब्जी मंडी तिराहे पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। उपरोक्त गतिविधियों के माध्यम से साफ-सफाई रखने एवं प्लास्टिक का उपयोग बंद करने की अपील की। आयोजन के समय ओम सांई विजन की आई.ई.सी. टीम आदि उपस्थित रही।

## बाबू स्व. शिवलाल घनघोरिया की स्मृति में आयोजन



# जीवन जीने की कला मानस से मिलती है : दीदी मंदाकिनी

**जबलपुर,देशबन्धु।** श्री रामकथा की श्रृंखला के तृतीय दिवस आधुनिक सामुदायिक भवन भाई का बगीचा परिसर में राष्ट्र की प्रख्यात मानस मर्मज्ञ, युग तुलसी पंडित रामकिंकर उपाध्याय की मानस पुत्री डॉ. मंदाकिनी दीदी माँ ने मानस मंथन में श्रेताओं को जिस नवनीत का रंसास्वादन कराया उसे पाकर श्रद्धालु महिला पुरूष अभिभूत हो गये। धर्मपरायण स्व. बाबू शिवलाल घनघोरिया जी की पुण्य स्मृति में विधायक लखन घनघोरिया के संयोजन में आयोजित श्री राम कथा शुभारंभ के पूर्व व्यास पूजन एवं कथा व्यास विदुषी मंदाकिनी जी का स्वागत किया। विश्व विख्यात युग तुलसी की मानस पुत्री विदुषी मंदाकिनी दीदी ने अत्यंत सरस, ममतामयी वाणी से श्रीराम की कथा को विस्तार देते हुए बताया कि प्रभु श्री राम द्वारा सामाजिक स्तर पर सर्वोच्च स्थिति उपलब्ध हुई है, जिसे हम राम राज्य कहते हैं। ईश्वर सर्वव्यापी है उसे देखने के लिए हनुमान जी जैसा विश्वास और भक्त चाहिए ज्ञानमार्ग का साधन ज्ञान और वैराग्य की दृष्टि चाहिए।

रामकथा के आरंभ में हजारों सुधि श्रोताओं के साथ ही विधायक विनय सक्सेना, महेश केमतानी, राजेन्द्र यादव, शंभु दयाल बड़ेरिया, सत्येन्द्र पटेल, राम दुबे, विजय सरावगी, सुनील खत्री, दिनेश यादव, सुनील जैन, जमुना पटेल, चतुरसिंह, सुश्री मधु यादव, कमलेश रावत, राजेश मिश्रा, जयराम घनघोरिया, ब्रम्हानंद घनघोरिया, सत्येन्द्र जैन आदि ने आरती में भाग लिया।

# श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में महा आरती आशीर्वचन, भजन का आयोजन



**बलपुर, देशबन्धु।** श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर जबलपुर में श्री गणेश पर्व के सातवें दिवस पर सभी भक्तों ने धार्मिक भाव से बड़े ही हर्ष एवं उल्लास से मनोकामना पूर्ण करने वाले श्री गणेश जी की प्रात: 9.00 बजे से पूजन, आरती, अभिषेक, माला अर्पण, वस्त्र अर्पण,अथर्वशीर्ष पाठ सभी गणेश भक्तों द्वारा सम्पन्न हुआ, सायं 7.15 बजे भगवान श्री गणेश जी का पूजन, महाआरती, स्तुति, में परम पूज्य जगतगुरू स्वामी राघवदेवाचार्य जी महाराज, नगर के गणमान्य एवं भक्तों द्वारा भक्ति भाव से प्राणियों में सदभाव एवं जगत के कल्याण की कामना के साथ आरती सम्पन्न हुई, श्री सुप्तेश्वर गणेश जी के समस्त भक्तों ने महापर्व को हर्ष, आनंद, भक्ति भाव से समरसता के साथ सभी गणेश भक्तों ने उपस्थित होकर जगतगुरू स्वामी राघवदेवाचार्य जी की अमृत वाणी से आशीर्वचन सुना, पं.रिषीकेश मिश्रा जी के भजनों में भारी संख्या में गणेश भक्त उपस्थित होकर प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी का महोत्सव मनाया, प्रसाद एवं भंडारे की व्यवस्था श्रीमती तृप्ति ललित भल्ला द्वारा की गई, गणेश पर्व के आठवें दिन श्री सुप्तेश्वर गणेश महिला मंडल द्वारा सायं 4 बजे से सुन्दरकाण्ड का पाठ, महाआरती 7.15 बजे श्री सुप्तेश्वर युवा मंडल द्वारा, आशीर्वचन परम पूज्य स्वामी ग्यानेश्वरी दीदी जी एवं परम पूज्य स्वामी गिरीशानंद सरस्वती जी महराज के आशीर्वचन एवं पी एस म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या रात्रि 9.00 बजे से श्री गणेश जी के महापर्व पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में श्री सुप्तेश्वर विकास समिति एवं समिति की मात्र शक्ति ने उपस्थिति हेतु आग्रह किया है।

# हॉर्स राइडिंग में दिखाया कैडेट्स ने हुनर, कल्चरल में बिखेरे कला के रंग





**जबलपुर, देशबन्धु।** हॉर्स राइडिंग में कैडेट्स ने करतब दिखाए। टैंट पैगिंग, शो जम्पिंग जैसे राउंड की ट्रेनिंग के बाद खुद को सशक्त किया। इस साल आरडीसी में महिला शक्ति का दबदबा होगा, इसलिए चयन के लिए गर्ल्स कैडेट्स को ही अलग से ट्रैनिंग दी गई। वनएमपी आरएनवी स्क्वॉर्डन एनसीसी यूनिट का सीएटीसी-19 कैम्प का समापन किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने एडवेंचर के साथ-साथ कला के रंग भी बिखेरे।

**देशभक्ति गीतों की धूम-** कार्यक्रम में कैडेट्स ने सांस्कृतिक रंगों की छटा बिखेरी। इसके अंतर्गत जहां प्रस्तुति में देशभक्ति की बयार बही, वहीं गणेश उत्सव और दुर्गा पूजा का उत्साह नृत्य प्रस्तुतियों में छाया रहा।

**मेडल्स देकर किया सम्मानित-** समारोह में कैम्प और सांस्कृतिक गतिविधियों में बेहतरीन परफॉर्मेंस देने वाले कैडेट्स को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्रुप कमांडर, ब्रिगेडियर नवदीप दहिया, कैम्प कमांडेंट कर्नल जितेन्द्र तनेजा, एनसीसी अधिकारी ले. रणधीर सिंह मौजूद थे।

## संगीत संध्या का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतस संस्था के तत्वावधान में कभी भूला कभी याद किया थीम पर संगीत संध्या का आयोजन 7 अक्टूबर को शाम 6.30 बजे रानी दुर्गावती कलावीथिका में किया जाएगा।

## ग्रेंड महारास

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमओजे क्लब के तत्वावधान में 27 अक्टूबर को तिलवारा स्थित होटल में शाम 4 बजे से ग्रेंड महारास का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में एक्टर जैनिवर मिस्त्री बंसीवास मुख्य अतिथि होंगी।

# युवाओं को जनकल्याण से जोड़ता है एनएसएस

**जबलपुर, देशबन्धु।** एनएसएस युवाओं को जनकल्याण कार्यों से जोड़ता है। इससे जुड़कर युवा ना सिर्फ कर्तव्यनिष्ठा का पाठ सीखते हैं, बल्कि उनके बेहतर व्यक्तित्व का निर्माण होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर जानकीरमण में स्वच्छता अभियान और गाजरघास उन्मूलन अभियान चलाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि शरदचंद्र पालन, प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, यूएस दुबे, अभिमन्यु जैन, डॉ. कौशल दुबे, डॉ. आनंद सिंह राणा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गंगाधर त्रिपाठी मौजूद थे।

**प्रतिभागियों का सम्मान-** इसी कड़ी में शासकीय महाकोशल कॉलेज में स्थापना दिवस के मौके पर एनएसएस के महत्व पर संगोष्ठी हुई। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. एसी तिवारी, विशिष्ट अतिथि प्रो. अरुण शुक्ल ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा से जोड़ता है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. देवाशु गौतम, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवचंद्र वल्के, डॉ. प्रियंका साहू, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. मावेन्द्र यादव, डॉ. राहुल झरिया मौजूद थे।

## स्थापना दिवस के मौके पर हुए विविध आयोजन



# 300 पीपीएम तक पानी पीने योग्य है

**जबलपुर, देशबन्धु।** क्लीन वॉटर और सैनिटेशन में स्टूडेंट्स ने क्विज कॉम्पीटिशन में टैलेंट दिखाया। स्टूडेंट्स से क्लीन वॉटर मैनेजमेंट से जुड़े सवाल पूछे गए। स्टूडेंट्स ने बताया कि डब्ल्यूएचओ के अनुसार पानी में 300 पीपीएम (पार्ट्स पर मिलियन) का होना उसे पीने योग्य बनाता है। गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में क्लीन वॉटर पर प्रश्नमंच आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया, आक्यूएसी समन्वयक डॉ. आरके श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष डॉ. शिखा सक्सेना, डॉ. मंजुला वाजपेयी, डॉ. प्रतीक्षा गौर, डॉ. अर्चना दवे मौजूद रहीं।

## जैन महिला परिषद : सोलह श्रृंगार कर जीते उपहार



**जबलपुर, देशबन्धु।** सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। सुर्ख साड़ी, काजल, मेहंदी और गजरा के साथ अन्य श्रृंगार से सजी-धजी महिलाओं ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के साथ मनोरंजक खेल भी खेले। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद् पारस समिति के तत्वावधान में सुगंध दसमी का कार्यक्रम मनाया गया। परिषद् में 12 नई सदस्यों को जोड़ा गया। इस मौके पर अध्यक्ष अर्चना जैन, विकास जैन, डॉली जैन, नम्रता जैन, पूजा मोदी, रीना जैन, संगीता, शिखा, अक्षया, आरती, समीक्षा, श्रुति मौजूद थीं।

## होमसाइंस कॉलेज में वाद-विवाद प्रतियागिता का हुआ आयोजन




**जबलपुर, देशबन्धु।** इंटरक्लास यूथ फेस्टिवल के अंतर्गत शासकीय होमसाइंस कॉलेज के भाषा विभाग में भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के भाषण प्रतियोगिता में प्रथम श्रृष्टि मिश्रा, द्वितीय जिज्ञासा जैन और तृतीय तेजस्विनी दुबे रहीं। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम जिज्ञासा जैन, द्वितीय श्रृष्टि मिश्रा और तृतीय अंशिका गौतम रहीं। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. आभा मिश्रा, डॉ. किरण सिंह, प्रो. आरके मिश्रा, प्रो. वेदप्रकाश नारंग, डॉ. विनीता नंदा, शक्ति बबेले, रीना रजक मौजूद रहीं।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 26 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की द्वादशी, नक्षत्र-घनिष्ठा।**

**मेष**
आज आप सभी कार्य अच्छी तरह से पूरी कर सकेंगे, परंतु आपने जो दिशा पसंद की है, ऐसा भी हो सकता है कि वह गलत हो।

**वृषभ**
आप जो कार्य हाथ में लेंगे, वह समय से पूरा न होने पर निराशा का अनुभव करेंगे। काम सफल होने में थोड़ा समय लगेगा। आहार में ध्यान न देने के कारण तबीयत खराब हो सकती है।

**मिथुन**
आपके दिन की शुरुआत ताजगी और स्फूर्ति के साथ होगी। आप मित्रों और मेहमानों के साथ भोजन या पिकनिक का आनंद उठाएंगे।

क.

**कर्क**
आज आपकी चिंताएं दूर होगी। आप खुशी अनुभव कर सकेंगे। परिजनों के साथ समय व्यतीत करके आनंद प्राप्त कर सकेंगे।

**सिंह**
आज आप स्वयं को शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ रख सकेंगे। आपकी सृजनशीलता में अधिक निखार आएगा। लेखन और साहित्य में कुछ नई रचना कर सकेंगे।

**कन्या**
आपको थोड़ी कठिन परिस्थिति के लिए तैयार रहना पड़ेगा। आपका स्वास्थ्य थोड़ा खराब होगा और किसी बात का डर मन में लगा रहेगा।

**तुला**
नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। आप अधिक भाग्यशाली बनेंगे और आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिक**
आज आपके कुटुंब में सुख-शांति का माहौल रहेगा। सम्बंधियों और मित्रों से मिलेंगे, स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकेंगे। धार्मिक कार्यक्रम के पीछे खर्च हो सकता है।

**धनु**
आज आप निर्धारित कामों में सफलता तथा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आप परिवार सहित शुभ अवसर में उपस्थित हो सकेंगे।

**मकर**
आपका दिन धार्मिक कामों में व्यस्त होगा। किसी धार्मिक काम में आपके पैसे खर्च होंगे। परिजनों और सम्बंधियों के साथ बातचीत में ध्यान रखना पड़ेगा।

**कुंभ**
आज आप नए काम हाथ में लेंगे। भाग्य आपके साथ रहेगा। नौकरी- धंधे में आय के नए स्रोत खड़े होंगे। आपको अपने मित्रों से लाभ हो सकेगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए अच्छा फलदायक रहेगा। आप कामकाज में सफलता प्राप्त करेंगे। उच्च अधिकारियों की तरफ से मिलनेवाला प्रोत्साहन आपके उत्साह में वृद्धि करेगा।

मा.

## रनिंग स्टाफ से भेदभाव, अवहेलना कर रहा रेल प्रशासन

# डबलूसीआरईयू के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन




**जबलपुर, देशबन्धु।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे एमपलाइज यूनियन के नेतृत्व में जबलपुर रेलवे स्टेशन स्थित क्रू लॉबी के समक्ष रनिंग स्टाफ ने जोरदार प्रदर्शन किया. कर्मचारियों का आरोप था कि रेल प्रशासन लगातार उनकी मांगों की उपेक्षा करते हुए भेदभाव करता आ रहा है, जिससे वे लोग जबर्दस्त तनाव में काम करने मजबूर हैं, जिससे कभी भी कोई रेल हादसा भी हो सकता है. यूनियन ने प्रशासन को चेतावनी दी कि रनिंग स्टाफ की मांग को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन उसे तत्काल हर करे, अन्यथा आंदोलन और तेज किया जाएगा.

रेलवे स्टेशन में रनिंग स्टाफ के प्रदर्शन के दौरान यूनियन के मंडल सचिव काम. बीएन शुक्ला, मंडल सचिव काम. रोमेश मिश्रा, सुशांत नील शुक्ला, अजय वाजपेयी, बर्नवाल वीके सिंह, नीरज सिंह, विवेक सोनी, जरनल सिंह, धीरज गोयल सहित बड़ी संख्या में रनिंग स्टाफ मौजूद रहा. इस प्रदर्शन को संबोधित करते हुए काम. बीएन शुक्ला ने कहा कि रेलवे में अग्रणी भूमिका निभाने वाले रनिंग स्टाफ जो आज अत्यधिक तनाव, दबाव और परेशानी से जूझ रहा है और रेल प्रशासन उससे मशीन जैसा काम लेने की चाहत में अनाप शनाप आदेश जारी कर रहा है, जिससे स्टाफ में जबर्दस्त असंतोष है, यह असंतोष बड़े तनाव का कारण भी बना हुआ है, जो सुरक्षित रेल संरक्षा व सुरक्षा के लिए गंभीरता का विषय है. इसलिए प्रशासन को चाहिए कि वे इस मामले को तत्काल सीरियस लें और उसे पूरा करें, अन्यथा यूनियन बड़े आंदोलन को बाध्य होगी, जिसकी जवाबदारी रेल प्रशासन की होगी.

# उत्तर मध्य क्षेत्र में कांग्रेस, भाजपा की खामी जनता को बतायेगी

**जबलपुर, देशबंधु।** उत्तर मध्य विधानसभा में होने वाली जन आक्रोश यात्रा के संबंध में मानस भवन में कांग्रेस ने बैठक की। गौरतलब है कि प्रदेश कि भाजपा सरकार जहां जन आशीर्वाद यात्रा निकाल कर अपनी सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं को जनता के सामने रख रही है।

तो वही दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी लगातार बढ़ रही महंगाई, रोजगारी जैसे मुद्दे को लेकर प्रदेश भर में जन आक्रोश यात्रा निकाल कर शिवराज सरकार की खामियां आम जनता के समक्ष रख रही है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा 15 महीनों की सरकार में की गई 11 गारंटियां भी प्रदेश के लोगों को बताएगी।

## विधायक सक्सेना ने मुख्यमंत्री पर साधा निशाना

कांग्रेस विधायक विनय सक्सेना ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश की शिवराज सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दिनों दिन मंहगाई बढ़ रही है, तो वहीं प्रदेश के शिक्षित युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे है। लेकिन शिवराज सरकार द्वारा लगाई गई होर्डिंग्स देखकर ऐसा लगता है, जैसे प्रदेश में सचमुच का रामराज्य आ गया हो।

प्रदेश में 18 सालों से शिवराज सिंह की सरकार कमान संभाले है, लेकिन प्रदेश में सरकार बनाए रखने के लिए नई-नई घोषणाएं किए जा रहे है। लेकिन आम जनता भाजपा की कथनी और करनी जान चुकी है।

# गुलशने मदीना का नूरानी इजलारा आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** बज्मे गुलशने मदीना के खालिद मुबीन द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार कार्यक्रम अंतर्गत रात्रि 9 बजे हुसैन चौक नया मोहल्ला में जल्शा ए खिताबत का आयोजन मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश मौलाना हामिद अहमद कादरी सिद्दीकी की सरपरस्ती में किया गया है। जल्शा की सदारत मौलाना मुशाहिद रजा सिद्दीकी करेंगे। जल्शे का आगाज हाफिज शिराजुल हसन सा., हाफिज मोहम्मद तारिक साहब और हाफिज मोहम्मद सलाहउद्दीन के तिलावते कुरआन (पाठ) से होगा तदुपरांत उत्तर प्रदेश से तशरीफ लाये मौलाना सैय्यद ग्याशुद्दीन तिरमिजी साहब कालपी शरीफ, मौलाना गुलाम जीलानी अजहरी सा. खण्डवा, मौलाना नईम अख्तर मिस्बाही साहब, मौलाना फरीद रिजवी सा. शीरते मुस्तफा (पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जीवन दर्शन) पर इमान अफरोज तकरीर पेश करेंगे। जनाव सलीम नूरी, हाजी सुलेमान, नाअत शरीफ पढ़ेंगे। शिरकत की अपील हाजी सलीमुद्दीन, हाजी अब्दुल रहमान, शाहिद मुबीन, नकी खान, परवेज भाई, तारिक रजा, बन्टी खान आदि ने की है।

## कांचघर दशहरा चल समारोह समिति का चुनाव सम्पन्न

**जबलपुर, देशबंधु।** नारी की शक्ती का पूजा अर्चना का महापर्व नवरात्र संस्कारधानी के साथ-साथ प्रदेश सहित पूरे देश भर में प्रसिद्ध है। नवरात्र पर्व शहर भर में बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाता है, एवं शहर के देवीभक्त श्रद्धाभाव से उपवास रखते है एवं मां जगत जननी जगदम्बा की नौ दिनों तक उपासना करते है। इसी तारतम्य में कांचघर दशहरा चल समारोह की बैठक कांचघर स्थित राममंदिर परिसर में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से दशहरा चल समारोह 2023 के लिए नारायण रजक को अध्यक्ष और पूर्व पार्षद कल्लू बाबा को कार्यवाहक अध्यक्ष चुना गया। मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में दशहरा चल समारोह समिति के आयोजक सरमन रजक, संरक्षक डा. रमाकांत रावत, एड. जी.एस. ठाकुर, एड. सुधीर शर्मा, मुरलीधर राव ने आम सहमति से अध्यक्ष एवं कार्यवाहक अध्यक्ष का चुनाव किया। आयोजित बैठक में नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा हमारा उद्देश्य है इस महापर्व को आम जनमानस में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की बात रखी जाएगी। इस बैठक में दशहरा चल समारोह समिति के आयोजक सहित सोनी मास्टर, मुन्ना ठाकुर,पूर्व पार्षद संजय साहू, अतुल गुप्ता, पवन मांगरे, गुड्डू झा, सागर शुक्ला, संजू भोजक, सुरजीत यादव, अर्जुन रजक, रमेश प्रजापति, भरत मंगलानी, नरेन्द्र वर्मा, अनुराग सिंह ठाकुर, विक्की विश्वकर्मा, निक्की बेन, राकेश कनौजिया, सतीश रजक, मुकुल यादव, गगन प्रजापति, प्रेमसुख चक्रवर्ती, बबलू भैसवार एवं अन्य प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**



**अजय श्रीवास्तव** -सहकार नगर एमपीईबी कॉलोनी रामपुर निवासी मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल के सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता सिविल अजय श्रीवास्तव का सोमवार को 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अनुपम व आदित्य श्रीवास्तव के पिताजी थे। अंतिम यात्रा आज 26 सितंबर को निवास स्थान से प्रातः 11.00 बजे ग्वारीघाट मोक्षधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

**श्रीमती शशि सराठे**- ब्रह्मर्षि कॉलोनी ग्वारीघाट निवासी श्री रमेश सराठे की धर्मपत्नी श्रीमती शशि सराठे (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शादी लाल आनंद**- कांचघर स्टेशन रोड निवासी श्री शादी लाल आनंद (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला देवी**- संजय नगर अधारताल निवासी श्रीमती सुशीला देवी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र सोनकर**- घमापुर चौक के पास निवासी श्री राजेंद्र सोनकर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आशा चौहान**- टैगोर रेलवे कॉलोनी साउथ सिविल लाइन निवासी श्री महादेव चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती आशा चौहान (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम लाल कोल**- राधाकृष्णन वार्ड मरही माता मंदिर के पास निवासी श्री श्याम लाल कोल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मंजू विश्वकर्मा**- जोन्सगंज विक्टोरिया अस्पताल के सामने निवासी श्री अजय विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मंजू विश्वकर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक जायसवाल**- सन सिटी अधारताल निवासी श्री अशोक जायसवाल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती छोटी बाई साहू**- स्नेह नगर यादव कॉलोनी रोड निवासी श्री महिपाल साहू की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई साहू (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# पांच थाना क्षेत्रों में शराब-गांजा और नशीले इंजेक्शन के तस्कर पुलिस ने दबोचे, महिला सहित 6 गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में पुलिस की लगातार कार्रवाई के बावजूद शहरी और ग्रामीण इलाकों में मादक पदार्थ की तस्करी तेजी से की जा रही है। लेकिन इस बार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पांच थाना क्षेत्रों में 24 घंटे में शराब-गांजा और नशीले इंजेक्शन बेचते तस्करों को पकड़ा गया है। जिसमें बेलखेड़ा, गोहलपुर, कोतवाली, गढ़ा और लार्डगंज थाना शामिल हैं। इस संबंध में बेलखेड़ा थाना प्रभारी संजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम मनकेड़ी तरफ से एक युवक अपने साथी के साथ बिना नम्बर की मोटर सायकिल में भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर बेलखेड़ा की ओर आ रहा है।

जिसपर पुलिस ने पण्डा दिवाला बेलखेड़ा में दबिश दी। जहां बिना नम्बर की टीवीएस मोटर सायकिल में 2 युवक आते दिखे। जिन्हें रोककर पूछताछ की गई। मोटर सायकिल चालक ने अपना नाम भूपत उर्फ भूपेन्द्र सिंह लोधी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम गुंदरई तथा पीछे बैठने वाले ने अपना नाम चंदन सिंह लोधी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम सालीवाड़ा बताया। मोटर सायकिल में एक पीले रंग की प्लास्टिक की बोरी में 6 कार्टून में 300 पाव देशी शराब रखी मिली। शराब के सम्बंध में पूछताछ करने पर निक्कू उर्फ नेक सिंह निवासी गिधउ मोहल्ला बेलखेड़ा द्वारा खमदेही पाटन शराब के लिये भेजने पर उक्त शराब लेकर निक्कू सिंह को देने जाना बताये। पुलिस ने मोटर सायकिल एवं मोबाइल तथा 300 पाव देशी शराब जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।



**महिला गांजा तस्कर गिरफ्तार**

इसी प्रकार गोहलपुर थाना प्रभारी राजपाल सिंह बधेल ने बताया कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि गोहलपुर सुलभ कॉम्पलेक्स के पीछे सब्जी मंडी के पास एक महिला खड़ी है, जो पीले रंग का छींटदार सलवार सूट पहने पीले रंग का दुपट्टा सिर पर ओड़े हुये अपने हाथ में एक सफेद रंग की पन्नी में गांजा रखे है। जिस पर पुलिस ने सुलभ कॉम्पलेक्स के पास दबिश दी। जहां एक महिला पुलिस को देखकर इधर-उधर होने लगी। जिसे पकड़ा गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम अकबरी बेगम मंसूरी उम्र 55 वर्ष निवासी पानी की टंकी के पास गोहलपुर बतायी। जिसकी तलाशी लेने पर वह सफेद रंग की पन्नी में गांजा रखा मिला। पुलिस आरोपिया से गांजा जप्त कर उसके खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

**चैकिंग के दौरान गांजा तस्कर पकड़े गये**

इसी तारतम्य में कोतवाली थाना प्रभारी राजेश बंजारे ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सेठजी की बखरी के पास वाहन चैकिंग के दौरान दरहाई तरफ से एक्सिस क्रमांक एमपी 20 जेडसी 5234 का चालक बिना हैल्मेट लगाये हुये आया, जिसे रोकने पर तत्काल हेलमेट का चालान कटवाने का निवेदन करने लगा। उक्त युवक शीघ्र पैसे निकालकर देने लगा जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम चंद्रेश मरावी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम झनकी, थाना बजाग जिला डिण्डौरी वर्तमान पता मंजू तेली की गली कोतवाली बताया। जिस पर पुलिस को शक हुआ। उसकी तलाशी लेने पर एक्सेस वाहन की डिग्गी के अंदर पन्नी में गांजा रखा मिला। जो तौल करने पर 600 ग्राम होना पाया गया। जिसे जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

**दादा मैदान में गांजा बेचते युवक धराया-**

गढ़ा थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे ने बताया कि रात पेट्रोलिंग के दौरान सर्वेन्ट क्वाटर के पास बड्डा दादा ग्राउण्ड शिव मंदिर के सामने एक युवक अपने हाथ में थैला लिये दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में जिसने अपना संजय चक्रवर्ती उम्र 26 वर्ष निवासी शारदा चौक पीली बिल्डिंग के पास गढ़ा बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो वह गांजा रखे मिला। पुलिस ने गांजा जप्त करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**नशीले इंजेक्शन बेचते युवक को दबोचा**

लार्डगंज थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि मरघटाई रानीताल मुक्तिधाम गेट के पास स्थित शुलभ सौचालय के पास दीक्षितपुरा कोतवाली निवासी प्रतीक तिवारी अपने पास कुछ नशीले इंजेक्शन बेचने के लिये रखा है। पुलिस ने सूचना पर तत्काल मरघटाई रानीताल मुक्तिधाम गेट के पास स्थित शुलभ शौचालय के पास दबिश दी। जहां एक युवक खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में जिसने अपना नाम प्रतीक तिवारी उम्र 32 वर्ष निवासी रज्जु गुरू अखाड़े के सामने कोतवाली बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो वह पेंट के जेब में रखी पॉलीथीन में 10 नग ल्युकेरोनार्फीन लीजेसिक नशीले इंजेक्शन रखे मिले। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



## बधैय्या मोहल्ला में गणेश पंडाल में बैठे युवक पर नकाबपोश बदमाशों ने चलायी गोलियां

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोहलपुर थाना अंतर्गत बधैय्या मोहल्ला में गणेश पंडाल में बैठे एक युवक को बाइक सवार 6 नकाबपोशों ने गोली मारा दी। और फायर करते हुये भाग निकले। जिसके बाद क्षेत्रीयजनों ने तत्काल घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार बधैया मोहल्ला क्षेत्र में देर रात मोटर साइकिलों से आए 6 बदमाशों ने रविन्द्र गुप्ता नामक युवक को गोली मार दी। वारदात उस वक्त हुई जब रविन्द्र अपने साथियों के साथ गणेश पंडाल में बैठा था। घायल युवक रविन्द्र को उपचार के लिए दमोहनाका स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर रविन्द्र की हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया है। वहीं घटना की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे, जिन्होंने पूछताछ के बाद हमलावरों की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार बधैया मोहल्ला में समिति के सदस्यों द्वारा पंडाल बनाकर गणेश प्रतिमा की स्थापना की है। जहां पर देर रात 3.30 बजे के लगभग रविन्द्र गुप्ता समिति के अन्य सदस्यों के साथ बैठा बातचीत कर रहा था। इस दौरान तीन मोटर साइकिलों से 6 नकाबपोश बदमाश आए और रुक गए। समिति के सदस्य कुछ समझ पाते इससे पहले बदमाशों ने रिवॉल्वर व पिस्टल निकालकर फायरिंग शुरु कर दी। एक गोली रविन्द्र के पैर व पीठ में लगी और वह गिर गया। अचानक गोलियां चलते देख युवकों में चीख पुकार व भगदड़ मच गई। समिति के सदस्य अपनी जान बचाने के लिए पंडाल के अंदर घुस गए, वहीं गोलियां चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर आ गए। जिन्होंने पुलिस अधिकारियों को सूचना देकर रविन्द्र को दमोहनाका स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने रविन्द्र की हालत को देखते हुए भरती कर लिया है। पूछताछ में पुलिस अधिकारियों ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज निकालकर हुलिए के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस के सामने अमखेरा गोहलपुर क्षेत्र के एक कुख्यात बदमाश का नाम सामने आया है, जिसे पकडऩे के लिए पुलिस की टीमों द्वारा संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

## कॉम्बिंग गस्त के दौरान 17 हजार के इनामी बदमाशों सहित 530 वारंटी गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी के आदेशानुसार विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये एवं अपराधों की रोकथाम के लिये अति. पुलिस अधीक्षक शहर प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर प्रदीप कुमार शेण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सोनाली दुबे तथा समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों/एसडीओपी के मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह स्टाफ के कॉम्बिग गस्त की गयी।

कॉम्बिग गस्त में वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये प्रत्येक थाने में 2 से 3 टीमें बनाई गई। टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गस्त के दौरान मारपीट, चोरी, अवैध हथियार, अवैध शराब, आदि प्रकरणों में फरार चल रहे 115 गैर म्यादी एवं 196 गरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा गया तथा 219 जमानती वारंट तामील किए गए। इसके साथ ही 21 आरोपियों को 16 चाकू, 2




बका, 1 तलवार एवं 1 पिस्टल, 1 कट्टा खोंसकर, 2 कारतूस सहित रंगेहाथ पकड़ा गया है। थाना बेलबाग मे 1 हजार रूपये के ईनामी बदमाश नरेश अहिरवार पिता कौशल अहिरवार उम्र 45 वर्ष निवासी जयप्रकाश नगर थाना अधारताल को एवं थाना रांझी में 2-2 हजार रूपये के ईनामी बदमाश अनिल सिंह पिता कौशल सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी व्हीएफजे स्टेट थाना रांझी को तथा थाना घमापुर में 1-1 हजार रूपये के ईनामी बदमाश राजेश उर्फ नंदकिशोर वंशकार पिता प्रेमलाल वंशकारी उम्र 28 वर्ष निवासी बल्देकोरी का दफाई थाना घमापुर, दीपक द्विवेदी निवासी सिद्धबाबा थाना घमापुर, आकाश बहाने पिता बिट्ठल बहाने उम्र 20 वर्ष निवासी सेन्ट्रल बैंक के पीछे थाना रांझी तथा 2-2 हजार रूपये के ईनामी बदमाश महेश पिता नारायण दास केशरवानी उम्र 32 वर्ष निवासी सिंधी सिंगल क्वाटर सिंधी धरमशाला थाना घमापुर एवं संतोष चौधरी पिता दातादीन चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी शुक्ला होटल थाना घमापुर को, थाना गोरखपुर में 1 हजार रूपये के ईनामी बदमाश नीरज श्रीवास्तव पिता गिरीशचंद्र श्रीवास्तव निवासी गीत बिहार म.न. 17 थाना गोरखपुर को तथा थाना माढोताल में 1-1 हजार रूप्ये के ईनामी बदमाश राजा उर्फ सुनील पिता रामलाल ठाकुर निवासी वृन्दावन नगर थाना माढोताल एवं ज्योति ठाकुर पति राजा ठाकुर निवासी वृन्दावन नगर थाना माढ़ोताल को तथा थाना खितौला में 2 हजार रूपये के ईनामी बदमाश रामविशाल तिवारी पिता परमलाल तिवारी उम्र 54 वर्ष निवासी बघराजी थाना कुण्डम को पकड़ा गया है।

## बरगी रोड में कार पर गिरा पेड़

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरगी रोड स्थित सोहंढ़ में सोमवार को एक पेड़ चलती कार पर गिर गया। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि कार के अंदर सवार तीन लोगों को खरोंच भी नहीं आयी है। जानकारी के अनुसार एसीसी सिमेंट के फिल्ड ऑफिसर रिंकू पटवा अपने साथियों के साथ इंदौर के लिये निकले थे। जैसे ही वह बरगी रोड पर सोहंढ के पास पहुंचे थे। अचानक एक पेड़ उनकी स्विफ्ट कार पर गिर गया। जिससे उनकी कार क्षति ग्रस्त हो गई। लेकिन तीनों कार सवार बाल-बाल बच गये।



## मुंबई के बांद्रा वर्ली सी लिंक पर जबलपुर की बुलेट गर्ल ने मचाया हंगामा

### पुलिस के साथ गालीगलौज कर की अभद्रता

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुंबई बांद्रा वर्ली सी लिंक रोड पर 26 साल की बुलेट वाली गर्ल ने हंगामा मचा दिया। वर्ली सी लिंक पर बाइक चलाने की अनुमति नहीं है। इसके बाद भी मुंबई के नामी आर्किटेक्चर फर्म में इंटर्नशिप कर रही लड़की बुलेट बाइक लेकर वर्ली सी लिंक पर ड्राइव करने लगी। इस पर वहां तैनात ट्रैफिक पुलिस ने रोका तो वह गाली व अभद्र व्यवहार करने लगी। पुलिस ने बुलेट रोकने की



कोशिश की तो उसने कहा कि मैं खुद ही क्रिमिनल हूं। मुझे कोई रोक नहीं सकता है। उसने धमकाते हुए कहा कि अगर हाथ लगाया तो हाथ काटकर दे दूंगी। अगर इसके बाद भी रोका तो तुम सबको ठोंककर निकल जाऊंगी। इसके बाद उस लड़की ने एक सिपाही को धक्का भी दे दिया। अगर यहां से मैं लौटूंगी तो मुझे पीएम मोदी से फोन कराओ। काफी देर तक बहस के बाद भी वो नहीं मानी तो मुंबई पुलिस ने उसके खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज किया और चेतावनी देकर छोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, उन्हें बांद्रा वर्ली सी लिंक सुरक्षा कर्मचारियों से फोन आया कि एक लड़की, जिसकी पहचान नूपुर मुकेश पटेल के रूप में हुई है। वो बांद्रा सी लिंक पर अपनी बुलेट पर सवार होकर दक्षिण मुंबई की ओर जा रही थी। वर्ली ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल ने उसे रोकने की कोशिश की लेकिन उसने देखा कि वह तेज गति से गाड़ी चला रही थी और सी-लिंक के लैंडिंग पॉइंट से आगे चली गई। और उसने अपने आगे चल रहे अन्य वाहनों को रोक दिया। पुलिस ने बताया कि नूपुर पटेल मध्य प्रदेश के जबलपुर की रहने वाली है। और बुलेट जबलपुर में एक रियल एस्टेट फर्म के तहत पंजीकृत है। पुलिस ने कहा, हमने उस पर धारा 186, 279, 336, 353 के तहत मामला दर्ज किया है। मुंबई में युवती का वीडियो वायरल हो रहा है। लेकिन देशबन्धु इसकी पुष्टि नहीं करता। मुंबई के कई सामाचार पत्रों में इस खबर को प्रकाशित किया गया है।

# एसबीसी द्वारा वसूली जाने वाली अतिरिक्त फीस पर रोक

## हाईकोर्ट ने कहा बीसीआई द्वारा निर्धारित फीस ही ली जाये

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने अधिवक्ता के व्यवसायिक व किसी प्रकार की शिकायत पर कार्यवाही के लिये मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा नया रेजोल्यूशन जारी कर अतिरिक्त फीस लेने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने स्टेट बार काउंसिल को निर्देशित किया कि वह बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित ढाई सौ से अधिक की फीस न वसूले।

उल्लेखनीय है कि यह मामला अधिवक्ता अमित पटेल की ओर से दायर किया गया था। जिनकी ओर से अधिवक्ता सतीश वर्मा पैरवी कर रहे है। श्री वर्मा ने बताया कि अधिवक्ता के व्यवसायिक या किसी भी प्रकार की शिकायत पर कारवाही हेतु स्टेट बार काउंसिल बाध्य है। इसके अलावा शिकायत न होने पर भी कदाचरण जो सभी की जानकारी में है स्वत: संज्ञान लेकर एसबीसी कार्यवाही कर सकती है। लेकिन शिकायत करने वाले से पूर्वाग्रह रखते हुए शिकायत के साथ चार से पांच हजार की फीस लेना अवैधानिक है और अपरोक्ष रूप से कदाचरण को बढ़ावा देना है। इसके अलावा याचिका में मांग की गई की ऐसे केसों की सूची पेश की जाए जिनमें अनुचित फीस जमा न करने कारण कोई कार्यवाही नही हुई है। जिससे उन सभी केसों में अब एक्शन लिया जा सके इसके अलावा याचिका में मांग की गई है पिछले पांच वर्ष में स्टेट बार काउंसिल मध्य प्रदेश द्वारा स्वत: संज्ञान से कदाचरण के विरुद्ध कितनी बार कार्यवाही की गई है इसकी जानकारी भी मंगाई जाये। आवेदक की ओर से कहा गया कि उक्त संबंधी शिकायतों के लिये एडवोकेट एक्ट की धारा-35 के तहत बीसीआई ने ढाई सौ रुपये व प्रोसेसिंग फीस दो सौ रुपये निर्धारित की है, लेकिन एसबीसी ने चार से पांच हजार लिये जाने का रेजोल्यूशन 17 जुलाई 2021 को पास किया है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने एसबीसी के रेजोल्यूशन पर रोक लगा दी है।

## कुटुम्ब न्यायालय ने तलाक की अर्जी की मंजूर

**जबलपुर,देशबन्धु।** कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश केएन सिंह की अदालत ने माता-पिता से अलग रहने के लिये मजबूर करने वाले मुद्दे पर पति की तलाक की अर्जी मंजूर कर ली। जिससे बरगी के ग्राम मनकेड़ी निवासी आवेदक पति को बड़ी राहत मिली।

याचिकाकर्ता पति की ओर से अधिवक्ता संदेश दीक्षित ने पक्ष रखा। जिन्होनें दलील दी कि अनावेदिका पत्नी ने अपने पति को वृद्ध माता ।पिता से अलग रहने विवश किया। इसीलिए पति को तलाक की अर्जी दायर करने विवश होना पड़ा। पत्नी दो मई 2013 को विवाह के बाद से ही प्रताड़ित करने लगी थी। उसकी प्रताड़ना के कारण पति अपनी पत्नी के साथ दो वर्ष तक उसके मायके में घर जमाई बनकर रहने मजबूर हुआ। इस दौरान पति जब भी माता-पिता की देखभाल करने ग्राम मनकेड़ी आतो उसकी पत्नी उससे विवाद करती। पूरे मामले का अवलोकन करने पर अदालत ने कहा कि हिंदू समाज में एक पुत्र से अपने वृद्ध माता-पिता के साथ रहकर उसकी देखभाल




करने की अपेक्षा की जाती है और एक पत्नी को उसे बिना किसी कारण के पृथक रहने की अपेक्षा नहीं की जा सकती। ऐसी स्थिति में पत्नी को उसके वृद्ध माता-पिता व परिवार से पृथक रहने के लिए विवश करना उचित नहीं है। पत्नी का यह आचरण पति के लिए मानसिक क्रूरता की परिधि में आता है।

## शहडोल कलेक्टर व सहायक आयुक्त अवमानना के दोषी

### हाईकोर्ट 26 अक्टूबर को सजा मुद्दे पर करेगा सुनवाई

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने शहडोल जिला कलेक्टर व सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग को अवमानना का दोषी करार दिया है। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने दोनों ही अधिकारियों की सजा मुकर्रर करने के लिये 26 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की है। यह अवमानना का मामला राजकुमार चतुर्वेदी सहित अन्य छह लोगों की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि वे अनुदान प्राप्त विष्णु आदर्श शिशु शिक्षा समिति में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। प्रदेश सरकार ने अनुदान प्राप्त स्कूलों को अनुदान राशि देना बंद कर दी थी। जिसके खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने वर्ष 2007 में अनुदान प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों को वेतन भुगतान के आदेश जारी किये थे।

जिसके खिलाफ राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट में अपील दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने वर्ष 2013 में सरकार की अपील खारिज कर दी थी। जिसके खिलाफ प्रदेश सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय की शरण ली थी, लेकिन वहां से भी सरकार की याचिका खारिज हो गई थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि उनके स्कूल का संचालन आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा किया जाता था। आर्थिक आभाव के कारण वर्ष 2014 में स्कूल का संचालक बंद कर दिया गया। याचिका में कहा गया कि अभी तक स्कूल के शिक्षकों को वेतन भुगतान के लिए अनुदान राशि प्रदान नहीं की गई है। जिस कारण उनके वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। जो पूर्व में हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश की अवहेलना है। याचिका की सुनवाई के बाद एकलपीठ ने शहडोल कलेक्टर बंदना वैद्य तथा सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग रणजीत धुर्वे को अवमानना का दोषी करार दिया है। न्यायाल ने दोनों अधिकारियों की सजा के मुद्दे पर सुनवाई 28 अक्टूबर को निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमृत रूपराह ने पैरवी की।

## एडवोकेट चंद्रहास अग्रवाल ने शतरंज में मारी बाजी

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर व शतरंज संगठन जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एडवोकेट चंद्रहास अग्रवाल, द्वितीय स्थान सुरेंद्र त्रिपाठी व तृतीय स्थान बैजू वर्धन व चतुर्थ स्थान प्रशांत कोहाड़े ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश आलोक अवस्थी व अध्यक्षता स्टेट बार कौंसिल के वाईस चेयरमेन व जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी ने की। मंच संचालन सचिव राजेश तिवारी ने किया। जिला बार अध्यक्ष सैनी ने प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश को स्मृति चिन्ह भेंट किया। आयोजन में मुख्य आर्बिट्रेटर की भूमिका ब्रजभूषण दुबे, डिप्टी आर्बिट्रेटर हरि व यशवेंद्र ठगेले ने निभायी। कार्यक्रम में सहयोग के लिए अधिवक्ता दीपक पचौरी, जे. विकासनाथन की विशेष सराहना की गई। यह टूर्नामेंट प्रतिवर्ष आयोजित किया जाएगा। अधिवक्ता नईम खान, संपूर्ण तिवारी, जिला बार कार्यकारिणी के सदस्य अधिवक्ता अर्जुन साहू के अलावा अधिवक्ता संपूर्ण तिवारी व नईम खान का विशेष धन्यवाद दिया गया। अजय दुबे, सौरभ सिंह बघेल, प्रदीप बाबा परसाई, रेणुका शुक्ला व राजू बर्मन का सहयोग रहा।

## ईओडब्लयू की कार्रवाई पर हाईकोर्ट की रोक

**जबलपुर,देशबन्धु।** पूर्व में 14 सितम्बर को ट्रांसपोर्टर पप्पू एण्ड राजू ट्रांसपोर्ट के पूर्व पार्टनर स्व. मुन्नी बाई ठाकुर, महेन्द्र सिंह ठाकुर, त्रिलोक सिंह ठाकुर के विरूद्ध आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर में 420, 120बी आईपीसी के अंतर्गत आरटीओ कार्यालय में पूर्व में ट्रकों का कबाड़ में बेचे जाने के आरोप में एवं टैक्स बकाया होने पर दर्ज किया गया था, जिसमें ट्रांसपोर्टर परिवार द्वारा उपरोक्त एफआईआर को चुनौती दी गयी, जिसमें याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता द्वारा कोर्ट में बताया गया कि प्रदेश कराधान अधिनियम 1991 की धारा 4 उपधारा 8 के अंतर्गत क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को वाहन पर टैक्स वसूलने का स्पष्ट प्रावधान उल्लेखित है, जिसमें कहीं भी एफआईआर संबंधी नियम एवं निर्देश नहीं है, साथ ही अधिवक्ता ने वाहन को कबाड़ में बेचने के आरोप को भी सिरे से खारिज कर विक्रय अनुबंध उपलब्ध कर बताया कि उपरोक्त सभी वाहन याचिकाकर्ता द्वारा अन्य लोगों को पूर्व में भी बेचे जा चुके हैं।

उपरोक्त संदर्भ में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा एफआईआर दर्ज करने के पूर्व किसी भी प्रकार की कोई जांच नही की गयी एवं याचिकाकर्ताओं को सुनवाई का मौका भी नहीं दिया गया साथ में अधिवक्ता ने ये भी बताया कि स्व. मुन्नी बाई ठाकुर की मृत्यु पूर्व में 25-04-23 को हो गयी है और आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा 14/09/2023 को उनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर ली गयी, जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा अपने आदेश में यह भी उल्लेखित किया गया है कि अनावेदक इस हद तक चले गये कि उन्होंने यह बता दिया कि मृत व्यक्ति के नाम पर भी एफआईआर दर्ज की जा सकती है। साथ ही न्यायालय ने अपने आदेश में अनावेदकों को कार्यवाही पर रोक लगाते हुए किसी भी प्रकार की बलपूर्वक कार्यवाही न करने के लिए अनावेदकों को आदेशित करते हुए नोटि जारी कर जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया उपरोक्त मामले में अधिवक्ता आशीष रावत ने पैरवी की।



## क्लाइमेट चेंज एक्शन पर वर्कशॉप का अयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत स्काउट एंड गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय दिल्ली के द्वारा यूनिसेफ मध्यप्रदेश टीम के सहयोग से नेशनल ट्रेनिंग सेंटर पचमढ़ी में विगत 18-09-23 से 22-09-23 तक क्लाइमेट चेंज एक्शन के ऊपर एक वर्कशॉप का अयोजन किया गया। जिसमें राज्य मुख्यालय भोपाल, सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के आदेशानुसार संस्था यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल जबलपुर के रोवर्स डिस्ट्रिक हेड क्वार्टर कमिश्नर डॉ. विजयकांत तिवारी के मार्गदर्शन में उक्त कार्यशाला में सम्मिलित हुए, जिसमे क्लाइमेट चेंज एक्शन से संबंधित सभी प्रकार का नॉलेज रोवर्स को प्रदान किया गया। सभी ने इस कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला संघ अध्यक्ष रिंकुंज विज, जिला मुख्य आयुक्त अजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष और प्राचार्य यश नर्सरी हायर सेकंडरी स्कूल अधारताल, सोनल तिवारी, जिला सचिव देवेन्द्र कुमार भट्ट ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# कांग्रेस की जनआक्रोश यात्रा 27 से




**सिहोरा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश सहित देश के चार अन्य राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के मध्य नजर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी मध्य प्रदेश में जन आक्रोश यात्रा निकालने जा रही है इस यात्रा के प्रारंभ में सिहोरा ब्लॉक कांग्रेस के द्वारा पत्रकार वार्ता के माध्यम से यह सूचित किया गया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी एवं राष्ट्रीय महामंत्री मध्य प्रदेश के प्रभारी रंजीत सिंह सुजारे वाला के निर्देशन पर मध्य प्रदेश में जन आक्रोश यात्रा सभी विधानसभा में एक साथ प्रारंभ होने जा रही है।


इसी क्रम में 27 सितंबर दिन बुधवार को सुबह 11:00 बजे सिहोरा नगर के वार्ड नंबर 3 बाबा साल कटरा मोहल्ला से इस यात्रा का आयोजन प्रारंभ होगा यह यात्रा कटरा मोहल्ला से होते हुए झंडा बाजार काल भैरव चौक मैंना कुआं होते हुए पुराना बस स्टैंड सिहोरा में पहुंचेगी जहां मध्य प्रदेश के सह प्रभारी संजय कपूर पूर्व मंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल के नेतृत्व में विशाल आम जनसभा का आयोजन होगा आमसभा के समापन के पश्चात जन आक्रोश यात्रा खितौला बाजार पहुंचेगी जहां भ्रमण के उपरांत राधा कृष्ण मंदिर के सामने पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन सुश्री कौशल्या गोटिया जी के संयोजन में आम सभा आयोजित की जाएगी इस कार्यक्रम में सिहोरा ब्लॉक के सभी मंडल अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष बी एल ए जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी गण महिला कांग्रेस युवक कांग्रेस सेवादल सोशल मीडिया प्रभारी सुई बाल कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति मोर्चा पार्षद गण पूर्व पार्षद गण जनपद सदस्य पूर्व जिला पंचायत सदस्य सहित वरिष्ठ कांग्रेस नजन एवं सम्माननीय कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व राज्य मंत्री सुश्री कौशल्या गोटिया,पूर्व विधायक नित्य निरंजन खमरिया,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता केशव प्रसाद मिश्रा, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक खरे,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी पटेल,बाबा कुरैशी,अमोल चौरसिया,पार्षद राजेश चौबे,गणेश दहिया सहित कांग्रेस नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



गणेश उत्सव समिति झंडा चौक गोसलपुर



संस्कार कॉलोनी गणेश उत्सव समिति गोसलपुर



खन्ना निवास गणेश उत्सव समिति नेता कॉलोनी

## सार-समाचार

### गोकुलधाम गणेश उत्सव गांधीग्राम में महिला मंडल ने संगीतमय रामायण व भजनों से मनमोहा

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गणेश उत्सव धार्मिक पर्व के अवसर पर गांधीग्राम व आसपास के ग्रामों में गणेश उत्सव की धूम मची हुई है



इस अवसर पर गांव के बाजार स्थित गोकुलधाम गणेश उत्सव समिति द्वारा स्थापित विशाल गणेश प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है ।यहां पर सुबह शाम भगवान श्री गणेश आरती के साथ-साथ रामायण महिला मंडल की महिलाओं द्वारा नित्य प्रति संगीत में रामायण एवं भजनों की सुमधुर प्रस्तुति से वातावरण भक्ति में बना हुआ है ।बाजार स्थित महिला मंडल द्वारा ढोलक,तबला, मंजीरा, खंजनियां आदि वाद्ययंत्रों की सुमधुर धुन पर संगीतमय रामायण वा भजनों का गायन महिला रामायण मंडल की सुशीला चौरसिया, आशा असाटी, प्रभा असाटी, पूजा असाटी, रीना चौरसिया, देवश्री असाटी, मधु चौरसिया, छाया चौरसिया, देवकी असाटी,गंगा असाटी द्वारा किया गया।समिति के अध्यक्ष नरेश असाटी, विनोद असाटी, राजेश चौरसिया, राकेश असाटी,मुकेश चौरसिया, विवेक असाटी, प्रमोद कुमार आदि द्वारा व्यवस्थाओं में सहयोग किया जा रहा है।




### मुकेश मेहरा बरेला ब्लॉक अजाक्स के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**बरेला, देशबन्धु।** अनुसूचित जनजाति अधिकारी एवं कल्याण कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा अजाक्स के सभी ब्लॉक अध्यक्ष के चुनाव किया गया जिसमें. उमरिया कूड़ारार निवासी मुकेश मेहरा बरेला ब्लॉक अजाक्स अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किए गए। इस अवसर पर कर्मचारी संघके रजनीश पांडे, शहजाद द्विवेदी ,डालचंद पासी, चंद्रिका प्रसाद झारिया,सम्मत सिंह पेंद्रो, हरबंस कुमार माको, राममिलन बरकड़े, राममिलन परस्ते,. परसोद सिंह धुर्वे, कृष्ण कुमार मरावी, प्रेम सिंह मार्को, नरेश धूमकेतु, अजय दुबे सतीश उपाध्याय,शिवराम झरिया, रमेश प्रसाद मरावी, रानी कोरी, जय बोरिया,माया झरिया , अन्नपूर्णा रैदास. नरेश तेकम, दिनेश पासी ने हर्ष व्यक्त कर बधाइयां दी हैं।

### ग्राम कुटेली में दंगल आयोजित



**बरेला, देशबन्धु।** पिछले वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम पंचायत डूँगा महँगा व के ग्राम कुटेली में विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया गया ।इस आयोजन में उपस्थित अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू की ओर से सभी जीते हुए पहलवानों को ट्रॉफी एवं मेडल और राशि देकर उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर साधु श्रीपाल, सुनील झारिया, दिनेश साहू उपस्थित रहे।



### नि:शुल्क स्टूडेंट कोचिंग क्लास में हुई गणपति जी की पूजा

**बरेला, देशबन्धु।** आज नि:शुल्क स्टूडेंट कोचिंग क्लास बरेला जबलपुर मध्य प्रदेश में गणेश पूजन एवं भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# गंदगी से अटी नालियों से वार्डवासी परेशान

## गंदा पानी फैलने से संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बढ़ा, जिम्मेदार मौन

**पाटन, देशबन्धु।** नगर परिषद पाटन के वार्ड क्रमांक 15 में आने वाली साहू कॉलोनी इन दिनों बदहाल नालियों से वार्ड वासी बेहद परेशान हैं। वार्ड वासियों ने बताया कि जब जबलपुर पाटन मार्ग नहीं बना था तब नालियों से पानी निकासी की समस्या नहीं थी लेकिन जब से पाटन जबलपुर का नया मार्ग बना था तब से सड़क एवं एमपीआरडीसी के नाले निर्माण के दौरान सड़क एवं नाले की हाईट अधिक हो गई जिसकी वजह से कालोनी का निकासी का पानी नाले में नहीं जा रहा है। वही कालोनी के पीछे साईड में नालियों का पानी व्यास जी के खेत में जाता था जिसकी वजह से कृषक लगभग आधा एकड़ भूमि में खेती नहीं कर पाता था जिसके कारण कृषक ने खेत की ओर जाने वाले



नालियों के पानी की निकासी बंद कर दी यही मुख्य वजह है जिससे कारण साहू कालोनी की नालियों से ओवर फ्लो का पानी सड़कों पर फैल रहा है जिसके कारण वार्ड वासियों को डेंगू,मलेरिया, हैजा जैसी बीमारी अपने वार्ड में फैलने की चिंता सता रही है।

जानकारी के मुताबिक निकाय के वार्ड नं 15 में आने वाली साहू कालोनी की नियमितीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा कालोनी के पिछले हिस्से से पानी निकासी की व्यवस्था को लेकर दो किसानों की निजी भूमि का अधिग्रहण करके जल्द ही नाले का निर्माण किया जाएगा जिससे आने वाले समय में पानी निकासी की समस्या से वार्ड वासियों को निजात मिल जाएगी।

### इनका कहना है

जब इस संबंध में सीएमओ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि साहू कालोनी के वैध करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा कालोनी के पिछले हिस्से से नाला निर्माण करने की कार्य योजना पर भी काम चल रहा है आने वाले समय में वार्ड वासियों को पानी निकासी की समस्या से हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाएगा।

**नीलम गोवर्धन सिंह चौहान,**
सीएमओ नगर परिषद, पाटन

# जागरुकता एवं रक्तदान शिविर का आयोजन


**पनागर, देशबन्धु।** शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन से 02 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में ''सेवा पखवाड़ा'' के अंतर्गत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर कार्यक्रम इंडियन रेडक्रास सोसायटी जबलपुर के सोजन्य से महाविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्जवलन से किया गया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री गोवर्धन खेटपाल जी ने विद्यार्थियों को आशीष बचनों से सम्बोधित किया, ज.भ. सदस्य श्री राजेश तिवारी भी उपस्थित रहें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी. के. जैन ने अपने उद्बोधन में रक्तदान महादान बताये हुये छात्र-छात्राओं को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। डॉ. आशीष दीक्षित, डॉ. सुनील मिश्रा, श्री लोकेश व्यास इंडियन रेडक्रास सोसायटी जबलपुर के डॉक्टरों की टीम ने छात्र-छात्राओं को रेडक्रास सोसायटी के कार्यो एवं महत्व को बतलाते हुये एक रक्तदान से चार लोगों के जीवन को बचाया जा सकता है उदाहरण के साथ समझाया। कार्यक्रम के अगले चरण में रानी दुर्गावती (एल्गिन) चिकित्सालय जबलपुर से से आई रक्त कलेक्शन टीम ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों और एवं स्टाफ से रक्तदान के माध्यम से 11 यूनिट खून का कलेक्शन किया। रक्तदान की प्रक्रिया के दौरान हीमोग्लोबिन परीक्षण में पाया गया कि विद्यार्थियों के रक्त में हीमोग्लोबिन की मात्रा पर्याप्त है।

### मजदूरों और पल्लेदारों नवसाक्षरों ने दी परीक्षा

**सिहोरा, देशबन्धु।** नवभारत साक्षरता मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र यशोदा बाई खितौला बाजार के अंतर्गत आने वाली शासकीय प्राथमिक शाला लखराम परीक्षा केंद्र पर 40 नव साक्षर महिलाओं एवं पुरुष उत्साह के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचे कामकाजी वह मजदूर वर्ग के लोगों ने शिक्षा के महत्व को समझते अपना एक दिवस की मजदूरी का काम छोड़कर उत्साह के साथ परीक्षा में सम्मिलित हुए । सुबह 10 बजे से आयोजित हुई।

## नगर में गणेश उत्सव का पर्व मना रहे धूमधाम से

**पनागर, देशबन्धु।** नगर में गणेश उत्सव का पर्व बड़े धूमधाम हरसू लाश से मनाया जा रहा है प्रतिदिन सुबह शाम एक दिन भगवान गणेश जी की आरती पूजन पाठ भक्ति किया जा रहे हैं नगर में विराजित सार्वजनिक गणेश उत्सव छतरपुर रोड व्यास मोहल्ला की एवं अटल गणेश उत्सव युवा समिति के तत्वाधान में अभिमन्यु चौक में स्थापित मन मोहक प्रतिमा जी के दर्शन हेतु लोग पहुंच रहे हैं नगर में अनेक जगह विशाल विशाल भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई।



## चौपाटी वार्ड में विराजे लाल बाग के राजा

**पाटन देशबन्धु।** नगर की अजंता गणेश उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा विगत कई वर्षों से लाल बाग के राजा जी को नगर के चौपटी वॉर्ड में विराजमान करते चले आ रहे है। समिति के सदस्यों ने बताया कि गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर श्री विघ्न विनाशक जी लाल बाग के राजा को पूरे विधि विधान से विराजमान किया एवं समिति के सदस्यों द्वारा रोजाना विधि वत पूजन अर्चना की जाती है और शुद्ध देशी घी के लड्डुओं का भोग प्रति दिन सुबह शाम लगाया जा रहा है। सुबह शाम सिद्धि विनायक के दर्शन करने भक्तों का ताता लगा रहता है।



# सिहोरा की 54 ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों ने सिहोरा जिला के लिए किया प्रदर्शन

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा जिला की लड़ाई अब संपूर्ण सिहोरावासियो के लिए अपनी जन्मभूमि के सम्मान का विषय बन गया है। लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के आह्वान पर विगत रविवार और सोमवार को सिहोरा विधानसभा की 60 ग्रामपंचायतो में से 54 ग्रामपंचायतों में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन हुए। प्रदर्शन के अंत में शाम को समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम सिहोरा एसडीएम को ज्ञापन पत्र सौंपा।

**इन ग्राम पंचायतों में हुए प्रदर्शन** - संपूर्ण सिहोरा विधानसभा की 60 ग्राम पंचायत में सिहोरा जिला की मांग को लेकर प्रदर्शन का आह्वान किया गया था ।इनमें से 54 ग्राम पंचायतों द्वारा अपने ग्राम में ही धरना प्रदर्शन किया गया है। इन ग्राम पंचायतों में जुनवानी, घाट सिमरिया, जुझारी, कछपुरा, गोसलपुर धरमपुरा,देवनगर, गांधीग्राम, हृदय नगर,आलगोडा, रमखिरिया, अगरिया, टिकरिया, पौड़ी खुर्द ,रानीताल, घुटना, सिलुआ, बेला, कटरा खमरिया, फनवानी, नुंजी, सरोली, प्रतापपुर, मझगवां, खितौला खंपरिया, खिरहनी कला, सेलवारा, दरौली, बुढरी,सिंघुली, भंडरा, केवलारी,गुनहरु, मोहसाम, कुर्रो, हरगढ़ ,पड़रिया, ढकरवाह, कुशयारी, बुधुआ, भाटादोन,कचनारी,घुघरी नवीन, मढ़ा परसवाड़ा, खबरा, कुम्ही सतधारा, देवरी लमतरा शामिल रहे। फोटो और वीडियो जारी किए -समिति ने सिहोरा की 54 ग्राम पंचायतों में सिहोरा जिला की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किए है।समिति ने एसडीएम सिहोरा को सौंपे ज्ञापन में भी इन फोटोग्राफ की कागज प्रति संलग्न की है।

### सिहोरा जिला के लिए आंदोलित हुआ संपूर्ण सिहोरा




**जारी रहेगा आन्दोलन**- समिति ने मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित ज्ञापन में सिहोरा के जिला बनने तक आंदोलन को जारी रखने का ऐलान किया है।समिति ने आने वाले समय में आमरण अनशन और पूर्ण बंद की चेतावनी भी दी है। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते समय समिति के संतोष पाण्डेय, कृष्ण कुमार कुरारिया, विकास दुबे, अनिल जैन, सुशील जैन राजभान मिश्रा, नवीन शुक्ला, आशीष तिवारी, आनंदमणि त्रिपाठी, ऋषभ द्विवेदी, रामशंकर चौरसिया, अनेक तिवारी, कन्हैया बड़गैयाँ, कान्हा पाण्डेय, प्रदीप दुबे, रामजी शुक्ला, मोहन सोंधिया, लकी सेन, नत्थू पटेल मौजूद रहे।

## तुर्की ने की नीदरलैंड में कुरान के खिलाफ 'हमलों' की निंदा

**अंकारा।** तुर्की ने नीदरलैंड में तुर्की दूतावास सहित मुस्लिम देशों के दूतावासों के बाहर कुरान पर 'हमले' की निंदा की। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा, हम इन हमलों की निंदा करते हैं, जिनका मकसद यूरोपीय देशों में हमारे धर्म और विश्वासियों को अपमानित करना है, जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में घृणा के इन कृत्यों की अनुमति दी जाती है। बयान में कहा गया है कि अब उन देशों द्वारा इन उकसावों के खिलाफ प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र ने धार्मिक घृणा और अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन के रूप में मान्यता दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने डच अधिकारियों से घटना के अपराधी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने और इन घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सावधानी बरतने का आह्वान किया। इसमें कहा गया, 'तुर्की इस बीमार और नफरत आधारित मानसिकता के खिलाफ हर मंच पर दृढ़ संकल्प के साथ अपनी लड़ाई जारी रखेगा।'

# रूस की नई पीढ़ी को भी युद्ध की आग में झोंक रहे पुतिन

## नन्हें-मुन्ने बच्चों को थमाया जा रहा गोला-बारूद, स्टेनगन

**मॉस्को।** यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू करने के बाद से करीब आधी दुनिया रूस के खिलाफ होती जा रही है। पश्चिमी देशों और अमेरिकी धमकियों से घिरे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अब देश के बच्चों से लेकर युवाओं को सेना में भर्ती करने का ख्वाब देख रहे हैं। उनके आदेश पर युवा बीते कुछ महीनों से बड़ी संख्या में मिलिट्री जॉइन कर रहे हैं। अब नन्हें-मुन्ने बच्चों को भी सेना की तालीम जा रही है। रूसी स्कूलों में खेल के मैदान परेड मैदान बनते जा रहे हैं। प्रशांत महासागर से लेकर काला सागर तक के स्कूलों में नर्सरी कक्षा के बच्चे वर्दी पहन रहे हैं और मार्चिंग अभ्यास में भाग ले रहे हैं। बच्चों को खाई खोदना, हथगोले फेंकना और गोली चलाना सिखाया जा रहा है।

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। खासकर इन दोनों देशों को पूरी तरह से बदल दिया है। यूक्रेन अपनी जमीन बचाने के लिए आखिरी सांस तक झोंकने को तैयार है। दूसरी तरफ बड़ी संख्या में अपनों को खोने के बावजूद रूस के कदम भी रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। व्लादिमीर पुतिन की सरकार सैनिकों की संख्या कम न हो, इसके लिए युवाओं को तरह-तरह के प्रलोभन देकर सेना में भर्ती किया जा रहा है।

अब तो नन्हें-मुन्ने बच्चों को भी सेना में लाने की तैयारी पूरे जोर से चल रही है। देश भर के स्कूलों में, सशस्त्र बलों में सेवा का




महिमामंडन किया जा रहा है, किशोरों की स्वैच्छिक कंपनियां बनाई जा रही हैं और मातृभूमि की रक्षा पर जोर देने के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में बदलाव किया गया है।

**किताबों में सेना का महिमामंडन-** कुल मिलाकर रूस के बच्चों को युद्ध के लिए तैयार किया जा रहा है। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद से रूस के पब्लिक स्कूलों का सैन्यीकरण तेज हो गया है, जो देशभक्ति की भावना की सहज वृद्धि से नहीं, बल्कि मॉस्को में सरकार द्वारा प्रेरित है। स्कूल में मातृभूमि से प्रेरित पाठ्यक्रम और सेना का महिमामंडन भी शामिल है। अगस्त में, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्कूलों में एक नया अनिवार्य पाठ्यक्रम मातृभूमि की सुरक्षा और रक्षा के बुनियादी सिद्धांत शुरू करने वाले कानून पर हस्ताक्षर किए थे।

**स्कूल के खेल मैदानों में सेना की ट्रेनिंग-** शिक्षा मंत्रालय ने बाद में इस पहल के हिस्से के रूप में सैन्य इकाइयों के भ्रमण,सैन्य-खेल खेल, सैन्य कर्मियों और दिग्गजों के साथ बैठकें और ड्रोन पर कक्षाएं शामिल करने के लिए पाठ्यक्रमों को बढ़ावा दिया है। सीएनएन की रिपोर्ट है कि मंत्रालय के अनुसार, हाई-स्कूल के छात्रों कोफायरिंग लाइन पर अनुभवी सैन्य अधिकारियों की देखरेख में गोला बारूद का उपयोग करना सिखाया जा रहा है।

**सात से आठ साल के बच्चे सीख रहे बंदूक चलाना-** रूस में स्थानीय और सोशल मीडिया पर सर्वेक्षण में पाया गया कि सात या आठ साल की उम्र के बच्चे सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सेना और नौसेना की वर्दी में मार्च कर रहे हैं। रूस में बच्चों को युद्ध में योगदान की बातें सिखाई जा रही है।

उधर, स्थानीय सरकारी मीडिया इन सभी गतिविधियों को यूक्रेन के खिलाफ अभियान के समर्थन में देशभक्ति की भावना के रूप में दिखाने की कोशिश कर रहा है।

## आज का इतिहास

1580- ब्रिटिश नाविक फ्रांसिस ड्रेक समुद्री रास्ते से पूरे विश्व का चक्कर लगाकर वापस स्वदेश पहुंचे।
1629- स्वीडन और पोलैंड ने अल्टमार्क की शांति संधि पर हस्ताक्षर किये।
1786- ब्रिटेन और फ्रांस ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1820- भारतीय समाज सुधारक, शिक्षाविद् और स्वतंत्रता सेनानी ईश्वर चन्द्र विद्यासागर का जन्म हुआ।
1919 - रोटरी क्लब ऑफ इंडिया की कलकत्ता में पहली बैठक हुई।
1923- जाने-माने अभिनेता देव आनंद का जन्म हुआ।
1932- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह का जन्म हुआ।
1944- सोवियत बलों ने एस्टोनिया पर कब्जा किया।
1953- अमेरिका और स्पेन ने रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किये।
1954- जापान में तूफान से पांच नौकाएं डूबने से लगभग 1,600 लोगों की मौत।
1976- चीन ने लोप नोर में परमाणु परीक्षण किया।
1980- सोयुज 38 पृथ्वी पर लौटा।

## सुडोकू 6328

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 7 | | | | 8 | 3 |
| | 6 | 9 | 2 | | | | 7 | |
| | | | | 1 | 3 | | 2 | |
| | | | | | 1 | 2 | | |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | 2 | 9 | | | | | |
| | 5 | | 8 | 4 | | | | |
| | 4 | | | | 6 | 7 | 9 | |
| 2 | 3 | | | | 9 | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## पाकिस्तान में 9 करोड़ 50 लाख लोग गरीबी के शिकार, कमाई 300 रुपए से भी कम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में महंगाई से हालात दिन ब दिन खराब होते जा रहे हैं। भारत के इस पड़ोसी मुल्क पर आर्थिक दुर्दशा की मार ऐसी पड़ी है कि विश्व बैंक ने भी चिंता जाहिर की है। विश्व बैंक के मुताबिक, पाकिस्तान की 40 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन गुजार रही है। करीब 95 मिलियन (9 करोड़ पचास लाख) की आबादी गरीबी के जाल में फंस चुकी है। हालत ये है कि लोगों की रोजाना कमाई भारतीय करेंसी के हिसाब से 300 रुपए से भी कम हो गई है। विश्व बैंक ने आर्थिक बदहाली दूर करने के लिए पाक को तीन चीजों पर काम करने की सलाह दी है।

पाकिस्तान में पेट्रोल और डीजल समेत रोजमर्रा की चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। विश्व बैंक के अनुसार, पाकिस्तान की 40 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने के लिए मजबूर है। इसने पाकिस्तान को अब सलाह दी है। कहा कि उन्हें सैन्य, राजनीतिक और व्यापारिक नेताओं के मजबूत निहित स्वार्थों से प्रेरित अपने नीतिगत निर्णयों पर गौर करने की जरूरत है। वित्तीय संस्थान की चेतावनी ऐसे वक्त में आई है जब पाकिस्तान सरकार जल्द चुनाव कराने को उतावली है।

## तड़ीपार खालिस्तानियों को कई देशों में बसा रहा बब्बर खालसा इंटरनेशनल, एनआईए के नए खुलासे

खालिस्तान समर्थक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) दुनिया भर के विभिन्न देशों में अपना आतंकी नेटवर्क फैला रहा है। एनआईए की रिपोर्ट है कि यह संगठन विभिन देशों में अच्छे से बसे खालिस्तान समर्थकों की मदद से अपने महत्वपूर्ण सदस्यों और तड़ीपार आतंकियों को बसाने की कोशिश कर रहा है। बीकेआई आतंकवादियों की मौजूदगी भारत के बाहर पाकिस्तान, उत्तरी अमेरिका, यूरोप और स्कैंडिनेविया में है। इस साल मार्च में दायर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की चार्जशीट से इस बात भी खुलासा होता है कि बीकेआई के कदम ने गैंगस्टर और खालिस्तान समर्थक तत्वों के बीच एक आतंकवादी-गैंगस्टर नेटवर्क विकसित किया है, ताकि टारगेट किलिंग के लिए गैंगस्टर खालिस्तानियों को शूटर उपलब्ध करा रहे हैं। एनआईएन ने अपने आरोप पत्र में कहा है कि यह बीकेआई था जिसने महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया और हमला किया। इसमें मोहाली में पंजाब पुलिस के खुफिया मुख्यालय पर आरपीजी आतंकी हमला, तरनतारन में सरहाली पुलिस स्टेशन पर आरपीजी हमला शामिल है। आरोप-पत्र में कहा गया है, सभी आरोपी हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश सहित बाहरी राज्यों से हैं। इन बदमाशों को निर्देश विदेश से उनके गिरोह के आकाओं द्वारा दिए जाते हैं, जो बीकेआई के निर्देशों पर आगे काम करते हैं। एनआईए के अनुसार, बीकेआई आतंकवादियों की मौजूदगी भारत के बाहर पाकिस्तान, उत्तरी अमेरिका, यूरोप और स्कैंडिनेविया में है।

# पाक ने बलोच महिला को मरवा डाला और चुप रहे ट्रूडो

## निज्जर मामले में घिर गए कनाडा के पीएम

**ओटावा।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के प्रति कनाडा के प्रधानमंत्री की सहानुभूति चरम पर पहुंच गई जब वह भारत पर ही उसकी हत्या के आरोप लगाने लगे। उन्होंने दोनों देशों के संबंधों और सही-गलत का भी खयाल नहीं रखा। वहीं तीन साल पहले जब उनके ही देश में बलोच ऐक्टिविस्ट करीमा बलोच की हत्या हो गई तो हड़कंप मचने के बाद भी उनकी जुबान से एक शब्द नहीं निकला। इस वाकये को लेकर जस्टिन ट्रूडो एक बार फिर घिरते नजर आ रहे हैं। कनाडा के बलूच मानवाधिकार परिषध ने जस्टिन ट्रूडो को पत्र लिखकर करीमा बलूच के अपहरण और रहस्यमय मौत को लेकर सवाल पूछे हैं।

**कौन थीं करीमा बलूच**

करीमा बलूच पाकिस्तान की सरकार और सेना को खुली चेतावनी देने वाली महिला कार्यकर्ता थीं। वह बलूचिस्तान आंदोलन का बड़ा चेहरा थीं और उन्होंने बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग करने का बीड़ा उठा लिया था। हालांकि पाकिस्तानी सेना की नजर में वह खटकने लगीं और इसके बाद उनको परेशान करना शुरू कर दिया गया। करीमा बलूच के कई रिश्तेदारों की हत्या कर दी गई। वह पाकिस्तानी सेना और आईएसआई की जमकर पोल खोलती थीं। सेना और आईएसआई से तंग आकर वह कनाडा चली गईं। हालांकि उन्होंने सेना के अत्याचार पर अपनी आवाज नहीं बंद की।



करीमा बलूच कनाडा में रहकर भी अपना आंदोलन चलाती रहीं। उन्हें पाकिस्तान और कनाडा से धमकियां मिलती रहती थीं। 20 दिसंबर 2020 को वह लापता हो गईं। इसके बाद उनका शव टोरंटो की ओंटारियोन नदीं के के किनारे पाया या। परिवार वालों ने कहा कि पाकिस्तान ने ही उनकी हत्या करवाई है। हालांकि कनाडा में किसी नेता का कोई बयान नहीं आया। पुलिस ने इसे आत्महत्या बताकर केस बंद कर दिया। उसके बाद से इस मामले में खामोशी जारी है।

बीएचआरसी की तरफ से लिखे गए पत्र में ट्रूडो से सवाल किया गया है कि आखिर एक हाई प्रोफाइल मर्डर के बारे में वह चुप क्यों हैं जबकि उसमें स्पष्ट था कि पाकिस्तानी एजेंसियों की साजिश थी।

वहीं निज्जर के मामले बिना सबूत के भी हाउस ऑफ कॉमन्स में प्रधानमंत्री की स्पीच होती है। बीएचआरसी ने कहा है कि पाकिस्तान में सेना के अत्याचार को लेकर कनाडा को फेयर रहना चाहिए। पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रूबीन ने ट्रूडो सरकार पर बलूच नेता की हत्या को लेकर सवाल उठाए थे। उन्होंने हुडसन इंस्टिट्यूट में कहा था कि कनाडा की सरकार ने ही पाकिस्तान ने करीमा बलूच की हत्या करवा दी। लेकिन इस मामले में ट्रूडो के कार्यालय की तरफ से एक बयान भी नहीं आया।

# अब समंदर में ड्रैगन की दादागिरी, चीन सागर में लगाया फ्लोटिंग बैरियर


पड़ोसी देशों के साथ खराब संबंध रखने वाले चीन ने फिर ऐसा कदम उठाया है, जिससे फिलीपीन्स आग बबूला हो उठा है। दरअसल, ड्रैगन ने विवादित दक्षिणी चीन सागर में फ्लोटिंग बैरियर लगा दिया है। इससे नाराज फिलीपीन्स ने आरोप लगाया है कि उसके नाविकों की दक्षिण चीन सागर में एंट्री बंद हो गई है। फिलीपीन्स ने चीन की इस चाल का कड़े शब्दों में विरोध किया है।

सोशल मीडिया एक्स पर एक बयान में फिलीपीन तट रक्षक दल के प्रवक्ता जे तारिएला ने कहा कि शुक्रवार को नियमित समुद्री गश्त के दौरान फिलीपीन के जहाजों द्वारा फ्लोटिंग बैरियर देखा गया। इसकी माप लगभग 300 मीटर (984 फीट) थी। बयान में कहा गया है, फिलीपीन तट रक्षक और मत्स्य पालन और जलीय संसाधन ब्यूरो चीन के तट रक्षक द्वारा बाजो डी मासिनलोक के दक्षिणपूर्वी हिस्से में एक फ्लोटिंग बैरियर की स्थापना की कड़ी निंदा करता है, जो फिलिपिनो मछली पकड़ने वाली नौकाओं को तट में प्रवेश करने से रोकता है और उन्हें उनकी मछली पकड़ने और आजीविका गतिविधियों से वंचित करता है। तारिएला ने कथित फ्लोटिंग बैरियर की तस्वीरें भी साझा की हैं और दावा किया है कि तीन चीनी तट रक्षक नौकाओं और एक चीनी समुद्री मिलिशिया सेवा की नाव ने क्षेत्र में फिलीपीन सरकार के जहाज के आगमन के बाद फ्लोटिंग बैरियर लगाया है। फिलीपीन तट रक्षक ने इस सप्ताह की शुरुआत में टूटे हुए विशाल कोरल रीफ के फुटेज साझा किए थे, जिसके बाद अधिकारियों ने चीन पर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विनाशकारी कार्य का आरोप लगाया था। चीन ने फिलहाल इस मामले पर अपनी प्रतक्रिया नहीं दी है। बता दें कि दक्षिण चीन सागर पर चीन अपना दावा ठोकता रहा है, जबकि पड़ोसी देश चीनी दावे का खंडन करते रहे हैं। इंडोनेशिया और वियतनाम के बीच स्थित यह समुद्र 35 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला है। यह सागर इंडोनेशिया, चीन, फिलीपींस, ताइवान,



वियतनाम, मलेशिया और ब्रूनेई से घिरा हुआ है। चीन ने दक्षिण चीन सागर पर कब्जे के इरादे से पहले यहां बंदरगाह बनाया, फिर हवाई पट्टी बनाई है। बाद में चीन ने पड़ोसी देशों के विरोध के बावजूद वहां आर्टिफिशियल द्वीप तैयार कर लिया। जब विवाद बढ़ा तो चीन ने दावा किया कि दक्षिण चीन सागर से उसका 2000 साल पुराना ताल्लुक है। चीन और पिलीपींस के बीच स्कारबोरी और स्प्रेटली आइलैंड को लेकर विवाद गहराता रहा है। चीन उसे अपना हिस्सा मानता है, जबकि फिलीपीन्स का दावा है कि ये द्वीप उसके हैं।

## वर्ग पहेली 6328




**बायें से दायें:-**

१. अकेले रहने या विचरने वाला, एकाकी
३. सज्जित, विभूषित
५. सेना या काफिले का मार्ग में कहीं रुकना, ऐसी रुकने की जगह
६. शुद्ध, पाक
७. पतला संकीर्ण मार्ग
९. आराम, चैन (उर्दू)
१०. स्वेच्छाचारिता
१२. आसान, स्वभाव, आसानी से मिलने वाला
१३. असमंजस, द्वैधीभाव
१४. युद्ध संबंधी
१६. गिरवी रखना
१८. दासी, सेविका (उर्दू)
२०. बहाया हुआ, बहता हुआ
२१. राजा (उर्दू)
२३. जो लेनदेन में खरा न हो (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. पगडंडी, एक चरण या एक पद वाला
२. बदचलन
३. जाना हुआ, विदित
४. मेहरबानी करके
५. राजा की सबसे बड़ी रानी
८. राजाओं का राष्ट्र प्रमुखों के रहने की जगह
१०. धीमा मंद
११. एक प्रकार का बहुमूल्य रत्न
१२. मरम्मत, दोष या खराबी के दूर होने का भाव
१३. बैर, शत्रुता
१४. शाबासी देना
१५. घूस
१७. सदैव
१८. एकदम, नितांत, पक्का (उर्दू)
१९. जिव्हा, भाषा (उर्दू)
२२. ज़िद

**वर्ग पहेली-6327**



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**राजनीति** — *विधानसभा चुनावों में घटक दलों के बीच सीट वितरण फॉर्मूले मे फंस सकता पेंच*

# उलझती दिख रही 'इंडिया' गठबंधन के दलों की एकता

**लखनऊ, (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को मात देने के लिए बना इंडिया गठबंधन की एकजुटता के सामने परीक्षा की एक और घड़ी आ गई है। पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों में घटक दलों के बीच सीट वितरण फॉर्मूले मे पेंच फंस सकता है। इसकी वजह है कि सपा राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाने के लिए कई राज्यों में जमीन तालाश रही है। ऐसे में कांग्रेस से फिलहाल उसे सहयोग करने की कोई गुंजाइश न के बराबर दिख रही है।**

अगर ऐसा रहा तो इंडिया गठबंधन की एकता उलझती दिखेगी। राजनीतिक जानकर बताते हैं कि समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय दर्जा पाने के लिए यूपी के बाहर होने वाले विधानसभा चुनाव में निश्चित तौर पर भाग लेगी। इसी कारण सपा उत्तर प्रदेश से बाहर मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में तेजी सी लगी है। ऐसे में अब देखना है क्या कांग्रेस सपा को इन राज्यों में सीट वितरण में कोई महत्व देगी या नहीं। आम चुनाव




के लिए बना 'इंडिया' गठबंधन क्या विधानसभा चुनाव के लिए भी काम करेगा, इस सवाल को लेकर ऊहापोह की स्थिति है। मध्यप्रदेश में सपा पूरी 230 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा कर रही है।

एमपी सपा के प्रदेश अध्यक्ष रामायण पटेल का कहना है कि हमारी पार्टी यहां होने वाले विधानसभा चुनावों में दमदारी से भाग लेगी। हमने सात सीटों पर उम्मीदवार भी घोषित कर दिए हैं।

हमारी सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी है। कांग्रेस के गठबंधन का निर्णय राष्ट्रीय अध्यक्ष

■ **सपा राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाने के लिए कई राज्यों में जमीन तालाश रही**

अखिलेश यादव लेंगे। हमारा हर जिले में संगठन हैं। सभी जिलों में विधानसभा प्रभारी हैं। उन्होंने बताया कि हमने सीधी, रीवा, दतिया, सिंगरौली, छतरपुर, भिंड जिले में हमने उम्मीदवार उतार दिए हैं। रीवा जिले में अखिलेश यादव 27 सितंबर को चुनावी प्रचार के लिए भी आ रहे हैं। सपा छत्तीसगढ़ में भी तकरीबन 40 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है।

यहां के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता का कहना है कि राज्य में हमारा संगठन मजबूत है। हमने 40 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रखी है। हमारे यहां से पार्षद और सभासद रह चुके हैं। हमारा संगठन जमीन पर है। कांग्रेस से गठबंधन का निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व लेगा। यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष 15 अक्टूबर को प्रचार के लिए आने वाले हैं।

सपा के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि हमारी पार्टी की तरफ पूरा प्रयास है कि विपक्षी एकता का संदेश होने वाले विधानसभा से भी जाना चाहिए। इसलिए जहां कांग्रेस की सरकार है, वहां कांग्रेस को सपा का सहयोग करना चाहिए। वैसे सपा 2003 के विधानसभा चुनाव में सात सीटें जीत चुकी है। सपा ने 230 में से 161 सीटों पर प्रत्याशी खड़े किए थे, जिनमें से 7 को जीत मिली थीं।

उन्होंने बताया कि छतरपुर, चांदला, मैहर, गोपदबनास, सिंगरौली, पिपरिया और मुल्ताई सीट पर सफलता मिली थी।

# खेल जगत

## 'किसी भी नंबर पर खेलने को तैयार हूं': श्रेयस अय्यर

**इंदौर।** मध्यक्रम के भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने विश्व कप से पहले अपनी वनडे साख के बारे में एक शानदार बयान दिया, जिसमें उन्होंने 105 रन के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शीर्ष स्कोर बनाया। यह साल का उनका पहला और इस प्रारूप में तीसरा शतक है। अय्यर, जो पीठ की सर्जरी के कारण काफी समय से एक्शन से दूर थे और जब उन्होंने एशिया कप में वापसी की तो एक बार उन्हें उनकी इंजरी ने परेशान किया जिसके कारण वो वहां भी कई मुकाबले से चूक गए। हालांकि, वर्ल्ड कप टीम में शामिल श्रेयस अय्यर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में शानदार शतकीय पारी खेली। अपनी पारी के बारे में बात करते हुए, अय्यर ने कहा कि वह खुद से कहते रहे कि फिटनेस के मोर्चे पर पिछले कुछ महीनों में हुई घटनाओं और केएल राहुल और ईशान किशन जैसे अन्य दावेदारों को देखते हुए उन्हें अपने खिलाफ प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ना होगा। श्रेयस अय्यर ने कहा, 'मैं खुद से कहता रहता हूं कि प्रतिस्पर्धा मुझे खुद से है।



# टाइटस साधू की गेंद के कहर से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियाई खेलों में जीता स्वर्ण

## भारत ने श्रीलंका को रोमांचक फाइनल में दी 19 रन से शिकस्त




■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली।** 18 बरस की नौजवान तेज गेंदबाज टाइटस साधू (3/6) के गेंद से कहर तथा सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स की दूसरी विकेट की 73 रन की भागीदारी की बदौलत भारत की महिला क्रिकेट ने टीम ने श्रीलंका को झांगजू (चीन) में एशियाई खेलों के कम स्कोर वाले रोमांचक फाइनल में सोमवार को 19 रन से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। साधू का गेंदबाजी विश्लेषण रहा 4-2-6-3। इसी के साथ टाइटस साधू ने साबित किया कि वह वाकई बड़े मंच पर बड़ा प्रदर्शन करने का दम रखती हैं। बंगाल की नौजवान गेंदबाज टाइटस साधू (2/6) ने गेंद से कमाल कर इस साल जनवरी में पोशे स्टॉर्म (दक्षिण अफ्रीका) में भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले आईसीसी टी-20 महिला अंडर-19 क्रिकेट फाइनल में सात विकेट से जीत दिला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, भारत की तेज गेंदबाज टाइटस साधू ने हांगजू में जिजीयांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी की धीमी पिच पर भी अपने पहले ओवर की पहली ही गेंद पर श्रीलंका की विकेटकीपर सलामी बल्लेबाज अनुष्का संजीवनी के कप्तान हरमनप्रीत कौर के हाथों मिड विकेट पर कैच कराने के बाद चौथी गेंद पर विष्मी गुणरत्ने को बोल्ड किया और फिर अपने दूसरे ओवर की दूसरी गेंद पर खतरनाक दिखती कप्तान सलामी बल्लेबाज कप्तान चमरी अट्टापट्टू (12 रन, 12 गेंद, एक छक्का, एक छक्का) को एक्स्ट्रा कवर पर दीप्ति शर्मा के हाथों कैच कर उसका चार ओवर में उसका स्कोर तीन विकेट पर 14 रन कर उसकी पारी को शुरू में ही ऐसा बिखेरा वह संभल ही नहीं पाई। दो मैचों के प्रतिबंध के बाद वापसी करने वाली हरमनप्रीत कौर का यह फाइनल भारत की कप्तान के रूप में सौवां टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच था। हरमनप्रीत कौर ने अपनी कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता राष्ट्रमंडल खेलों और टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हार की कसक जरूर कुछ कम कर दिया।

स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे भारत की पारी का संभल कर आगाज किया। शैफाली (9 रन, 15गेंद, 1 चौका) बाएं हाथ की स्पिनर की सुगंधिका कुमारी की गेंद को उड़ाने के फेर में हवा में मात खा गई और विकेटकीपर संजीवनी ने उन्हें स्टंप कर दिया और भारत ने पहला विकेट 16 रन पर खोया। स्मृति मंधाना (46 रन, 45 गेंद, एक छक्का, चार चौके) और जेमिमा रॉड्रिग्ज (42 रन, 40 गेंद, 5 चौके) जरूरत से ज्यादा सतर्कता से खेली। स्मृति मंधाना ने पारी के 15 वें ओवर में श्रीलंका की बाएं हाथ की स्पिनर इनोका रणवीरा की गेंद को उड़ाने की कोशिश की लेकिन उनके बल्ले का बाहरी लेकर उछली गेंद को शॉर्ट फाइन लेग प्रबोधिनी ने उनका कैच कर उनकी बढ़िया पारी और दूसरे विकेट की 73 रन की भागीदारी को क्या तोड़ा की भारत के विकेट की झड़ी ही लग गई। तेज गेंदबाज टाइटस साधू (3/6) और बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ (2/20) ने जवाबी हमला बोलने के अंदाज मे उतरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली हसिनी परेरा (25 रन, 22 गेंद एक छक्का, चार चौके) को स्लॉग स्वीप करने पर मजबूर कर उन्हें पूजा वस्त्रकार के हाथों पारी के दसवें ओवर में कैच करा आउट उनकी और नीलाक्षी डिसिल्वा (23 रन,34 गेंद, एक छक्का, एक चौका) की 36 रन की भागीदारी को तोड़ कर श्रीलंका स्कोर चार विकेट पर 50 रन करने के बाद उसकी पारी पर ब्रेक लगा उसे निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 97 रन पर रोक कर भारत को फाइनल जिताने के साथ स्वर्ण पदक भी जिता दिया। परेरा ने आउट होने से पहले राजेश्वरी गायकवाड़ के एक ओवर में एक चौके व एक छक्के सहित तथा पूजा वस्त्रकार के एक ओवर में लगातार तीन चौके जड़ने के साथ 12-12 रन बनाए थे। नीलाक्षी डिसिल्वा पारी के 17 वें ओवर में बेवजह तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकार की गेंद को स्कूप करने के फेर में बोल्ड हो गई और श्रीलंका ने पांचवां विकेट 78 रन पर खोया। नीलाक्षी ने आउट होने से पूर्व पांचवें विकेट के लिए ओशादी रणसिंघे (19 रन, 26 गेंद, 2 चौके) के साथ 28 रन जोड़े थे। ओशादी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा की गेंद को उड़ाने के फेर में टाइटस साधू को पारी के 18 वे ओवर कैच थमा आउट हुई और श्रीलंका का स्कोर छह विकेट पर 86 रन हो गया। लेग स्पिनर देविका वैद्य ने अंतिम पूर्व ओवर में कविशा दिलहारी (5) को विकेटकीपर ऋचा घोष के हाथों कैच कराया। राजेश्वरी गायकवाड़ ने अंतिम व 20 वें ओवर की पांचवीं गेंद पर सुगंधिका कुमारी को विकेटकीपर ऋचा के हाथों कैच करा उसका स्कोर आठ विकेट पर 97 रन कर और अगली पर कोई रन नहीं और भारत ने मैच जीत लिया।


# भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगजू एशियाई खेलों में दबदबा बनाए रखने के मकसद से उतरेगी



**नई दिल्ली।** हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगजू (चीन) एशियाई खेलों मे उज्बेकिस्तान को रविवार को 16-0 से धोने के बाद अब एक मंगलवार को पूल ए में अपने दूसरे मैच में एक और कमजोर टीम सिंगापुर से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश अपना दबदबा जारी रखने की होगी। सिंगापुर की टीम अपना पहला मैच पाकिस्तान से 0-11 से हारने के बाद मंगलवार को एफआईएच रैंकिंग में भारत के खिलाफ खेलने उतरेगी। भारत की टीम इससे पहले जब 2012 में जब दिल्ली मे सिंगापुर में भिड़ी तब उसे 15-1 से करारी शिकस्त दी थी।भारतीय पुरुष हॉकी टीम को मालूम है कि मंगलवार के बाद उसके लिए हर अगला मैच और चुनौतीपूर्ण होगा। भारतीय हॉकी टीम के लिए संदेश साफ है एशियाई खेलों में शिद्दत से खेल भारतरीय हॉकी की विरासत को आगे बढ़ाना। भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सिंगापुर के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'हमारे एशियाई खेलों में अपना अभियान दमदार ढंग से शुरु किया लेकिन हम यह जानते हैं कि हर मैच की एक अलग चुनौती होती है। हम हांगजू एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने के मकसद से आए हैं।' भारत की पुरुष हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह की राय से इत्तफाक जताते हुए कहा, 'हालांकि हमने पहले मैच में प्रभावी जीत दर्ज की लेकिन हमारा फोकस हमेशा अगले मैच पर रहता है। हम अपना बढिया़ प्रदर्शन जारी रखते हुए अपनी रणनीति को और दुरुस्त करने के मकसद से उतरेंगे। हर मैच सीखने और टीम के रूप में आगे बढने् का मौका है।'

**भारत का मंगलवार को मुकाबला सिंगापुर से**

# मैच फिक्सिंग के आरोप में श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सेनानायके को मिली जमानत



■ कोलंबो मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत ने जमानत दे दी
■ मैच फिक्सिंग से जुड़े आरोप में खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई ने 6 सितंबर को गिरफ्तार किया था

**नई दिल्ली।** मैच फिक्सिंग मामले में श्रीलंका के पूर्व ऑफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को सोमवार को कोलंबो मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत ने जमानत दे दी है। इससे पहेल उन्हें मैच फिक्सिंग से जुड़े आरोप में खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने 6 सितंबर को गिरफ्तार किया था। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, वह 12 दिसंबर, 2023 को फिर से अदालत में पेश होंगे। पिछले महीने अटॉर्नी जनरल (एजी) द्वारा एसआईयू को पूर्व ऑफ स्पिनर के खिलाफ आपराधिक आरोप लगाने के निर्देश के बाद कोलंबो मजिस्ट्रेट ने 38 वर्षीय खिलाड़ी पर तीन महीने के लिए विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था। सेनानायके पर आरोप है कि उन्होंने 2020 में लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के पहले संस्करण में मैच फिक्स करने के लिए दुबई से टेलीफोन के जरिए दो क्रिकेटरों से संपर्क किया था। 2019 में खेल से संबंधित अपराधों की रोकथाम के तहत श्रीलंका में खेलों में भ्रष्टाचार को दंडनीय आपराधिक अपराध बनाए जाने के बाद यह सबसे पहला मामला है।

# रोइंग में भारत के नाम दो सिल्वर और तीन कांस्य

## भारत ने सोमवार को एशियाई खेलों की रोइंग प्रतियोगिता में दो और कांस्य पदक जीता




■ भारत ने दो रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल 5 पदकों के साथ नौकायन में अपना अभियान खत्म किया

**हांगझोऊ।** भारत ने सोमवार को एशियाई खेलों की रोइंग प्रतियोगिता में दो और कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही भारत ने दो रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल 5 पदकों के साथ नौकायन में अपना अभियान खत्म किया। सोमवार को जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनित कुमार और आशीष के भारतीय कॉक्सलेस फोर ने 6:10.81 समय के साथ उज्बेकिस्तान और चीन के बाद तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय दूसरे स्थान पर मजबूती से आगे बढ़े रहे थे लेकिन अंतिम कुछ क्षणों में चीन ने बाजी मार ली और रजत पदक हासिल कर लिया। फूयांग वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर में सोमवार को दूसरा कांस्य पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स में आया, जिसमें सतनाम सिंह, परमिंदर सिंह, जकार खान और सुखमीत सिंह की भारतीय नाव 6:06.61 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रही। चीन ने 6:02.65 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उज्बेकिस्तान ने :04.64 के समय के साथ रजत पदक जीता। इस प्रकार भारत ने हांगझोऊ में 19वें एशियाई खेलों की रोइंग प्रतियोगिता पांच पदकों के साथ समाप्त की। उसने रविवार को अंतिम दिन तीन पदक जीते थे - दो रजत और एक कांस्य।

## पिता के नक्शेकदम पर चलकर भारत के लिए कांस्य जीतकर खुश हैं रोवर परमिंदर सिंह

भारतीय नाविक परमिंदर सिंह पुरुष डबल स्कल्स फाइनल में छठे स्थान पर रहने के बाद निराश होकर लौटे

**हांगझोऊ।** भारतीय नाविक परमिंदर सिंह पुरुष डबल स्कल्स फाइनल में छठे स्थान पर रहने के बाद निराश होकर लौटे हैं। परमिंदर और उनके साथी सतनाम सिंह को दूसरे स्थान पर रखा गया था। हालांकि, बाद में वे छठे और आखिरी स्थान पर आ गए। उन्हें लगा कि एशियाई खेलों में पदक जीतने और अपने पिता इंद्रपाल सिंह का अनुकरण करने के अपने सपने को पूरा करने के लिए उन्हें चार साल और इंतजार करना पड़ सकता है, जिन्होंने 2002 में बुसान एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था लेकिन भारतीय नौसेना में 23 वर्षीय ऑफिसर ने हिम्मत नहीं हारी और सोमवार को पुरुषों की क्वाड्रपल स्कल्स में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए इतिहास रच दिया। परमिंदर ने अपने पिता के नक्शे-कदम पर चलते हुए एशियाई खेलों में पदक जीता, इसके 21 साल बाद इंद्रपाल सिंह ने बुसान 2002 में पुरुष कॉक्सलेस फोर में कांस्य पदक जीता था।

# भारत ने हांग्झोऊ में 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता

## भारत ने 19वें एशियाई खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता



**हांग्झोऊ।** भारत ने यहां 19वें एशियाई खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता, जिसमें रुद्रांश पाटिल, दिव्यांश सिंह पंवार और ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर ने सोमवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ गौरव हासिल किया। भारतीय तिकड़ी ने 1893.7 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जिसमें रुद्रांश पाटिल, जिन्होंने पिछले साल 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता था, ने 632.5 अंक हासिल किए, पंवार ने 629.6 अंक का योगदान दिया और तोमर ने स्कोर में 631.6 अंक जोड़कर टीम प्रतियोगिता में कुल 1893.7 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। कोरिया गणराज्य ने 1890.1 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता और मेजबान चीन ने 1888.2 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने इस साल अगस्त में बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप में चीनियों द्वारा बनाए गए 1983.3 के विश्व रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 1893.7 के कुल स्कोर पर शानदार शॉट लगाया। 10 शॉट के पहले राउंड की समाप्ति पर भारत 313.7 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर था जबकि चीन 315.0 के साथ बढ़त बना ली थी।

कोरिया ने 311.3 के स्कोर के साथ शुरुआत की, जापान और बांग्लादेश क्रमशः 313.1 और 313.3 के साथ उनसे आगे रहे। भारत ने दूसरे राउंड में 315.9 का स्कोर किया और फिर अगले तीन राउंड में 313.7, 315.9, 318.7 और 315.8 के स्कोर के साथ मजबूती से आगे बढ़ा और स्टैंडिंग में शीर्ष पर रहा।

# व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण नहीं जीत पाने से निराश हूं: ऐश्वर्य



**हांगझोऊ,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में सोमवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतना भारत के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर के लिए काफी नहीं रहा। 10 मीटर एयर राइफल टीम प्रतियोगिता में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ दिव्यांश पंवार और रुद्राक्ष पाटिल सहित भारतीय टीम की जीत पक्की करने के बाद, तोमर ने व्यक्तिगत स्पर्धा में टीम के साथी रुद्राक्ष पाटिल को हराकर कांस्य पदक जीता। हालांकि, मध्य प्रदेश का 22 वर्षीय खिलाड़ी व्यक्तिगत प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक नहीं जीत पाने से निराश है। तोमर ने फाइनल के बाद कहा, 'मैं थोड़ा निराश हूं क्योंकि मैं व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया, लेकिन मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने विश्व रिकॉर्ड के साथ टीम स्वर्ण पदक जीता। शुरुआती दिन दो पदक जीतना हमेशा मनोबल बढ़ाने वाला होता है। मैं अब 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन स्पर्धा में और अधिक आत्मविश्वास के साथ उतरूंगा। मुझे उस स्पर्धा में भी अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है।' 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में अपने साथियों के बारे में तोमर ने कहा कि दिव्यांश पंवार और रुद्राक्ष पाटिल दोनों परफेक्ट एथलीट हैं। अपने पिता को देखकर कम उम्र में ही शूटिंग शुरू करने वाले ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने कहा, 'अभी मेरा एक और मुकाबला है। इसलिए, जश्न के लिए इंतजार करना होगा। लेकिन घर वापस जाने के बाद मैं अपने परिवार के साथ एक बड़ा जश्न मनाऊंगा' एशियाई खेलों के बाद, तोमर अपना ध्यान पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने पर लगाएंगे जिसमें उनके साथी रुद्राक्ष पाटिल पहले ही देश के लिए कोटा स्थान हासिल कर चुके हैं।

# तीसरे वनडे में भी नहीं खेलेंगे अक्षर पटेल, गिल-शार्दुल भी टीम से बाहर




**नई दिल्ली।** एशिया कप में बाएं क्वाड्रिसेप्स में खिंचाव से उबर रहे अक्षर पटेल 27 सितंबर को राजकोट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले सीरीज के तीसरे और अंतिम वनडे से बाहर हो गए हैं। क्रिकबज की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अक्षर पटेल तीसरे वनडे के लिए टीम में शामिल होने के लिए फिट नहीं हुए हैं और वर्तमान में बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में पुनर्वास के दौर से गुजर रहे हैं। अक्षर का अभी तक भारतीय टीम में शामिल नहीं होने का मतलब है कि इससे रविचंद्रन अश्विन के विश्व कप टीम में शामिल होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं, लेकिन रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि ऐसे संकेत हैं कि अक्षर विश्व कप अभ्यास मैचों तक पूरी तरह फिट हो जाएंगे। वहीं, रिपोर्ट्स के अनुसार शुभमन गिल और शार्दुल ठाकुर को राजकोट वनडे से आराम दिया गया है। इसमें कहा गया है, 'दोनों खिलाड़ियों में से कोई भी इंदौर से राजकोट की यात्रा नहीं करेगा।' भारत, जिसके पास पहले से ही तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त है। वो राजकोट में तीसरे वनडे के लिए कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या की वापसी से पूरी स्ट्रेंथ के साथ क्लीन स्वीप करना चाहेगी। चेन्नई में 8 अक्टूबर को विश्व कप के अपने पहले मैच से पहले यह दोनों टीमों के लिए अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच होगा।

## गेंदबाजों की दरियादिली ऑस्ट्रेलिया के लिए चिंता का विषय

**इंदौर।** पांच अक्टूबर को शुरू होने से क्रिकेट विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज़ों का लचर प्रदर्शन टीम प्रबंधन के लिये चिंता का सबब बना हुआ है। हाल में संपन्न दक्षिण अफ्रीका सीरीज और भारत के खिलाफ पिछले दो मैचों में आस्ट्रेलिया गेंदबाजों का प्रदर्शन औसत रहा है। रविवार को इंदौर में भारतीय बल्लेबाज़ों ने उनकी जमकर पिटाई की और ऑस्ट्रेलिया को लगातार पांचवीं बार वनडे में हार का सामना करना पड़ा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भारत ने पांच विकेट पर 399 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। इससे पहले साउथ अफरीका ने लगातार वनडे मैचों में 416, 338 और 315 के स्कोर बनाए थे। इन चार मैचों में से तीन में खेले शॉन ऐबट ने भारत के ख़िलाफ़ दूसरे वनडे में 10 ओवर में 91 रन ख़र्च किए थे। ऐबट ने कहा, 'हमने एग्ज़िक्यूशन में लगातार गलतियां की हैं। यह कहना आसान है कि हम ऐसी हार से सीखेंगे और ख़ुद को बेहतर बनाएंगे, लेकिन हमें एक्ज़िक्युट बेहतर करना ही होगा।

# विश्व कप 2023 के ओपनिंग मैच के लिए ऑन-फील्ड अंपायर होंगे कुमार धर्मसेना और नितिन मेनन



**नई दिल्ली।** अंतरीरष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की, कुमार धर्मसेना और नितिन मेनन, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप के पहले मैच के लिए ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। साल 2019 में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए वर्ल्ड कप फाइनल मैच का रिप्ले देखने का मौका फैंस को मिलने वाला है, क्योंकि वर्ल्ड कप- 2023 में इंग्लैंड-न्यूजीलैंड ग्रुप स्टेज क्लैश के लिए मंच तैयार है। इस मैच के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की कि कुमार धर्मसेना और नितिन मेनन ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। उनके साथ टीवी अंपायर पॉल विल्सन, चौथे अंपायर शाहिद सैकत और मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ शामिल होंगे। 39 साल के मेनन, जो मेज़बान देश भारत से हैं वो टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के अंपायर होंगे। साथ ही शाहिद, अहसान रज़ा, एड्रियन होल्डस्टॉक, व्हार्फ और क्रिस ब्राउन के साथ पुरुष वनडे विश्व कप में डेब्यू कर रहे हैं। धर्मसेना ने 2015 में पुरुषों के 50 ओवर के क्रिकेट विश्व कप फाइनल में खेलने और अंपायरिंग करने वाले पहले व्यक्ति के रूप में इतिहास रचा, जबकि मेनन अपने पहले पुरुष एकदिवसीय विश्व कप मैच में अंपायरिंग करेंगे।

## सार संक्षेप

### रोहन बोपन्ना, युकी भांबरी पुरुष युगल स्पर्धा से बाहर

**हांगझोऊ।** एशियन गेम्स से पहले लखनऊ में मोरक्को के खिलाफ डेविस कप विश्व ग्रुप-II प्लेऑफ में भारत को जीत दिलाने के कुछ दिनों बाद रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी एशियाई खेलों के पुरुष युगल प्रतियोगिता के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। टेनिस में भारत को बड़ा झटका लगा है। पहली वरीयता प्राप्त भारत के रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी को उज्बेकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। बोपन्ना-भांबरी ने मैच को 6-2, 3-6, 6-10 से गंवा दिया। दिविज शरण के साथ 2018 एशियाई खेलों में जकार्ता में पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीतने वाले बोपन्ना शानदार फॉर्म में हैं और इस महीने की शुरुआत में यूएस ओपन पुरुष युगल के फाइनल में पहुंचे थे। इसलिए, शीर्ष भारतीय जोड़ी के शुरुआती दौर में पहुंचने की उम्मीद थी लेकिन दूसरे सेट के बाद से उन्हें संघर्ष करना पड़ा।

43 वर्षीय बोपन्ना युगल रैंकिंग में विश्व में सातवें स्थान पर हैं और युकी 65वें स्थान पर हैं। जबकि, फोमिन युगल में 349वें स्थान पर हैं और उनके साथी सुल्तानोव 494वें स्थान पर हैं। कागजों पर आंकड़े देखकर भारतीयों से उम्मीद की गई थी कि वे अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर देंगे, लेकिन उज्बेकिस्तान की जोड़ी ने शानदार लड़ाई लड़ी और भारत के खिलाफ एक बड़ी जीत दर्ज की।

फेड्रिको डीमार्को ने सीरी ए में इंटर मिलान के बेहतरीन रिकॉर्ड को कायम रखा

### इंटर मिलान ने रविवार को सेरी ए में अपनी लगातार पांचवीं जीत हासिल की

**रोम।** इंटर मिलान ने रविवार को सेरी ए में अपनी लगातार पांचवीं जीत हासिल की, जिसमें फेडरिको डिमार्को की शानदार स्ट्राइक ने टीम की जीत पक्की की। नए सीरी ए सीज़न की शुरुआत के बाद से इंटर शीर्ष फॉर्म में है और अपने पहले चार मैचों में चार जीत दर्ज की है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एम्पोली को लगातार हार का सामना करना पड़ा। वह अपने पिछले खेलों में स्कोर करने में विफल रही, जिसमें रोमा द्वारा 7-0 से हार भी शामिल थी।

## सुडोकू 6328 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 9 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 9 | 5 | 7 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 8 |

SENSEX | BSE 66023.69 ▲ 14.54 | NSE 19674.55 ▼ 0.30 | MCX Gold 58925 ▼ 21 | silver 73097 ▼ 240

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे की गिरावट के 83.10 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया शुरुआती कारोबार 16 पैसे की गिरावट के साथ 83.10 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती के साथ ही घरेलू बाजार के नकारात्मक रुख का असर रुपये पर पड़ा। विदेश मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी फंड की निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी ने भी भारतीय मुद्रा की धारणा प्रभावित की। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.04 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 83.10 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 16 पैसे की गिरावट है। शुक्रवार को रुपया 82.94 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।



## डीमैट खाताधारकों और म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 30 सितंबर

**नई दिल्ली।** डीमैट अकाउंट होल्डर्स को सेबी का रिमाइंडर, 30 सितंबर तक करा ले यह काम, बाजार नियामक सेबी ने कहा है कि सभी व्यक्तिगत डीमैट खाताधारकों और म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए नामांकन दाखिल करने या बाहर निकलने की समय सीमा 30 सितंबर को समाप्त हो रही है। सेबी ने कहा है कि अगर समय सीमा के भीतर इसका पालन नहीं किया जाता है, तो खाते और फोलियो जब्त कर लिए जाएंगे। बाजार नियामक सेबी ने डीमैट खाताधारकों को सितंबर के अंत तक नॉमिनी चुनने या बाहर निकलने का विकल्प दिया था। पिछली कटऑफ तारीख 31 मार्च, 2023 थी। सेबी के इस कदम का उद्देश्य निवेशकों को उनकी संपत्ति सुरक्षित करने और उन्हें उनके कानूनी उत्तराधिकारियों (लाभार्थियों) को सौंपने में मदद करना है। बाजार नियामक ने यह भी कहा है कि लाभार्थी को नामित करने का आदेश नए और मौजूदा निवेशकों पर भी लागू होता है।

**नामांकित व्यक्ति का क्या अर्थ है-** नॉमिनी का मतलब वह व्यक्ति है जिसके नाम पर बैंक खाता, निवेश या बीमा है और संबंधित व्यक्ति की आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में वह निवेश राशि प्राप्त करने का हकदार होगा। इससे पहले, सेबी ने डीमैट खाताधारकों को 31 मार्च, 2022 तक नामांकन के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए कहा था।

## 50 लाख से कम के होम लोन पर 9 लाख तक की सब्सिडी दे सकती है सरकार

*नई दिल्ली। भारत सरकार अगले पांच सालों में छोटे शहरी आवास के लिए सब्सिडी वाले लोन पर 600 अरब रुपये (7.2 अरब डॉलर) खर्च करने पर विचार कर रही है। इस साल के अंत में राज्य चुनावों और 2024 के मध्य में होने वाले आम चुनावों से पहले, बैंकों द्वारा कुछ महीनों में इस योजना को लागू करने की संभावना है।*

पिछले महीने, भारत ने चुनाव से पहले महंगाई पर लगाम लगाने के लिए घरेलू रसोई गैस की कीमतों में लगभग 18 प्रतिशत की कटौती की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अगस्त में एक भाषण में इस योजना की घोषणा की थी, लेकिन इसका विवरण पहले नहीं बताया गया था। इस योजना के अंतर्गत आप 20 साल के लिए 50 लाख से कम का लोन ले सकते हैं। लेकिन इसी बीच 9 लाख रुपये तक की लोन राशि पर आप



3-6.5 प्रतिशत के बीच सालाना ब्याज सब्सिडी का लाभ ले पाएंगे। नाम ना छापने की शर्त पर एक सरकारी अधिकारी ने कहा, ब्याज छूट लाभार्थियों के हाऊसिंग लोन अकाउंट में अग्रिम रूप से जमा की जाएगी। 2028 तक प्रस्तावित इस योजना को जल्दी ही अंतिम रूप दिया जाएगा और इसके लिए यूनियन मंत्रिमंडल की मंजूरी की जरूरत होगी। अधिकारी ने कहा कि इस योजना से शहरी क्षेत्रों में कम आय वाले समूहों में 25 लाख लोन आवेदकों को लाभ हो सकता है, लेकिन सब्सिडी वाले लोन की मात्रा ऐसे घरों की मांग पर निर्भर करेगी। मोदी ने अपने अगस्त के भाषण में कहा था, हम आने वाले सालों में एक नई योजना लेकर आ रहे हैं जिससे उन परिवारों को फायदा होगा जो शहरों में रहते हैं लेकिन किराए के घरों, झुग्गी-झोपड़ियों, चॉल और अनधिकृत कॉलोनियों में रह रहे हैं। दो बैंक अधिकारियों ने कहा कि बैंकों को कोई विशिष्ट लोन टार्गेट नहीं दिया गया है, लेकिन जल्द ही सरकारी अधिकारियों के साथ मीटिंग होने की संभावना है। इसी बीच, बैंकों ने लाभार्थियों की पहचान करना शुरू कर दिया है, उन्होंने कहा कि इस कदम से होम लोन पोर्टफोलियो के भीतर किफायती हाऊसिंग सेगमेंट में लोन बढ़ाने में मदद मिल सकती है। यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने शहरी क्षेत्रों में कम आय वाले लोगों को ब्याज सब्सिडी ऑफर की है।

## एसएंडपी ने वित्त वर्ष 24 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान 6 प्रतिशत पर रखा बरकरार, विश्व अर्थव्यवस्था में मंदी जिम्मेदार

*नई दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को छह प्रतिशत पर सोमवार को बरकरार रखा। अमेरिका स्थित एजेंसी ने विश्व अर्थव्यवस्था के धीमी होने, सामान्य से कम मानसून के बढ़ते जोखिम और दरों में बढ़ोतरी के लंबित प्रभाव का हवाला देते हुए अनुमान छह प्रतिशत पर बरकरार रखा। हालांकि एजेंसी ने सब्जियों की कीमत में हालिया बढ़ोतरी को अस्थायी माना लेकिन उच्च वैश्विक तेल कीमतों पर पूर्ण राजकोषीय खुदरा मुद्रास्फीति अनुमान को पहले के पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया।*

**2022 के मुकाबले कमजोर रहेगी अर्थव्यवस्था-** इकॉनमिक आउटलुक फॉर एशिया पैसिफिक क्वार्टर-4 2023' रिपोर्ट में कहा, 'इस साल वृद्धि दर 2022 की तुलना में कमजोर रहेगी, लेकिन हमारा दृष्टिकोण मोटे तौर पर अनुकूल बना हुआ है। जून तिमाही में भारत में मजबूत विस्तार के बावजूद, धीमी विश्व अर्थव्यवस्था, दरों में बढ़ोतरी के लंबित प्रभाव और असामान्य मानसून के बढ़ते जोखिम को देखते हुए हम वित्तीय वर्ष 2024 (मार्च 2024 को समाप्त) के लिए अपना अनुमान बरकरार रखते हैं।'




**2023 में बढ़ी थी भारतीय इकॉनमी-** मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत बढ़ी थी। स्ꣳक्क ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान को छह प्रतिशत पर बरकरार रखते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 2024-25 और 2025-26 वित्तीय वर्षों में 6.9 प्रतिशत बढ़ेगी। एसएंडपी ने कहा कि जून तिमाही में भारत की उपभोग वृद्धि के साथ-साथ पूंजीगत खर्च भी 'मजबूत' रहा। एशिया प्रशांत क्षेत्र में वृद्धि पर एसएंडपी ने कहा कि यह एक 'मल्टी-स्पीड' क्षेत्र बना हुआ है और घरेलू लचीलेपन के बीच 2023 के लिए अपने अनुमान को थोड़ा बढ़ाकर 3.9 प्रतिशत कर दिया।

### एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट में दावा

## अक्टूबर में भी स्थिर रह सकता है रेपो रेट!

**नई दिल्ली।** भारत के केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मौद्रिक नीति समिति की बैठक अक्तूबर के पहले सप्ताह में होगी। एसबीआई की एक रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अक्तूबर में होने वाली बैठक में भी रिजर्व बैंक रेपो रेट को स्थिर रख सकता है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक 4-6 अक्तूबर को होनी प्रस्तावित है। रिजर्व बैंक आमतौर पर एक वित्तीय वर्ष में छह द्विमासिक बैठकें करता है। इन बैठकों में ही रिजर्व बैंक ब्याज दर, धन के प्रवाह, महंगाई और विभिन्न आर्थिक संकेतकों पर फैसले करता है।

**क्या है एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में-** एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू स्तर पर हम उम्मीद कर रहे हैं कि रेपो रेट 6.50 प्रतिशत पर स्थिर रह सकती है और यहां इसके लंबे समय तक स्थिर रहने की उम्मीद है क्योंकि महंगाई पहले के मुकाबले कम हो रही है। यह रिसर्च रिपोर्ट एसबीआई के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने तैयार की है। इस रिपोर्ट में सौम्य कांति घोष ने कहा है कि हमारा मानना है कि रिजर्व बैंक अभी यथास्थिति को बरकरार रखेगा क्योंकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में महंगाई दर 5 प्रतिशत से कम रह सकती है। रिपोर्ट में विकास दर के भी मजबूत रहने की उम्मीद जताई गई है। साथ ही तेल की कीमतों के भी स्थिर होने की उम्मीद की गई है।

**पिछली बैठकों में भी नहीं हुए थे रेपो रेट में बदलाव-** रिजर्व बैंक की अप्रैल, जून और अगस्त में हुई बैठकों में भी रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किए गए और यह 6.5 प्रतिशत पर बनी रही। रेपो रेट, वो ब्याज दर है, जिस पर रिजर्व बैंक अन्य बैंकों को लोन देता है। रेपो रेट बढ़ने का मतलब है कि बैंकों की ब्याज दर बढ़ेगी और फिर बैंक भी अपने ग्राहकों की ब्याज दर बढ़ाएंगे।

## चीनी की कीमतों में उछाल से बढ़ी शुगर्स कंपनियों के शेयरों की मिठास, 8 फीसदी तक चढ़े स्टॉक्स

*नई दिल्ली। त्यौहारी सीजन में चीनी की कीमतों में उछाल देखा जा रहा है तो इस वजह से हफ्ते के पहले कारोबारी सत्र में चीनी कंपनियों के स्टॉक्स की मिठास और बढ़ गई है. चीनी कंपनियों के स्टॉक्स 7 फीसदी की तेजी के साथ ट्रेड कर रहे.डालमिया भारत शुगर्स से लेकर बलराम चीनी और श्री रेणुका शुगर्स के स्टॉक में जोरदारी तेजी देखने को मिल रही है.*

**7 फीसदी तक उछले चीनी शेयर्स-** 25 सितंबर 2023 को डालमिया भारत शुगर्स का शेयर 7.62 फीसदी के उछाल के साथ 460.50 रुपये, बलरामपुर चीनी 6.65 फीसदी के उछाल के साथ 441.80 रुपये, धामपुर शुगर मिल्स 6.19 फीसदी के उछाल के साथ 320 रुपये, आंध्र शुगर्स 6.10 फीसदी के साथ 125.30 रुपये, बजाज हिंदुस्तान 5.50 फीसदी के उछाल के साथ 27.22 फीसदी, उत्तम शुगर्स 7.15 फीसदी की तेजी के साथ 443 रुपये और श्री रेणुका शुगर्स 3.33 फीसदी के उछाल के साथ 56.10 रुपये पर कारोबार कर रहा है.

**चीनी के प्रोडक्शन में कमी की आशंका-** चीनी के प्रोडक्शन में गिरावट की आशंका जाहिर की जा रही है



इसलिए कीमतों में उछाल है. भारत में खराब मौसम के चलते चीनी के उत्पादन में गिरावट देखने को मिल सकती है. साथ ही ब्राजील जो कि दुनिया का दूसरा बड़ा चीनी का उत्पादक देश है वहां भी चीनी के प्रोडक्शन में कमी की आशंका जताई जा रही है. ऐसे में प्रोडक्शन में कमी के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमतों में तेजी उछाल की संभावना जताई जा रही है. यही कारण है कि चीनी कंपनियों के शेयरों की मिठास बढ़ी हुई है.

**चीनी पर सरकार सख्त-** पिछले हफ्ते भारत सरकार ने चीनी की कीमतों और जमाखोरी पर शिंकजा कसने के लिए चीनी के ट्रेडर्स, होलसेलर्स और प्रोसेसर्स के लिए हर सोमवार को चीनी के स्टॉक घोषित करना जरुरी कर दिया है. त्योहारों सीजन और पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के देखते हुए सरकार चीनी को लेकर सख्त होती जा रही है. सरकार का कहना है कि वो उपभोक्ताओं को उचित दाम पर चीनी उपलब्ध कराने के लिए समर्पित है. लेकिन सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद चीनी की कीमतों में उछाल जारी है.

**20 फीसदी तक महंगा हुआ चीनी-** सरकारी आंकड़ों के मुताबिक एक जनवरी 2023 को चीनी का औसत मुल्य 41.45 रुपये किलो था जो 24 सितंबर 2023 को 43.35 रुपये किलो में मिल रहा है. यानि नौ महीने में चीनी की कीमतों में 5.31 फीसदी का उछाल आ चुका है. वहीं अधिकत्तम मुल्य एक जनवरी 2023 को 50 रुपये प्रति किलो था जो 24 सितंबर को 60 रुपये प्रति किलो में मिल रहा है. यानि चीनी के अधिकतम मुल्य में 20 फीसदी का उछाल देखने को मिला है. स्पष्ट है चीनी की बढ़ती कीमतें त्योहारों पर महंगाई बढ़ा सकती है पर चीनी स्टॉक्स में निवेश करने वाले निवेशकों को ये ताजी रास आ रहा है।

## सपाट बंद हुआ शेयर बाजार, 4 दिन की गिरावट के बाद लगी लगाम

**मुंबई।** सेंसेक्स में 4 कारोबारी दिन की गिरावट के बाद मामूली तेजी देखने को मिली है। बीएसई सेंसेक्स 14.54 अंक की मामूली बढ़त के साथ 66,023.69 अंक पर बंद, एनएसई निफ्टी 19,674.55 अंक पर लगभग स्थिर रहा। बीएसई में सबसे अधिक 4.64 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुआ था। दूसरी तरफ विप्रो, टीसीएस, टाटा मोटर्स के शेयरों में आज गिरावट देखने को मिली है। शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी है। सेंसेक्स आज सुबह मामूली बढ़त के साथ 66082.99 पर ओपन हुआ था। लेकिन कुछ ही देर बाद बीएसई में गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 86 अंक से अधिक लुढ़क गया था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी निफ्टी 19,678.30 पर ओपन होने के बाद 19637.35 पर लुढ़क कर आ गया था। बता दें, पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,829.48 अंक या 2.69 प्रतिशत के नुकसान में रहा, वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 518.1 अंक या 2.56 प्रतिशत टूटा।

## रूस क्रूड ऑयल की कम बिक्री से परेशान, भारतीय रिफाइनरों को दिया ज्यादा छूट पर खरीदने का ऑफर

*नई दिल्ली। रूस ने भारतीय रिफाइनरों के लिए सितंबर में कच्चे तेल की बिक्री पर छूट 25-50 प्रतिशत तक बढ़ा दी है। इंडस्ट्री के अधिकारियों ने कहा कि रूस कच्चे तेल के निर्यात पर आपत्ति जता रहा था, लेकिन उनकी आपत्तियों की वजह से भारत के कच्चे तेल आयात में रूस की 42 प्रतिशत से ज्यादा की बाजार हिस्सेदारी खत्म होने का खतरा था। सस्ते रूसी तेल ने अगस्त के सात महीने के निचले स्तर से इस महीने भारतीय खरीद में तेजी ला दी है।*

भारतीय तेल कंपनियों द्वारा गल्फ देशों से आयातित किए जा रहे के कच्चे तेल के तरह ही रूस के बेंचमार्क यूराल (हाई-सल्फर ग्रेड) पर छूट पिछले महीने 3- 4 डॉलर प्रति बैरल के निचले स्तर तक गिर गई थी, लेकिन इस महीने से यह बढ़कर 5- 6 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। **क्यों रूस से महंगा हो गया था कच्चे तेल का आयात-** एक अन्य रिफाइनिंग अधिकारी ने कहा, भारतीय खरीदारों ने तेल व्यापारियों द्वारा सितंबर के अंत और अक्टूबर डिलीवरी के लिए अगस्त के मिड में बातचीत के दौरान बेंचमार्क रूसी यूराल ग्रेड की बिक्री पर छूट कम करने के प्रयासों का विरोध किया, जिससे व्यापारियों को छूट बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इंडस्ट्री के एक अधिकारी ने कहा, भारतीय रिफाइनर को तभी प्रतिस्पर्धी लगता है जब छूट 5 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो जाती है, क्योंकि उन्हें अपनी रिफाइनरियों में प्रोसेसिंग



के लिए यूराल के साथ ब्लेंडिंग करने के लिए महंगे सामानों का आयात करना पड़ता है। इसके अलावा, रूसी तेल के लिए पेमेंट करना एक चुनौती बनी हुई है, ज्यादातर भुगतान अब संयुक्त अरब अमीरात दिरहम में किए जा रहे हैं। 5 डॉलर प्रति बैरल से कम की छूट गल्फ देशों के कच्चे तेल को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाती है।

**रोसनेफ्ट भारत को भेजती है सबसे ज्यादा रूसी तेल-** रोसनेफ्ट भारत को रूसी तेल का सबसे बड़ा निर्यातक है। केप्लर के मुताबिक, इस साल रूस से भारत भेजी गई सप्लाई में इसकी हिस्सेदारी 42 प्रतिशत है। कंपनी ने बिजनेस स्टैंडर्ड को इस बारे में कोई जवाब नहीं दिया कि क्या उसने भारतीय रिफाइनरों के लिए छूट बढ़ाई है। ज्यादातर रूसी तेल शिपमेंट बिचौलियों के माध्यम से भेजे जाते हैं। दुनियाभर में बढ़ रही कच्चे तेल की कीमतों के बीच भारत को होगा फायदा ग्लोबल लेवल पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच ज्यादा छूट से भारत और भारतीय तेल कंपनियों को फायदा हो सकता है।

जेपी मॉर्गन ने चेतावनी दी कि ब्रेंट क्रूड की कीमतें वर्तमान में 93 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 2026 तक 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। अमेरिकी बैंक का अनुमान है कि 2024 में ब्रेंट की कीमतें 90-110 डॉलर प्रति बैरल और 2025 में 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल के बीच रहेंगी, 2025 में आपूर्ति घाटा 1.1 मिलियन बैरल प्रति दिन होगा, जो 2030 में बढ़कर 7.1 मिलियन बैरल प्रति दिन हो जाएगा।

## टीकेएम ने भारत के उत्तरी क्षेत्र में अपने तीसरे ग्रेट 4×4 एक्सपेडिशन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**होशियारपुर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने भारत के उत्तरी क्षेत्र में अपने रोमांचक ग्रेट 4×4 एक्सपेडिशन के तीसरे चरण की शुरुआत की। मई 2023 में, टीकेएम ने अपना शुरुआती 4×4 अभियान भारत के दक्षिणी क्षेत्र (कर्नाटक राज्य के सकलेशपुर - हसन) में प्रारंभ किया था। इसके बाद दूसरा अभियान हाल ही में पश्चिम क्षेत्र के लोनावाला में आयोजित किया गया। कहने की जरूरत नहीं है कि हाल ही में संपन्न दक्षिण और पश्चिम आधारित ग्रेट 4×4 एक्सपेडिशन बाई टोयोटा असीमित उत्साह और रोमांच से भरा था। प्रतिभागियों को विशेष रूप से क्यूरेटेड ड्राइव और लुभावने हरे-भरे परिदृश्यों का आनंद मिला। इस पहल को देश के सभी कोनों - उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम क्षेत्रों से मोटरिंग के उत्साही लोगों को जोड़ने और एकजुट करने के लिए डिज़ाइन किया गया है ताकि देशव्यापी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्रों में पिछले अभियानों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, टीकेएम ने उत्तरी क्षेत्र में होशियारपुर से शुरू होने वाले अपने तीसरे 4×4 अभियान को हरी झंडी दिखाई, जो 4×4 एसयूवी समुदाय को उत्साह जनक अनुभव प्रदान करने और उनके जुनून को बढ़ाने, साहसिक कार्य और सभी के लिए सामूहिक खुशी व गतिशीलता को बढ़ावा देने की टोयोटा की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ग्रेट 4×4 एक्सपेडिशन बाय टोयोटा के तीसरे संस्करण पर टिप्पणी करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के उपाध्यक्ष बिक्री और रणनीतिक विपणन, श्री अतुल सूद ने कहा,हमारा मानना है कि ग्रेट 4×4 एक्सपेडिशन सिर्फ इलाकों को जीतने के बारे में नहीं है, यह दिलों को जीतने और हर किसी में रोमांच की भावना प्रेरित करने के बारे में है।



## बैंक ने लगा दिया डिफॉल्टर का ठप्पा? मिल सकता है हटवाने का मौका, आरबीआई ने इश्यू किया नया ड्राफ्ट

*नई दिल्ली। रिजर्व बैंक विलफुल डिफॉल्टर को लेकर प्रावधानों में बदलाव करने की तैयारी में है. रिजर्व बैंक के एक नए ड्राफ्ट से न सिर्फ बैंकों के लिए उन ग्राहकों को विलफुल डिफॉल्टर की लिस्ट में डालने का काम आसान और तेज हो जाएगा, जो कर्ज की किस्तें नहीं चुका रहे हैं, बल्कि इस लिस्ट में डले ग्राहक को अपने नाम से डिफॉल्टर का ठप्पा हटवाने का भी मौका मिलेगा.*

**जून में आया था पहला सर्कुलर-** रिजर्व बैंक ने इस संबंध में सबसे पहले जून 2023 में एक सर्कुलर जारी किया था. रिजर्व बैंक के सर्कुलर में यह प्रावधान किया गया गया था कि विलफुल डिफॉल्टर को वन-टाइम सेटलमेंट का मौका सिर्फ तब दिया जाएगा, जब किसी हायर अथॉरिटी से मंजूरी मिलेगी. सर्कुलर की इस बात पर काफी विवाद हो गया था. विपक्षी दलों समेत बैंक यूनियनों ने उसका विरोध किया था.

**ऐसी स्थिति में हटा सकते हैं ठप्पा-** अब रिजर्व बैंक ने विलफुल डिफॉल्टर को लेकर मास्टर डाइरेक्शन का ड्राफ्ट इश्यू किया है. ड्राफ्ट में रिजर्व बैंक ने कहा है कि अगर विलफुल डिफॉल्टर की लिस्ट में कोई अकाउंट शामिल है और उस अकाउंट को लेकर बैंक व कर्जदार सेटलमेंट पर सहमत होते हैं, तो ऐसे मामलों में अकाउंट को विलफुल डिफॉल्टर की लिस्ट से हटाया जा सकता है, लेकिन सिर्फ तभी जब कर्जदार ने सहमति की पूरी रकम का भुगतान कर दिया हो.




**इन्हें कहते हैं विलफुल डिफॉल्टर-** अभी रिजर्व बैंक ने इस ड्राफ्ट पर विभिन्न संबंधित पक्षों से प्रतिक्रियाएं मंगाई है. ड्राफ्ट में यह भी प्रावधान किया गया है कि बैंकों को किसी अकाउंट को विलफुल डिफॉल्टर की लिस्ट में डालने के बारे में छह महीने के भीतर निर्णय लेना होगा. विलफुल डिफॉल्टर वैसे कर्जदारों को कहा जाता है, जो जानबूझकर कर्ज की किस्तें नहीं चुकाते हैं. रिजर्व बैंक ड्राफ्ट पर संबंधित पक्षों की प्रतिक्रियाओं पर गौर करने के बाद अधिसूचना जारी करेगा.

**बीते सालों में कम हुई है संख्या-** देश में विलफुल डिफॉर्टर्स की संख्या को देखें तो पिछले कुछ सालों में इसमें काफी गिरावट आई है. टाइम्स ऑफ इंडिया ने संसद में दिए गए जवाबों के आधार पर बताया है कि 2014-15 में जहां विलफुल डिफॉल्टर्स की संख्या 2,469 थी, 2020-21 में 1,063 रह गई है. इस तरह 6 सालों में विलफुल डिफॉल्टर्स की संख्या आधी से भी कम रह गई है. हालांकि साल भर पहले की तुलना में यह लगभग डबल है. 2019-20 में ऐसे डिफॉल्टर्स की संख्या 597 थी.


### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 16000-17000, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7500-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-11500, फाइन 11500-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10500-11000,फाइन 11000-11500।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3100, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3400-3500, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5200-5500 दुबराज भाटापारा 5000-5100, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5800-6000, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3500-3700, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 9000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4100-4300, फाइन 4300-4400, मुरमुरा-5500-6000, फाइन- 7000-7500, रु.।

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60550 चांदी टंच-74000 चांदी रिफाइन -75000

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60550 चांदी टंच-74000 चांदी रिफाइन -75000


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.14 |
| एक यूरो | 88.14 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 101.56 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53.38 |
| एक जापानी येन | 00.55 |


### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 112 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 122 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 प्रति कि.

जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 77 नेट प्रति किलो

जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. कि लो

(जिंदा थोक फार्म रेट)

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

डॉ. विश्वास

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# डेंगू के डंक से दो मौतों के बाद हरकत में आये जिम्मेदार

## मरीजों की जानकारी नहीं देने पर दो अस्पतालों को नोटिस जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती दो युवकों की डेंगू बीमारी से संदिग्ध मौत के बाद



प्रशासन हरकत में आया है। स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू की बीमारी की रोकथाम के लिए एडवाइजरी जारी की है। जबलपुर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती दो युवकों की डेंगू बीमारी से संदिग्ध मौत के बाद प्रशासन सतर्क है।

स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू की बीमारी की रोकथाम के लिए एडवाइजरी जारी की है। जिन अस्पताल में डेंगू के संदिग्ध व्यक्तियों की मौत हुई है, उन्हें भी नोटिस दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह कछियाना क्षेत्र निवासी दो युवकों की मौत हो गई थी। दोनों युवकों का उपचार अलग-अलग निजी अस्पताल में चल रहा था। डेंगू बीमारी के संक्रमण की जांच के लिए उनका किट टेस्ट करवाया गया था। दोनों का एलाइजा टेस्ट नहीं करवाया गया था। इसके अलावा लगभग दो दर्जन डेंगू के मरीज उपचार के लिए भर्ती है।

सीएचएमओ संजय मिश्रा के अनुसार एक युवक की महाकौशल अस्पताल तथा एक युवक की नेशनल अस्पताल में मौत हुई है। दोनों युवकों का एलाइजा टेस्ट नहीं हुआ था। एलाइजा पॉजीटिव नहीं होने के कारण अधिकारिक तौर पर उनकी मौत डेंगू से नहीं हुई है। मरीजों के संबंध में सूचना नहीं देने के कारण एक अस्पताल प्रबंधक को नोटिस जारी किया गया है और दूसरे को भी जल्द जारी किया जाएगा। डॉ. मिश्रा ने बताया कि इस साल अभी तक डेंगू के 757 टेस्ट किए गए थे। इसमें से 58 टेस्ट पॉजीटिव आए हैं। कोई भी मरीज की स्थिति गंभीर नहीं थी। पानी एकत्र नहीं होने, बुखार आने पर डॉक्टरों से संपर्क करने, फुल कपड़ों का उपयोग करने, मच्छरों को मारने के लिए दवाइयों के उपयोग आदि के संबंध में एडवाइजरी जारी की गई है।

### पैथोलॉजी संचालकों को भी नोटिस जारी

शहर में बढ़ते डेंगू के प्रकोप को देखते हुये सीएचएमओ संजय मिश्रा ने जिले के सभी पैथोलॉजी सेंटर में एक नोटिस भी भेजा है कि जो भी मरीज उनके पास खून की जांच कराने आये उनका खून का सैंपल विक्टोरिया के मलेरिया विभाग में जमा करायें।

# पेड़ से टकराई कार, 5 लोगों की मौत

## शहडोल-उमरिया हाईवे पर हादसा, गाड़ी के परखच्चे उड़े, तीन लोग आपस में रिश्तेदार थे



**उमरिया/शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल में तेज रफ्तार एसयूबी पेड़ से टकरा गई। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों में शहडोल में पदस्थ खनिज इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र त्रिपाठी, अवनीश दुबे जिला प्रबंधक लोक सेवा, प्रकाश जगत संविदा इंजीनियर जिला पंचायत, दिनेश सारीवान सब इंजीनियर गोहपारू और पुष्पेंद्र त्रिपाठी के ममेरे भाई अमित शुक्ला शामिल हैं।

घुनघुटी चौकी प्रभारी एएसआई शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि खनिज इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र त्रिपाठी के भाई अमित शुक्ला का जन्मदिन मनाकर पांचों लोग सेलटोस कार क्रमांक एमपी 18 जेडबी 2942 से उमरिया की तरफ से शहडोल जा रहे थे। इसी दौरान मझगवां के पास हादसा हो गया। सभी की उम्र 35 से 40 वर्ष के बीच थी। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

**घायल अवनीश ने खुद फोन कर साथियों को एक्सीडेंट की जानकारी दी-** पुलिस के मुताबिक हादसे में अवनीश दुबे और दिनेश सारीवान बुरी तरह घायल हुए थे। इनके 5 साथी एक अन्य गाड़ी बोलेरो में थे। बोलेरो सेलटोस से काफी आगे थी और शहडोल पहुंच गई थी। एक्सीडेंट के बाद अवनीश ने खुद इन लोगों को फोन कर एक्सीडेंट होने की बात कही। जानकारी मिलते ही बोलेरो में सवार लोग वापस लौटे। इसके बाद पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची।

दोनों घायलों को शहडोल के श्रीराम अस्पताल लाया गया, जहां अवनीश दुबे की मौत हो गई, वहीं दिनेश सारीवान को जबलपुर रेफर किया जा रहा था, इसी दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। आपस में रिश्तेदार पुष्पेंद्र त्रिपाठी, अवनीश दुबे और अमित शुक्ला रीवा के रहने वाले थे।

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 27 सितंबर को आएंगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपती मुर्मू 27 सितंबर को जबलपुर आएंगी।



राष्ट्रपति ट्रीपल आईटी के सभागार में आयोजित हाईकोर्ट के नये भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वे शामिल होंगी। राष्ट्रपति के विस्तृत कार्यक्रम की अधिकृत घोषणा जल्द की जायेगी। इस बीच राष्ट्रपति के आगमन को लेकर प्रशासन के आला अधिकारी अलर्ट हो गये हैं। सुरक्षा से जुड़े तमाम इंतजामों को लेकर अधिकारियों द्वारा मौके का मुआयना किया गया, राष्ट्रपति के साथ ही राज्यपाल मंगू भाई पटैल और हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमथ, एवं अन्य न्यायाधीश, एवं न्याय क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्व जन और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।





# गोरखपुर-मदनमहल के बीच वाला फ्लाई ओव्हर जनता के लिये खुलेगा

## अधूरे फ्लाई ओव्हर का लोकार्पण कराने की प्रशासन ने शुरू की तैयारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाई ओवर जल्द ही जनता को समर्पित होने जा रहा है। 8 किलोमीटर लंबा बन रहा फ्लावर का एक हिस्सा तकरीबन पूरा हो चुका है। विधानसभा चुनाव से पहले फ्लाईओवर का एक हिस्सा शुरू करने की तैयारी हो चुकी है।

सांसद राकेश सिंह ने बताया की फ्लाइओवर का महानदद्दा से लेकर एलआईसी तक का एक हिस्सा लगभग पूरा हो चुका है जो यातायात के लिए भी तैयार है इसलिए फैसला लिया गया है कि जल्द ही फ्लाइओवर का लोकार्पण किया जाए। ताकि शहर की जनता को यातायात की समस्या से राहत मिल सके। राकेश सिंह ने कहा की फ्लाईओवर के लोकार्पण के लिए परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी चर्चा की गई थी लेकिन उन्होंने प्रदेश सरकार से ही लोकार्पण करने की सलाह दी जिसके बाद निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के सबसे बड़े फ्लावर का लोकार्पण करेंगे। उम्मीद है कि 27 सितंबर को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाथों फ्लाईओवर का लोकार्पण किया जाए।

27 तारीख को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जबलपुर प्रवास है, प्रयास किये जा रहे हैं इसी दिन फ्लाईओवर को जनता के लिये खोल दिया जाये। इसी बात को समझते हुये सोमवार को सुबह प्रशासन के आला अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया। इसमें कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन और एसपी टीके विद्यार्थी के अलावा पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी शामिल रहे।

गौरतलब है कि 2018 में परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने प्रदेश के सबसे लंबे फ्लावर का भूमि पूजन किया था। इसके बाद राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में फ्लाईओवर का काम रुक गया था और बीजेपी की सरकार बनने के बाद फ्लाईओवर का काम शुरू हुआ।

तकरीबन 1000 करोड रुपए की लागत से बनकर तैयार होने वाले फ्लाईओवर का अभी काफी हिस्सा निर्माण के लिए बचा हुआ है।

मदन महल रेलवे स्टेशन के ऊपर बनने वाला केवल स्टेब्रिज अभी पूरा नहीं हुआ है। वही फ्लाईओवर का विस्तारीकरण का काम भी अधूरा है लेकिन विधानसभा चुनाव में फ्लाईओवर का फायदा उठाने की नीयत से एक हिस्से का लोकार्पण करने की तैयारी की गई है।

# सिविल जज भर्ती नियम संशोधन संबंधी मामले का करो निराकरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने सिविल जज भर्ती नियम में किए गए संशोधन की वैधानिकता को चुनौती देने के मामले का निराकरण करने मप्र हाईकोर्ट को निर्देश दिए हैं। जस्टिस हरिकेश राय एवं जस्टिस संजय करोल की खंडपीठ ने ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन को इस संबंध में हाईकोर्ट में याचिका दायर करने स्वतंत्र किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत पहले किसी भी मुद्दे को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की जानी चाहिए। यदि हाईकोर्ट याचिका में उठाए गए मुद्दे को निराकृत नहीं करती, तो सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल की जा सकती है। दरअसल, एसोसिएशन की ओर से सीधे सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर न्यायिक सेवा नियमो में किए गए संशोधन को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता वरुण चोपड़ा, रामेश्वर सिंह ठाकुर व समृद्धि जैन ने बताया चूंकि हाईकोर्ट में पूर्व में छात्रों द्वारा याचिका दायर की गई थी, लेकिन उसे सूचिबद्ध नहीं किया जा रहा था, इसलिए सुको की शरण ली गई।

# समग्र आईडी में महिला का नाम नहीं, नगर पालिका मान रहा मृत

## पति लेकर पहुंचा तो अधिकारी बोले- किसकी पत्नी को पकड़ लाए

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां नगर निगम की लापरवाही के कारण एक जीवित महिला को कागजों में मृत बता दिया गया, जब पति अधिकारियों के सामने पत्नी को लेकर पहुंचा तो अधिकारी ने बेशर्मी से उससे कहा गया कि किसकी पत्नी को ले आए। पूरे मामले में प्रथम दृष्टया दमोह नगर पालिका के अधिकारियों की लापरवाही सामने आ रही है।

जानकारी के अनुसार दमोह शहर के बजरिया वार्ड एक में रहने वाली सुमित रानी राठौर 450 रुपये में मिलने वाली गैस का आवेदन करने मानस भवन पहुंची थी, लेकिन उसे बताया गया कि नई समग्र आईडी में उसका नाम नहीं है, क्योंकि वह तो मृत हो चुकी है। इसके बाद वह नगर पालिका कार्यालय पहुंची, लेकिन उसका नाम नहीं जुड़ा। सुमित रानी ने बताया कि पति दयाचंद राठौर जब पत्नी को साथ लेकर नगर पालिका पहुंचा तो अधिकारियों ने यह कह दिया कि यह किसकी महिला को साथ ले आए। अब महिला बहुत परेशान है, क्योंकि वह जिंदा है और कागज में मृत बताने से उसे शासन की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा। महिला ने बताया कि वह कुछ समय के लिए मथुरा वृंदावन काम के सिलसिले में गई थी और इसी दौरान उनका नाम समग्र आईडी से काटा गया होगा। सबसे बड़ी बात यह है कि उनकी बहन की मौत हुई है और उसका नाम आज भी समग्र आईडी में दर्ज है और वह जिंदा है इसके बाद भी उसे मृत बताकर नाम काट दिया गया।

# भेड़ाघाट, गोसलपुर, देवरी एवं डुंडी स्टेशन पर गाड़ियों के प्रायोगिक ठहराव की अवधि 6 माह और बढ़ी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पमरे के गोसलपुर, देवरी एवं डुंडी स्टेशनों पर तीन-तीन जोड़ी गाडियों तथा भेडाघाट स्टेशन पर एक जोड़ी गाड़ी का विगत छः माह के प्रायोगिक हाल्ट की अवधि को पुनः अगले छः माह तक विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। अब भेडाघाट स्टेशन पर विन्ध्याचल एक्सप्रेस, गोसलपुर स्टेशन पर नर्मदा एक्सप्रेस, रीवा इंटरसिटी तथा विन्ध्याचल एक्सप्रेस, देवरी स्टेशन पर नर्मदा एक्सप्रेस, सिंगरौली इंटरसिटी तथा विन्ध्याचल एक्सप्रेस एवं डुंडी स्टेशन पर नर्मदा एक्सप्रेस, रीवा इंटरसिटी तथा विन्ध्याचल एक्सप्रेस गाड़ी 31 मार्च 2024 तक रूकती रहेंगी।

**प्रायोगिक हाल्ट अवधि की विस्तृत जानकारी** 1- गाड़ी संख्या 18233/18234 इंदौर- बिलासपुर- इंदौर के मध्य प्रतिदिन चलने वाली नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन का गोसलपुर, देवरी एवं डुंडी स्टेशनों पर प्रायोगिक तौर पर दोनो दिशाओं में छ: माह के लिए प्रायोगिक ठहराव को 03 अक्टूबर 2023 तक किया गया था जिसको अब बढ़ाकर 31 मार्च 2024 तक कर दिया गया है।

2- गाड़ी संख्या 11271/11272 इटारसी-भोपाल- इटारसी के मध्य प्रतिदिन चलने वाली विन्ध्याचल एक्सप्रेस ट्रेन का भेडाघाट, गोसलपुर, देवरी एवं डुंडी स्टेशनों पर प्रायोगिक तौर पर दोनों दिशाओं में छः माह के लिए प्रायोगिक ठहराव को 03 अक्टूबर 2023 तक किया गया था, जिसको अब बढ़ाकर 31 मार्च 2024 तक कर दिया गया है।

3- गाड़ी संख्या 22189/22190 जबलपुर-रीवा के मध्य प्रतिदिन चलने वाली रीवा इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का गोसलपुर एवं डुंडी स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनो दिशाओं में छः माह के लिए प्रायोगिक ठहराव को 03 अक्टूबर 2023 तक किया गया था जिसको अब बढ़ाकर 31 मार्च 2024 तक कर दिया गया है।

4- गाड़ी संख्या 11651/11652 जबलपुर-सिंगरौली के मध्य प्रतिदिन चलने वाली सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का देवरी स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनों दिशाओं में छः माह के लिए प्रायोगिक ठहराव को 3 अक्टूबर 2023 तक किया गया था जिसको अब बढ़ाकर 31 मार्च 2024 तक कर दिया गया है. जबलपुर. रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिये पमरे के गोसलपुर, देवरी एवं डुंडी स्टेशनों पर तीन-तीन जोड़ी गाडियों तथा भेड़ाघाट स्टेशन पर एक जोड़ी गाड़ी का विगत छः माह के



प्रायोगिक हाल्ट की अवधि को पुनः अगले छः माह तक विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। अब भेड़ाघाट स्टेशन पर विन्ध्याचल एक्सप्रेस, गोसलपुर स्टेशन पर नर्मदा एक्सप्रेस, रीवा इंटरसिटी तथा विन्ध्याचल एक्सप्रेस, देवरी स्टेशन पर नर्मदा एक्सप्रेस, सिंगरौली इंटरसिटी तथा विन्ध्याचल एक्सप्रेस एवं डुंडी स्टेशन पर नर्मदा एक्सप्रेस, रीवा इंटरसिटी तथा विन्ध्याचल एक्सप्रेस गाड़ी आगामी 31 मार्च 2024 तक रूकती रहेंगी।

# कुएं में गिरा नौ फीट लंबा मगरमच्छ, वन विभाग ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला



**सागर, देशबन्धु।** सागर के महाराजपुर इलाके में तीन दिन पहले कुएं में गिरे नौ फीट लंबे मगरमच्छ का वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया। कुएं में जैसे ही ग्रामीणों ने मगरमच्छ को देखा तो वन विभाग को सूचना दी। जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर मगरमच्छ को कुएं से बाहर निकाला। दरअसल, ग्राम पंचायत महाराजपुर के पनारी रोड पर प्रदीप सेन के खेत में बने कुएं में मगरमच्छ गिर गया था। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी।

वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, वन विभाग ने ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ का रेस्क्यू शुरू किया। कुएं में रस्सियां डालकर मगरमच्छ को बांधा गया, जिसके बाद करीब 30 फीट गहरे कुएं से मगरमच्छ को बाहर निकाला गया।

रेस्क्यू में वन विभाग को करीब एक घंटे की मशक्कत करने के बाद कुएं से मगरमच्छ को बाहर निकाला।

रेस्क्यू के बाद विभाग की टीम मगरमच्छ को साथ लेकर रवाना हो गई। मगरमच्छ को रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के तालाब में छोड़ दिया गया।

# बीजाडांडी में लेखा प्रबंधक 13500 की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला जिले के बीजाडांडी बीएमओ कार्यालय में लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने लेखा प्रबंधक के पद पर पदस्थ शरद झारिया को 13.5 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। लोकायुक्त ने श्रिया आईटी जबलपुर के संचालक जबलपुर निवासी रमेश विश्वकर्मा की शिकायत पर यह कार्रवाई की है।

बताया गया है कि श्रिया आईटी जबलपुर की ओर से बीएमओ कार्यालय बीजाडांडी में कंप्यूटर व सीसीटीवी प्रदाय व इंस्टॉलेशन किया गया था। जिसका अंतिम बिल करीब 34 हजार का भुगतान होना बाकी था। उक्त भुगतान के एवज में बीएमओ कार्यालय बीजाडांडी में पदस्थ लेखपाल शरद झारिया की ओर से 15 हजार की रिश्वत मांगी जा रही थी। श्रिया आईटी जबलपुर के संचालक रमेश विश्वकर्मा ने लोकायुक्त पुलिस से मामले की शिकायत की। जिसके बाद लोकायुक्त की टीम ने सोमवार को



बीएमओ कार्यालय बीजाडांडी में पदस्थ विकासखंड लेखा प्रबंधक शरद झरिया को 13500 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। लोकायुक्त की ओर से आगे की कार्रवाई की जा रही है। ट्रैप दल में लोकायुक्त जबलपुर के निरीक्षक कमल सिंह उईके, निरीक्षक भूपेंद्र कुमार दीवान, उप निरीक्षक शिशिर पांडे सहित 5 सदस्यीय दल शामिल रहा।

# रिश्वतखोर पटवारी पद से बर्खास्त, 5 साल की जेल

**कटनी, देशबन्धु।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के दिए गए निर्देश के पालन में विजयराघवगढ़ के एसडीएम ने रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित किए गए पटवारी राजभान त्रिपाठी को पद से बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया है। बर्खास्त पटवारी राजभान त्रिपाठी को लोकायुक्त जबलपुर ने रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। जिसके बाद विशेष न्यायालय में चालान पेश किए जाने पर 14 नवंबर 2017 को विजयराघवगढ़ के एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। इसके बाद आरोप प्रमाणित होने पर विशेष न्यायालय ने निलंबित पटवारी को 4 वर्ष का सश्रम कारावास और 4 हजार रूपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। साथ ही निर्देशित किया गया है कि अभियुक्त अर्थ दंड की राशि नहीं जमा करता है तो उसे 6 माह का सश्रम कारावास भुगतना होगा। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 4 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया है।


**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 132 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 122 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 112 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 112 |

मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 108 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 108 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 128 |

मोबाइल नं. 9300692405








आसान किस्तों में उपलब्ध

**मिश्रा इन्टरप्राइजेज**

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड
पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496


# राजेश शर्मा सीनियर डीसीएम बने



**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के अनुमोदन पर उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक राजेश शर्मा को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर में पदस्थ किया गया। श्री शर्मा पूर्व में भी इस पद पर पदस्थ रह चुके हैं। इनके अनुभव के कारण ही इनको पुनः पदस्थ किया गया है सभी शुभ चिन्तकों ने बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है।